CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28°C
न्यूनतम : 23°C

हल्द्वानी, सोमवार 18 अगस्त 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 357 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

पेज 2



सूर्य कुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट किया पास

खेल टाइम्स




निर्वाचन आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'

सम्पादकीय



पाकिस्तान में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू 327 लोग गंवा चुके जान

पेज 12

# राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा शुरू

## भाजपा की साजिश एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है: राहुल गांधी

सासाराम, वार्ता

**राहुल गांधी** ने रविवार को बिहार के सासाराम से मतदाता अधिकार यात्रा की शुरुआत की।

यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव जीतने के चार महीने बाद बीजेपी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव जीत जाती है। जबकि ओपिनियन पोल हमारे पक्ष में था। हालांकि जब हमने इसकी गहराई से पड़ताल की, तो पता चला कि विधानसभा चुनाव से पहले हर विधानसभा क्षेत्र में लाखों वोटर जोड़े गए, जिसकी बदौलत भाजपा चुनाव जीत गई। अब यही कारनामा बिहार विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर के जरिये बिहार में किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा हर चुनाव कैसे जीत जाती है। उन्होंने कहा कि एसआईआर के माध्यम से जो वोट चोरी की जा रही है, उसे हम पूरे बिहार की जनता को दिखाएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि यह संविधान और मताधिकार को बचाने की लड़ाई है। हम गरीबों के वोट की चोरी नहीं होने -शेष पृष्ठ दो पर




- बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी यात्रा

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में तीन जगह बादल फटा, सात की मौत

नई दिल्ली, वार्ता

**जम्मू- कश्मीर** व हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं।

जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। वहीं -शेष पृष्ठ दो पर



- बीते तीन दिन में दूसरी घटना, कई घायल, हिमाचल के कुल्लू में भी बादल फटने से तबाही

### मुंबई में भारी बारिश, चंडीगढ़-मनाली हाईवे बंद यूपी में बाढ़ में फंसी गर्भवती की नाव पर मौत

**नई दिल्ली।** कुछ दिन के ब्रेक के बाद मानसून एक बार फिर से एक्टिव हो गया है। हिमालय के राज्यों में बादल फटने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं मैदानी इलाकों बाढ़ का पानी फसलों और रिहायशी इलाकों को नुकसान पहुंचा रहा है। मुंबई शहर, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग के अलावा कोंकण और गोवा में अचानक बाढ़ आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में अस्पताल जा रही गर्भवती महिला की नाव पर ही मौत हो गई। मड़इया गांव बाढ़ के पानी से घिरा है। ऐसे में परिजनों ने प्रसव पीड़ा होने पर नाव से आशा कार्यकर्ता को बुलाया। आशा कार्यकर्ता ने जांच के बाद अस्पताल ले जाने को कहा। पडिण्त और आशा कार्यकर्ता जमुना को नाव में लिटाकर अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मध्य प्रदेश में भी बाढ़ के हालात हैं।

### शुभांशु का स्वदेश आगमन पर भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** एक्सिओम-4 मिशन के तहत आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अमेरिका से स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया।

### उपराष्ट्रपति चुनाव में सीपी राधाकृष्णन होंगे एनडीए के उम्मीदवार



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितम्बर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

# सीईसी की राहुल गांधी को चेतावनी

## सीईसी ने कांग्रेस नेता के आरोपों को किया सिरे से खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। सीईसी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

उन्होंने कहा कि सिर्फ पीपीटी दिखाने से, वो भी जिसमें आंकड़े चुनाव आयोग के नहीं हैं, झूठ सच नहीं हो जाता। आपको सबूत देना होगा। उन्होंने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए चेतावनी दी कि हलफनामा दें या देश से माफी मांगें? तीसरा कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सात दिन में हलफनामा नहीं दिया, तो आरोप निराधार मान लिए जाएंगे। उन्होंने बिहार एसआईआर की कवायद में जल्दबाजी के आरोप पर कहा कि कुछ लोग गुमराह कर रहे हैं कि एसआईआर की कवायद इतनी जल्दी क्यों की जा रही है? आप बताइए कि मतदाता सूची को चुनाव से पहले दुरुस्त करना चाहिए या बाद में? ऐसे में चुनाव आयोग अपना काम ही कर रहा है। जनप्रतिनिधित्व कानून कहता है कि आपको हर चुनाव से पहले मतदाता सूची को दुरुस्त करना होगा। यह चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। फिर सवाल उठा कि क्या चुनाव समिति बिहार के सात करोड़ से ज्यादा मतदाताओं तक पहुंच पाएगी? सच्चाई यह है कि यह काम 24 जून को शुरू हुआ था। पूरी प्रक्रिया लगभग 20 जुलाई तक पूरी हो गई थी। दो एपिक वाले मतदाता कार्ड पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी दो तरह से हो सकते हैं। एक तो ये कि एक व्यक्ति जो पश्चिम बंगाल में है, जो अलग व्यक्ति है, उसके पास एक ईपीआईसी नंबर है और दूसरा व्यक्ति जो हरियाणा में है, उसके पास वही ईपीआईसी नंबर है।



- कहा: हलफनामा दें या देश से माफी मांगें, तीसरा कोई रास्ता नहीं

### सीईसी ने वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग ने जिंदा लोगों को मरा हुआ घोषित कर दिया। इस पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने उन लोगों को भी वोटर लिस्ट से हटा दिया, जिन्होंने अभी लोकसभा चुनाव में वोट डाला था। इस आरोप का भी कोई जवाब नहीं दिया गया। चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस बैक फायर कर गई है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग ने एक बार फिर डिजिटल, मशीन-रीडेबल वोटर रोल देने से इन्कार कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अब सीसीटीवी फुटेज न देने के लिए बहाने पर बहाना बना रही है। पहले वोट चोरी दबे पांव, दुबक कर की, अब एसआईआर के नाम पर खुलेआम की जा रही है।

# SIR विवाद के बीच मोदी का विपक्ष पर तंज

## दिल्ली-एनसीआर को लगभग 11 हजार करोड़ की दी सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी।

उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में दिल्ली खंड का द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 (यूईआर-2) शामिल हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके हैं। जहां ये कार्यक्रम हो रहा है, उस स्थान का नाम रोहिणी, जन्माष्टमी का उल्लास और संयोग से मैं भी द्वारिकाधीश की भूमि से हूं। पूरा माहौल कृष्णमय हो गया है। अगस्त का ये महीना आजादी और क्रांति के रंग में रंगा होता है। आजादी के इसी महोत्सव के बीच आज देश की राजधानी दिल्ली, देश में हो रही विकास क्रांति की साक्षी बन रही है। उन्होंने कहा कि थोड़ी देर पहले दिल्ली को द्वारका एक्सप्रेस वे और अर्बन एक्सटेंशन रोड की कनेक्टिविटी मिली है। इससे दिल्ली के, गुरुग्राम के और पूरे एनसीआर के लोगों की सुविधा बढ़ेगी। दफ्तर आना-जाना, फैक्ट्री आना-जाना और आसान होगा, सभी का समय बचेगा। हमारे -शेष पृष्ठ दो पर



- दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया उद्घाटन
- जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे, वे जनता से दूर हो चुके हैं



## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर विधायक पूजा पाल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी, केस दर्ज

**प्रयागराज।** विधायक पूजा पाल को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटरद्ध पर अभद्र भाषा और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले उमेश यादव के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। यह कार्रवाई अधिवक्ता श्याम चन्द्र पाल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर की गई है। उमेश यादव के ही खिलाफ कौशाम्बी के पिपरी थाने में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि उमेश यादव ने कई बार एक्स पर विधायक पूजा पाल के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया। इससे न केवल चायल क्षेत्र की महिलाओं की भावनाएं आहत हुई बल्कि समूचे समाज को ठेस पहुंची। विशेष रूप से सेफर्ड, पाल, बघेल, धनगर, गडेरिया एवं चरवाहा समाज के लोगों ने इस पर आपत्ति जताई। कर्नलगंज थाना प्रभारी राजेश ने बताया कि तहरीर के आधार पर उमेश यादव के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव की गाय, गांव की तरक्की विजन को साकार करने की तैयारी

**लखनऊ।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई उड़ान देने की दिशा में उप्र गो सेवा आयोग ने पतंजलि योगपीठ के साथ साझा रणनीति बनाई है। हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में उप्र गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के सह-संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से विस्तृत चर्चा की। इस बातचीत में उप्र में गो संरक्षण, पंचगव्य उत्पाद, प्राकृतिक खेती और बायोगैस संयंत्रों के प्रसार को बढ़ावा देने पर सहमति बनी है।

# उत्तर प्रदेश में सुदृढ़ हो रही बैंकिंग व्यवस्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में वित्तीय समावेशन की नीति और सरक. ारी योजनाओं को बैंकों से जोड़ने की रणनीति ने आमजन का विश्वास बैंकिंग व्यवस्था पर और मजबूत किया है। इसके चलते शहरों के साथ-साथ कस्बों और गांवों तक बैंकों का नेटवर्क मजबूत हुआ है। इसके साथ ही, बैंकों का सीडी रेशियो भी बेहतर हुआ है।

जून 2025 के आंकड़ों में इसे स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, जो प्रदेश की आर्थिक मजबूती और बैंकिंग गतिविधियों में आई तेजी को साफ दर्शाते हैं। अधिकृत सूत्रों के अनुसार जून 2025 तक राज्य में बैंकों की जमा राशि 1.86 लाख रुपए करोड़ वृद्धि के साथ 19.39 लाख करोड़ तक पहुंच गई है। जून 2024 की तुलना में यह 10.60 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि रही। वहीं ऋण वितरण के आंकड़े में 0.93 लाख करोड़ रुपए (8.79 प्रतिशत) की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है। जून 2025 में यह कुल 11.45 लाख करोड़ रुपए रहा। यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य में निवेश और क्रेडिट का माहौल लगातार बेहतर हो रहा है। प्रदेश का सीडी रेशियो मार्च 2025 में 59.04 प्रतिशत था, जो जून 2025 में मामूली बढ़त के साथ 59.05 प्रतिशत पर स्थिर रहा। यह स्थिरता संतुलित बैंकिंग व्यवस्था का संकेत देती है। वहीं जिलावार आंकड़े दर्शाते हैं कि कई जिलों में सीडी रेशियो में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 80 फीसदी से अधिक सीडी रेशियो वाले जिलों की संख्या बढ़ रही है।

# अखिलेश ने चुनाव आयोग को दी नसीहत

## कहा- आयोग के साहसी कदम पर टिका कई पीढ़ियों का भविष्य

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि चुनाव आयोग को नसीहत देते हुए कहा है कि उनका एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है।

अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग से यह अपील ऐसे समय में की है, जब लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार के सासाराम जिले से वोट अधिकार यात्रा की शुरुआत की है। कुछ दिनों पहले ही संसद के मानसून सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे को लेकर समूचे विपक्ष ने जोरदार प्रदर्शन किया था। यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आयोग से अनुरोध करते हुए लिखा- चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है।

आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व उनके कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं। उन्होंने लिखा है कि जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलनेवालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है। यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक क़दम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज़ सुननी चाहिए।

# सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात: हाईकोर्ट

■ 21 साल बाद भी दहेज उत्पीड़न के मुकदमे का ट्रायल न शुरू होने पर अदालत ने जताई नाराजगी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 21 साल पुराने दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में अब तक ट्रायल शुरू नहीं होने पर नारा. जगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि सुनवाई में देरी न्याय की नींव पर आघात है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर की अदालत ने मेरठ की सुधा अग्रवाल उर्फ सुधा गर्ग की याचिका स्वीकार कर ली।

मामला मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र का है। कोर्ट ने मुरादाबाद की अदालत को आदेश दिया कि मुकदमे की सुनवाई दिन-प्रतिदिन या साप्ताहिक आधार पर हो, बिना वजह स्थगन न दिया जाए। साथ ही आरोपी अगली तारीख से हर पेशी पर मौजूद रहें। गैर हाजिरी पर आरोपी का बेल बान्ड जब्त कर गैर-जमानती वारंट जारी किए जाएं और जरूरत पड़ने पर आरोपी को हिरासत में लेकर पेश किया जाए। याचिका में बताया गया कि पीड़िता का विवाह 2003 में हुआ। आरोप है कि 2004 में ससुराल वालों ने दहेज की मांग के चलते उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद बच्चों से भी अलग कर दिया गया। पत्नी ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इसी दौरान आरोपियों ने हाईकोर्ट से स्थगन आदेश ले लिया, जो वर्ष 2010 तक चला। स्थगन आदेश खत्म होने के बाद अब तक न गवाही हुई, न आरोप तय हुआ।

## भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने का आरोप

# चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रेस वार्ता के बीच ही मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर पार्टी ने बोला हमला

चुनाव आयोग ने फिर बड़ा झूठ बोला। ये कहना है कांग्रेस पार्टी का। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने रविवार को जब प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी को कड़े शब्दों में माफी मांगने को कहा तो देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत कर काम करने के आरोप लगाए।

खास बात ये रही की प्रेस वार्ता के बीच ही कांग्रेस पार्टी ने पलटवार किया और सोशल मीडिया मीम के सहारे देश की शीर्ष चुनावी संस्था पर हमला बोला। कांग्रेस ने कहा कि चुनाव आयोग का यह दावा कि वह सत्ताधारी पार्टी और विपक्ष के बीच कोई अंतर नहीं करता, हास्यास्पद है। पार्टी ने कहा कि सीईसी ने राहुल गांधी की तरफ से उठाए गए किसी भी प्रश्न का सार्थक उत्तर नहीं दिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग न केवल अपनी अक्षमता बल्कि पक्षपात के लिए भी पूरी तरह से उजागर हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट के 14 अगस्त के आदेश को अक्षरशः लागू करेगा? श्वोट चोरीश के आरोपों पर सीईसी ज्ञानेश कुमार की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने केवल चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए आंकड़ों से ही तथ्यों को उजागर किया है। इससे पहले पार्टी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर वीडियो के उस अंश को भी शेयर किया गया, जिसमें सीईसी ज्ञानेश कुमार कहते सुने जा सकते हैं कि आयोग के सामने पक्ष-विपक्ष कोई नहीं होता। सब बराबर होते हैं। दूसरी विंडो में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की वीडियो क्लिप का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें वे भाजपा से भी हलफनामा मांगने की चुनौती देते सुने जा सकते हैं। एक अन्य सोशल मीडिया मीम में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की एआई जेनरेटेड फोटो का इस्तेमाल किया है। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ दो अन्य निर्वाचन आयुक्तों डा. विवेक जोशी और डा सुखबीर सिंह को भी दिखाया गया है। कार्टून जैसी इस प्रस्तुति में कांग्रेस पार्टी ने पीएम मोदी की तस्वीर के सामने लिखा है, बोल ए रहे हैं, शब्द मेरे हैं। एक अन्य सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पार्टी किसी फिल्म के क्लिप की मीम इस्तेमाल कर आयोग और भाजपा पर मिलीभगत के आरोप लगाए। पार्टी ने इसके साथ बहुत याराना लगता है जुमले का भी इस्तेमाल किया।

### राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा का तंज

**नई दिल्ली।** बिहार के सासाराम से शुरू हुई राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा पर भाजपा ने तंज कसा है। भाजपा नेता सीआर केसवन ने इसे संविधान बदनाम यात्रा करार दिया। वहीं भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि राहुल गांधी झूठ की नींव कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा बिहार भाजपा के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने यात्रा को पंक्चर टायर कहा। राहुल गांधी और कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा बिहार में 16 दिनों तक चलेगी और करीब 1,300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भाजपा नेता सीआर केसवन ने राहुल गांधी पर अलोकतांत्रिक और छलपूर्ण तरीके से भय फैलाने की रणनीति के तहत संविधान खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया।

# सरकारी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को मिलेगी नि:शुल्क एसडीपी

**लखनऊ।** उप्र के सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों को सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके लिए उन्हें डोनर उपलब्ध कराना होगा। वहीं निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों को इसके लिए 9500 रुपए देने होंगे। इस बावत प्रमुख सचिव स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने आदेश जारी कर दिया है।

प्रदेश के मंडलीय चिकित्सालयों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एफरेसिस मशीन लगी हुई हैं। यह मशीन शरीर से प्लेटलेट्स और प्लाज्मा सहित रक्त के विभिन्न तत्वों को अलग करती है। इसके जरिए सिंगल डोनर प्लेटलेट्स (एसडीपी) भी तैयार की जाती है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने स्वास्थ्य महानिद. ेशक को पत्र भेजकर इसका शुल्क निर्धारित कर दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी चिकित्सालयों में भर्ती मरीजों को एफरेसिस मशीन द्वारा एसडीपी की जरूरत पड़ने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह सुविधा डोनर उपलब्ध कराने की स्थिति में ही दी जा सकेगी। वहीं निजी अस्पतालों में इलाज करा रहे मरीजों को एसडीपी कनलिए भुगतान करना होगा।



सेंसेक्स 80597.66
निफ्टी 24631.30



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# जीएसटी सुधार का दिखेगा बाजार पर असर

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों का रुख मुख्य रूप से घरेलू स्तर पर जीएसटी सुधारों की घोषणा के साथ वैश्विक कारकों से प्रभावित होगा।

उम्मीद की जा रही है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में होने वाले बड़े बदलावों की घोषणा का बाजार पर अनुकूल प्रभाव होगा, हालांकि निवेशक और ज्यादा विवरण की प्रतीक्षा कर सकते हैं। इसके अलावा ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस-यूक्रेन संघर्ष के समाधान की दिशा में गति तेज होने की उम्मीद जगी है। देखने वाली बात होगी की दुनिया भर के शेयर बाजारों में इस पर कैसी प्रतिक्रिया रहती है। ट्रंप-पुतिन वार्ता से पहले बीते सप्ताह शेयर बाजारों में तेजी रही। बाजार में चार दिन कारोबार हुआ, जिसमें सोमवार, बुधवार और गुरुवार को तेजी रही, जबकि मंगलवार को गिरावट रही। शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बाजार बंद रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 739.87 अंक (0.93 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में 80,597.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 भी 268 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 24,631.30 अंक पर पहुंच गया।



लगातार छह साप्ताहिक गिरावट के बाद शेयर बाजारों में तेजी आई है। वहीं 100 शेयरों पर आधारित निफ्टी-100 सूचकांक में 1.17 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.89 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.68 प्रतिशत बढ़त में रहा। सेंसेक्स की 30 में से 23 कंपनियों में साप्ताहिक तेजी रही, जबकि सात अन्य कंपनियों में गिरावट दर्ज की गयी। सप्ताह के दौरान इटरनल का शेयर सबसे अधिक 5.83 प्रतिशत चढ़ा। टाटा मोटर्स में 4.93 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.79 फीसदी और सनफार्मा में 3.52 फीसदी की तेजी रही। भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 2.75 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 2.72 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 2.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी, इंफोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज में साप्ताहिक बढ़त दर्ज की गई। अडानी पोर्ट्स ने सबसे ज्यादा 1.79 प्रतिशत का नुकसान उठाया। बजाज फाइनेंस में 1.76 प्रतिशत, टाटा स्टील में 1.71 प्रतिशत और आईटीसी में 0.72 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही। आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर और टीसीएस के शेयर भी गिर कर बंद हुए।

### रुपये में दो पैसे की मामूली मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लौटी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फिर लिवाल होने से बीते सप्ताह रुपए में भी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण गत सप्ताह चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान भारतीय मुद्रा उतार-चढ़ाव से गुजरती हुई दो पैसे की मजबूती के साथ 87.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पहले के सप्ताह में रुपया 0.49 प्रतिशत टूटकर 87.59 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरों बाजारों की साप्ताहिक तेजी से रुपए को समर्थन मिला। गत सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके अलावा बैंकों ने भी डॉलर की बिकवाली की जिससे रुपए को समर्थन मिला।

# चावल-चीनी नरम, गेहूं महंगा, दालें सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूं के औसत भाव बढ़ गए, जबकि चावल में गिरावट रही। गुड़ और चीनी के साथ दालों में भी नरमी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया।

घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 17 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,785.57 रुपए प्रति क्विंटल पर रही। वहीं गेहूं पांच रुपए महंगा होकर 2,854.79 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत आठ रुपए उतर गई और यह 3,309.36 रुपए प्रति क्विंटल हो गया गया। वनस्पति की औसत कीमत में 38 रुपए प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गई। पाम ऑयल भी 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 23 रुपए और सोयो तेल 49 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल और मूंगफली तेल के दाम स्थिर रहे। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत भाव टूट गए। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 21 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 20 रुपए और तुअर दाल 76 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और दाल मूंग 43.43 रुपए प्रति क्विंटल उतर गयी। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 28 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।

चीनी भी 16 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7937.43 रुपए, मसूर काली 8120.61 रुपए, मूंग दाल 10109.35 रुपए, उड़द दाल 10421.31 रुपए, अरहर दाल 10757.94 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2854.79 रुपए और चावल 3785.57 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4311.90 रुपए और गुड़ 4964.94 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राहुल गांधी ....** देंगे। मतदाता अधिकार यात्रा कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि मैं इस मंच से आपको बता रहा हूं कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव चुराए जा रहे हैं। बीजेपी की ताजा साजिश बिहार में एसआईआर कराने और बिहार के चुनाव भी चुराने की है। हम सब इस मंच पर आपको यह बताने आए हैं कि हम उन्हें यह चुनाव नहीं चुराने देंगे। सांसद राहुल गांधी ने कहा कि पूरा देश जानता है कि चुनाव आयोग क्या कर रहा है। पहले देश को पता नहीं था कि वोट कैसे चुराए जा रहे हैं।, लेकिन हमने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कर दिया कि वोट कैसे चोरी किए जा रहे हैं। मुझे पता है कि पीएम मोदी सही मायने में जातिगत जनगणना नहीं करवाने जा रहे हैं, लेकिन इंडिया ब्लॉक देश में सही मायने में जातिगत जनगणना सुनिश्चित करेगा। हम वोट चोरी को खत्म करेंगे और एसआईआर की सच्चाई को उजागर करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लालू जी, डाक्टर की सलाह के बावजूद यहां आने के लिए आपका तहे दिल से शुक्रिया।

**जम्मू-कश्मीर...** हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश में तबाही नहीं थम रही। रविवार सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है। वहीं, मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर में 19 अगस्त तक तेज बारिश की संभावना जताई है। 11 जिलों जम्मू, रियासी, उधमपुर, राजौरी, पुंछ, सांबा, कठुआ, डोडा, किश्तवाड़, रामबन और कश्मीर के कुछ हिस्सों में बादल फटने और लैंडस्लाइड की भी चेतावनी है। रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है।

**एसआईआर....** व्यापारी, कारोबारी और किसानों को विशेष लाभ होने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज का भारत क्या सोच रहा है, उसके सपने और संकल्प क्या हैं? ये सब कुछ आज पूरी दुनिया अनुभव कर रही है। दुनिया, जब भारत को देखती है, परखती है, तो उसकी पहली नजर हमारी राजधानी दिल्ली पर पड़ती है। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां सभी को महसूस हो कि हां, ये विकसित होते भारत की राजधानी है।

दिल्ली को बेहतरीन शहर बनाने का जो बीड़ा हमने उठाया है, वो निरंतर जारी है। आज भी हम सभी इसके साक्षी बने हैं। द्वारका एक्सप्रेस वे हो या फिर अर्बन एक्सटेंशन रोड, ये दोनों सड़कें शानदार बनी हैं। पेरिफेरल एक्सप्रेस वे के बाद अब अर्बन एक्सटेंशन रोड से दिल्ली को बहुत मदद मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि अर्बन एक्सटेंशन रोड की एक और विशेषता है। ये दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने में मदद कर रही है।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भारत ने वर्ल्ड गेम्स में जीते तीन पदक

**● भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगितामें एक रजत और दो कांस्य पदक जीते**

**चीन, वार्ता।** भारत ने वर्ल्ड गेम्स 2025 का समापन रविवार को रिकॉर्ड तीन पदकों के साथ किया। भारत ने चीन के चेंगदू में आयोजित प्रतियोगिता में एक रजत और दो कांस्य जीते। पदकों की संख्या के लिहाज से यह वर्ल्ड गेम्स में भारत का शानदार प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने जर्मनी के कार्लजुए में 1989 में पावरलिफ्टिंग में दो पदक जीते थे। ऋषभ यादव ने व्यक्तिगत पुरुष कंपाउंड तीरंदाजी में कांस्य जीतकर भारत को 2025 वर्ल्ड गेम्स की पदक तालिका में दर्ज कराया। इसके बाद नम्रता बत्रा ने महिलाओं की सांडा 52 किग्रा स्पर्धा में रजत पदक जीता, जो कि वर्ल्ड गेम्स में वुशु में भारत का पहला पदक था। आनंदकुमार वेलकुमार ने भी अपनी लय को बरकरार रखते हुए पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। उन्होंने इस




मल्टी स्पोर्ट द्विवार्षिक प्रतियोगिता में देश के लिए पहला रोलर स्पोर्ट्स पदक जीता। कुछ करीबी मुकाबले भी हुए, जिनमें भारत पदक जीतने से चूक गया। अभिषेक वर्मा मेंस कंपाउंड व्यक्तिगत कांस्य पदक मुकाबले में ऋषभ से हारकर पोडियम पर जगह नहीं बना सके। इसके अलावा, भारतीय बिलियर्ड्स खिलाड़ी शिवम अरोड़ा को मिक्स्ड हेबॉल पूल कांस्य पदक मैच में चीन के तांग चुनशियाओ से 5-4 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, आर्यनपाल सिंह घुमन मेंस 200 मीटर टाइम ट्रायल इनलाइन स्पीड स्केटिंग ट्रैक स्पर्धा में 0-083 सेकेंड से कांस्य पदक से चूक गए।

# सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास किया

**● एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, 19 अगस्त को टीम सिलेक्शन में होंगे शामिल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितम्बर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।

सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डामेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था कि लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है। आईपीएल 2025 में दूसरे टाप रन स्कोरर सूर्यकुमार यादव ने आईपीएल 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सीजन में 717 रन बनाए और मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बने। पूरे टूर्नामेंट में वे दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, केवल गुजरात टाइटंस के



साई सुदर्शन (759 रन) उनसे आगे रहे। भारत का पहला मैच यूएई से भारत, पाक, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हान्ग कान्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितम्बर को यूएई, 14 को पाक और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाक ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितम्बर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितम्बर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टाप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मैच भी हो सकता है।

## देविका ने जीता मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 का खिताब

**मलेशिया, वार्ता।** भारतीय शटलर देविका सिहाग ने रविवार को मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन 2025 टूर्नामेंट में हमवतन ईशारानी बरुआ को हराकर महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यहां 25 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 100वें स्थान पर काबिज देविका ने पांचवीं वरीयता प्राप्त ईशारानी को 15-7, 15-12 से हराया। देविका सिहाग के करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय चैलेंज खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2024 में इंटरनेशनल सीरीज लेवल पर स्वीडिश ओपन और पुर्तगाल इंटरनेशनल खिताब जीते थे। इससे पहले मलेशिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में देविका ने पूर्व जूनियर विश्व नंबर वन व चौथी वरीयता प्राप्त मीर को रौंदा।

# एशियाई युवा पैरा खेलों के 'लोगो' का अनावरण

**● एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशियाभर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे**

**दुबई, वार्ता।** दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों की आयोजन समिति ने एपीसी सम्मेलन और आम सभा के दौरान अपने लोगो का अनावरण किया, जो इस क्षेत्र के सबसे समावेशी खेल आयोजनों में एक और रोमांचक मील का पत्थर साबित होगा।

दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा गेम्स में एशिया भर के 45 देशों के लगभग 1500 युवा पैरा एथलीट 7 से 14 दिसंबर तक 11 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। नया लॉन्च किया गया लोगो, जिसमें चार प्रमुख तत्व शामिल हैं, पैरा खेलों की जीवंत भावना को दर्शाता है और साथ ही दुबई की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को एक गौरवशाली मेजबान शहर के रूप में दर्शाता है। डिज़ाइन के प्रत्येक तत्व का एक विशेष अर्थ है:

**दुबई:** मेजबान शहर, नवाचार और समावेशिता का प्रतिनिधित्व करता है। **ज्वाला:** गति, जुनून और ऊर्जा का प्रतीक - ऐसे गुण जो युवाओं और खेल दोनों को परिभाषित करते हैं। एथलीट और व्हीलचेयर मोशन आइकॉन: पैरा एथलीटों की सक्रियता और युवाओं की गतिशील भावना का प्रतिनिधित्व। **पाम जुमेराह:** दुबई का एक विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त स्थल, जो स्थानीय पहचान को भव्यता और आधुनिकता के साथ सुदृढ़ करता है। इस बीच, इस कार्यक्रम में 'बॉर्न टू राइज' स्लोगन का भी अनावरण किया गया - यह स्लोगन पूरे एशिया के युवा पैरा-एथलीटों के उत्साह, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन को दर्शाता है। एशियाई पैरालंपिक अध्यक्ष माजिद रशीद ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह एशियाई पैरालंपिक परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एशियाई युवा पैरा खेल लचीलेपन, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का उत्सव हैं, और हमारे एथलीट हमारे मिशन के केंद्र में हैं। यह घोषणा सभी प्रतिभागियों के लिए खेलों की तैयारी के दौरान स्पष्टता भी प्रदान करती है। हम स्थानीय आयोजकों को खेलों की दूसरी बार मेजबानी की तैयारी में उनके समर्पण और प्रतिबद्धता के लिए तहे दिल से धन्यवाद देते हैं। एशियाई युवा पैरा खेल, युवा सशक्तिकरण के एपीसी के मिशन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और हम दुबई में एक और शानदार आयोजन की दिशा में हो रही प्रगति को देखकर रोमांचित हैं। रशीद ने आगे कहा कि हमें विश्वास है कि सुलभता और नवाचार पर अपने जोरदार ध्यान के साथ, दुबई एशिया के युवा पैरा एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक आदर्श मंच प्रदान करेगा। दुबई क्लब फॉर पीपल ऑफ डिटरमिनेशन के अध्यक्ष और खेलों के स्थानीय आयोजक, थानी जुमा बेरेगाड ने एक वीडियो संदेश में कहा कि लोगो का अनावरण करना हमारे लिए गर्व का क्षण है। समय की कमी के कारण हमें जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, उसके बावजूद, इन चैंपियनशिप के उद्देश्य और युवा प्रतिभाओं को तराशने में उनकी भूमिका में हमारे गहरे विश्वास ने हमें इस चुनौती को एक अवसर में बदलने की प्रेरणा दी।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने इंडिया 'ए' को हराया

**● एलीसा हीली ने नाबाद 137 रन और विल्सन ने 59 रनों की पारी खेली, तालिया ने तीन विकेट लिए**

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** तालिया मैक्ग्रा (तीन विकेट) के बाद एलिसा हीली (नाबाद 137) और तालिया विल्सन (59) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए महिला टीम ने रविवार को तीसर एकदिवसीय मुकाबले में इंडिया ए को 133 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज में स्वयं का सुपड़ा साफ होने से बचा लिया।

इंडिया ए यह सीरीज 2-1 से जीती है। 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ए के लिए तालिया विल्सन और एलिसा हीली की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े। 17वें ओवर में राधा यादव ने तालिया विल्सन 51 गेंदों में




59 रन को आउटकर इंडिया ए को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी रेचल ट्रेनामैन ने एलिसा हीली के साथ दूसरे विकेट के लिए 85 रनों की अविजित साझेदारी कर अपनी टीम को 27-5 ओवर में एक विकेट पर 222 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। इंडिया ए की ओर से एकमात्र विकेट राधा यादव को मिला। इससे पहले आज यहां इंडिया ए टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंडिया ए के लिए शेफाली वर्मा और नंदिनी कश्यप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करे हुए पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़े। 19वें ओवर में तालिया मैक्ग्रा ने शेफाली वर्मा (52) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में एला हेवर्ड ने नंदिनी कश्यप(28) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया ए को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंडिया के बल्लेबाजी क्रम लड़खड़ा कर विकेट गंवाता चला गया। तेजल हसबनिस (एक) और राघवी बिष्ट (18) रन बनकर आउट हुई। तेजल हसबनिस (42), तनुश्री सरकार (17), मिन्नू मनी (पांच), कप्तान राधा यादव (18), साइमा ठाकोर (शून्य) पर आउट हुई। 48वें ओवर में सियाना जिंजर ने तनुजा कंवर (15) को आउटकर इंडिया ए की पारी का 216 के स्कोर पर अंत कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से तालिया मैक्ग्रा ने आठ ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिये। सियाना लजजर, एला हेवर्ड और अनिका लीरॉइड को दो-दो विकेट मिले। लूसी हैमिल्टन ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अपने अंतिम समय में भी, मैक्सवेल जीत सकते हैं एक और विश्व कप

**केर्न्स, वार्ता।** द. अफ्रीका के खिलाफ निर्णायक टी20 मैच से पहले, मैक्सवेल से पूछा गया कि क्या वनडे से संन्यास लेने के बाद उन्हें अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की समाप्ति तिथि पर विचार करने का मौका मिला है। उन्होंने उत्साह से कहा, 'नहीं।' अगर वह चाहें, तो अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाला टी-20 विश्व कप इस प्रारूप के महान खिलाड़ियों में से एक के लिए एक उपयुक्त शुरुआती बिंदु होगा। यह विश्वास करना मुश्किल है कि वह दो साल और खेल पाएंगे, जबकि 2028 का विश्व कप ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। शनिवार शाम को उन्होंने बल्ले से दिखाया कि वह अब भी क्या कर सकते हैं, 36 गेंदों में नाबाद 62 रनों की शानदार पारी खेलकर एक अनिश्चित लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत की ओर ले गए।

# चोटिल अनाहत एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन में रहीं उपविजेता

**● चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रहीं अनाहत को रिटायर होना पड़ा**

**ऑस्ट्रेलिया, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त चोटिल भारतीय किशोरी अनाहत सिंह रविवार को एनएसडब्ल्यू स्क्वैश बेगा ओपन 2025 के महिला एकल वर्ग में रिटायर होकर उपविजेता रहीं।

यहां खेले गए फाइनल मुकाबले में अनाहत चोटिल होकर रिटायर हुई और उन्हें मिस्र की हबीबा हानी के खिलाफ 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। यह पहली बार है जब वह पीएसए कॉपर-स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रही है। भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत ने पहला गेम 11-9 से जीतकर




शानदार शुरुआत की, लेकिन हानी ने वापसी करते हुए अगले दो गेम अपने नाम कर लिए। चौथे गेम में 4-10 से पिछड़ने के बाद टखने की चोट से जूझ रही अनाहत को प्रतियोगिता से रिटायर होना पड़ा। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी ने अपनी चोट से जूझते हुए मिस्र की नूर खफागी को 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10-12, 11-7) से हराया। अनाहत ने राउंड ऑफ 16 में ऑस्ट्रेलिया की सारा कार्डवेल को 3-0 (11-3, 11-3, 11-4) से हराने के बाद क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की हेले वार्ड को 3-0 (11-4, 11-9, 14-12) से हराया। इससे पहले उन्हें शुरुआती दौर में बाई मिली थी। इस बीच, हबीबा हानी ने सेमीफाइनल में भारत की पाँचवीं वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6) से हराया था।

जन्माष्टमी एवं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान
रामनगर (नैनीताल)
पेयजल की बर्बादी रोकें व पेयजल बिलों का शीघ्र भुगतान करें।
मनोज कुमार गंगवार
अधिशासी अभियन्ता एवं समस्त जल संस्थान स्टाफ

मनोज तिवारी
सदस्य प्रांतीय तदर्थ समिति
जिलाध्यक्ष
उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मुकेश रस्तोगी (पार्षद वार्ड नं0 10, नगर निगम, रुद्रपुर) मो0: 9045865000

15 अगस्त 2025 स्वतंत्रता दिवस की ग्राम वासियों/ क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गौहर अली
(भाजपा नेता)
मंडल अध्यक्ष
भाजपा (अ.मो)
फिस -राजपुर, जसपुर

ग्राम सभा मैंनाझुण्डी, विकास खंड सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर से ग्राम प्रधान अमनदीप कौर पत्नी सरदार अमरीक सिंह पूर्व प्रधान की ओर से क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को रक्षाबंधन, 15 अगस्त, कृष्ण जन्म अस्टमी के शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं

जिला पंचायत 11 सरकड़ा, विकास खंड सितारगंज, जिला ऊधमसिंह नगर से जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायाण / अर्पण नारायाण पुत्र सूरज नारायण की ओर से क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को रक्षाबंधन, 15 अगस्त, कृष्ण जन्म अस्टमी के शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों, प्रदेशवासियों और देशवासियों को रक्षाबंधन, 15 अगस्त, कृष्ण जन्म अस्टमी के शुभ अवसर पर बहुत-बहुत बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार बलविन्दर सिंह
प्रबंधक
दशमेश अकेडमी स्कूल सितारगंज ऊधमसिंहनगर

तारा चन्द्र घिल्डियाल
प्रदेश महामन्त्री
उत्तराखण्ड
लेखपाल संघ
रामनगर

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं
अनुराग अग्रवाल — अध्यक्ष
दीपक जैन — कोषाध्यक्ष
गौरव अग्रवाल — सचिव
रचित मेहरोत्रा — उपाध्यक्ष
लायंस क्लब 321 बी-1 टनकपुर पंचायत

# भू-धंसाव के साथ भारी जलभराव

## बागेश्वर जिले में एक बार फिर आफत की बारिश, 15 मोटर मार्ग अवरुद्ध

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिले में शनिवार की रात से रविवार की सुबह तक हुई भीषण बारिश से कई स्थानों पर भू धंसाव व जलभराव की स्थिति बन गई। लगातार हो रही बारिश से 15 सड़कें यातायात के लिए बंद रही। बता दें कि जिला मुख्यालय के मंडलसेरा में झूला पुल के पास सरयू नदी के तेज बहाव से भू कटाव हो गया है। जिसके चलते गोविंद गिरी के आवासीय मकान खतरे की जद में आ गया है। मंडलसेरा में ही कुशल राम के आवासीय मकान के पास भू कटाव से घर खतरे की जद में है। इसी क्रम में रविवार की सुबह मंडलसेरा में कुंती नाला का सारा पानी आर्मी कैंटीन से मंडलसेरा को आने वाले सड़क में फैल गया। पानी का तेज बहाव देख लोगों में भय के माहौल बना रहा। जिसके बाद सभी लोगों ने सड़क में उतरकर चक्का जाम व प्रशासन के जमकर विरोध किया। यहां पहुंचे अपर जिलाधिकारी व नगर पालिका चेयरमैन सहित अन्य अधिकारियों का लोगो ने घेराव किया। उन्होंने कहा कि वे पिछले दो माह से बारिश का दंश झेल रहे है। प्रशासन द्वारा आज तक उनकी सुध नहीं ली गई। बरसात के सीजन शुरू होते ही उन्होंने प्रशासन से नाली निर्माण करने की मांग की थी। लेकिन तब से आज तक प्रशासन आंख बंद कर बैठा हुआ था। जबकि यहां के लोगों की रात की नींद व दिन का चैन बारिश ने उड़ाई है। हालांकि काफी गहमा गहमी के बाद लोग शांत हुए। उन्होंने एक सप्ताह में समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। चेतवानी देने वालों में किशन राम, मनोज कुमार, कुंवर सिंह, शांति देवी, पुष्पा देवी, खड़क सिंह, हयात सिंह, प्रमोद कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। वहीं, बारिश से एक दर्जन से अधिक सड़क यातायात के लिए बंद हैं। शनिवार की रात हुई बारिश से झटक्वाली के पास ग्वाड गाव लिंक रोड में भूस्खलन हुआ। पहाड़ी से गिरे मलवे में पोकलैंड मशीन दबी। भूस्खलन से ग्वाड पंपिंग पेयजल योजना, पंपिंग स्टेशन और ट्रीटमेंट प्लांट को भी खतरा बना है।



### आपदा प्रभावितों से मिले डीएम

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने तहसील बागेश्वर क्षेत्र के ग्राम हरबाड़ का भ्रमण कर आपदा प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और राहत एवं पुनर्वास कार्यों में त्वरित गति लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तहसील प्रशासन से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम हरबाड़ में भारी वर्षा व भूस्खलन के चलते 07 परिवारों के मकान खतरे की जद में आ गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इन परिवारों को प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी एवं पंचायत घर हरबाड़ में अस्थायी रूप से स्थानांतरित किया गया है। सभी परिवारों को पटवारी के माध्यम से खाद्यान्न किट उपलब्ध कराई गई है। जानकारी के अनुसार, एक आटा चक्की और एक दुकान क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रभावितों को भी खाद्यान्न सामग्री वितरित की गई है। साथ ही क्षेत्र में पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने की सूचना प्राप्त हुई है, जिसके शीघ्र मरम्मत के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा जल संस्थान को दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को राहत कार्य युद्धस्तर पर संचालित करने और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह नजर रखे हुए है।

## अल्मोड़ा की 11 सड़कें बंद

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जिले में बारिश के कारण मलवा और बोल्डर आने से शनिवार को 11 सड़कों पर आवाजाही थम गई। इससे लोगों को यातायात करने में परेशानियों का सामना करना पड़ा। सड़क से जुड़े गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क भी टूट गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। बारिश के कारण नौला-सिरखेत, चचड़खान-सिमलधार, बल्मरा-स्यालदे, बसौली-नाईढौल, गगास-उड़ी महादेव, उड़ीखान- भेटागांव, पपरौली-बल्टा, पंतगांव-रोलापानी ग्रामीण सड़क पर मलवा आ गया। मलवा आने से इन ग्रामीणों सड़कों पर आवाजाही बाधित रही। इससे सड़क के जुड़े ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दिक्कतों से जूझना पड़ा। आवाजाही बंद होने से ग्रामीणों का मुख्य मार्गों से संपर्क कट गया। हालांकि प्रशासन की ओर से जेबीसी से अधिकांश सड़कों को देर शाम तक यातायात के खोल दिया गया। इधर, रविवार को जिला मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में दिन भर रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। जिला आपदा कंट्रोल के मुताबिक, शनिवार सुबह से रविवार सुबह तक 24 घंटों में अल्मोड़ा में 19 मिमी बारिश हुई। जबकि रानीखेत में छह मिमी, चौखुटिया में 25 मिमी, सोमेश्वर में 16 मिमी, द्वाराहाट में 11.5 मिमी, भिकियासैंण में नौ मिमी, जागेश्वर में 22.0 मिमी, ताकुला में 25 मिमी, सल्ट में चार मिमी, जैंती में नौ मिमी, भैंसियाछाना में 26 मिमी, मासी में 18.5 मिमी और शीतलाखेत में सात मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

## निशुल्क शिविर का लाभ उठाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** रविवार को कालाढूंगी के अमन क्लीनिक में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुँचकर शिविर का लाभ उठाया। शिविर में संजीवनी हॉस्पिटल हल्द्वानी के विशेष रूप से टीबी रोग विशेषज्ञ और महिला रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। उन्होंने मरीजों की जांच की। बीमारियों से संबंधित उचित सलाह दी और जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में अमन क्लीनिक के डॉ. अमन तुली के सहयोग और संजीवनी हॉस्पिटल के सौजन्य से आयोजित हुए जिसमें टीबी विशेषज्ञ डा. अंशुल केडिया ने लोगों को बताया कि टीबी पूरी तरह से इलाज योग्य रोग है और इसका समय पर उपचार व नियमित दवा सेवन करना बेहद जरूरी है। वहीं महिला रोग विशेषज्ञ डा. अदिति अरोड़ा ने महिलाओं को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान बताए। में तकरीबन 110 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। आयोजक डा. अमन तुली ने बताया कि इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित किए जाते रहते हैं ताकि जनता को समय-समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान मो. हत कार्की, मीना देवी, प्रकाश तिवारी, मो. साजिम, भानु बिष्ट, संजय सैनी, जुनेद अली, आदित्य तुली, विकास कुमार, मो. आलम आदि ने सहयोग किया।



### खतरा बने पेड़ों को काटकर हटाया

**अल्मोड़ा।** सीएमओ कार्यालय पांडेखोला के समीप सड़क से ऊपर दो सूखे पेड़ दुर्घटनाओं को दावत दें रहे थे। मानसून सीजन में खतरा और बढ़ गया था। स्थानीय नागरिकों की शिकायत के बाद रविवार को फायर सर्विस टीम मौके पर पहुंची। लोगों के लिए खतरा बने दोनों सूखे पेड़ों को वुडन कटर की सहायता से छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर हटाया गया। पार्षद अमित साह मोनू ने बताया कि सड़क से ऊपर सूखे पेड़ दुर्घटनाओं का सबब बने हुए थे। मामले को लेकर जिलाधिकारी और नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया गया। यहां गिरीश धारियाल, मुकेश सिंह पथनी, धीरेंद्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह, पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक, पार्षद ज्योति साह, अभिषेक जोशी व अर्जुन बिष्ट मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया घी संक्रांति पर्व

**अल्मोड़ा।** जिलेभर में लोक पर्व घी संक्रांति रविवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने कुल देवता को नई फसल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि इस पर्व पर घी का सेवन जरूर करना चाहिए। मान्यता अनुसार साल भर कभी भी घी का सेवन नहीं करने वाले लोग भी इस दिन एक चम्मच घी जरूर खाते हैं। प्रमुख तौर पर हरेला पर्व की तर्ज पर यह घी संक्रांति का पर्व भी ऋतु पर आधारित है। एक ओर जहां हरेला बीज बोने व नये पौधे लगाने का प्रतीक है, तो वहीं घी-त्योहार फसलों में बालियां लगने की खुशी का प्रतीक है। घी संक्रांति के दिन इसे खाया जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से किसानों ने बोई फसलों के अंकुरित होने पर कुल देवताओं का पूजन कर सुख -समृद्धि की कामना की। वहीं, नवविवाहित बेटियों के ससुराली ओग देने पहुंचे।

## नन्हे-मुन्ने बच्चे बने कान्हा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक समिति रानीखेत की ओर से शिव मंदिर सभागार में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्यूट कान्हा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने कान्हा की वेश-भूषा में सज कर अपनी नटखट अदाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति अध्यक्ष विमल सती ने बताया कि तीन आयु वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में अभिभावकों ने अपने पाल्यों को उत्साह पूर्वक प्रतिभाग कराया। प्रतियोगिता के 01 आयु वर्ग तक में हितिका तिवारी प्रथम रहीं। 1 से 3 आयु वर्ग में अनंत चौरसिया प्रथम, अव्यान पांडे द्वितीय और रुद्रांश चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं 3 से 5 आयु वर्ग में सारांश सिंह प्रथम, भाग्येश बिष्ट द्वितीय और दिव्यांशी साह तृतीय स्थान पर रहे। विज. ता बच्चों को गीता जोशी, आनंद अग्रवाल ने पुरस्कार प्रदान किए।

### कुकिंग प्रतियोगिता में उत्साह से किया प्रतिभाग

**अल्मोड़ा।** ग्रीन हिल्स संस्था की ओर से रविवार को नगर के एक निजी होटल सभागार में महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा पहाड़ी संस्कृति पर आधारित विभिन्न पकवान बनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ लज्जा पंत, लता बोरा, इला शाह, डा. वसुधा पंत समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मौके पर संस्था की डा. वसुधा पंत ने बताया कि पहाड़ी संस्कृति को बढ़ावा तथा संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में किचन क्वीन, मास्टर सेफ और स्वाद संगिनी चुनी जाएंगी। बताया कि 10 अक्टूबर से नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में आयोजित होने वाले अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल से पूर्व विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## 'नशा नहीं इलाज दो' अभियान आज

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** नशा नहीं इलाज दो अभियान के तहत कल 18 अगस्त, सोमवार को मालधन बाजार, शिक्षण संस्थान व बैंक बंद कार्यक्रम को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है तथा मालधन क्षेत्र के दुकानदारों ने भी बंद को समर्थन दिया है। महिला एकता मंच की मालधन संयोजक विनीता टम्टा ने बताया कि प्रात: 7 बजे से ही महिलाएं बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर आ जाएंगी तथा 10 बजे से मालधन के साम. दायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने व नशे पर रोक लगाने की मांग को लेकर जुलूस भी निकाला जाएगा। सरस्वती जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार मालधन की जनता से स्वास्थ्य सुविधाएं छीनकर मालधन की 40 हजार आबादी के जीवन के संवैधानिक अधिकार पर कुठाराघात किया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। ममता ने जन संपर्क के दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए मालधन क्षेत्र की जनता से कहा कि यदि आप चाहते हैं कि जनता को मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव, आपरेशन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, बच्चों का डाक्टर व 24-7 इमरजेंसी सुविधाएं मिलें, डा. प्रशांत कौशिक व डा अर्चना का ट्रांसफर रद्द किया जाए तो सभी को 18 अगस्त के मालधन बंद का सहयोग और समर्थन करना होगा।जन संपर्क एवं सभा कार्यक्रम में रजनी, ममता, पुष्पा, रेखा, विनीता, सरला, सोनी, कौशल्या, भगवती सरिता आदि महिलाएं शामिल रहीं।



## दीपेन्द्र कोश्यारी ने सुनी जनसमस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**लालकुआं।** वरिष्ठ भाजपा नेता दीपेंद्र कोश्यारी ने बिंदुखत्ता के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जनसमस्याएं सुनी और तमाम समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के साथ ही लंबित समस्याओं को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित किया। सर्वप्रथम दीपेंद्र कोश्यारी तिवारी नगर प्रथम स्थित गंभीर बीमारी से पीड़ित रामकुमार के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रामकुमार के परिजनों को निजी तौर पर आर्थिक मदद प्रदान की और भविष्य में भी हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इसके उपरांत दीपेंद्र कोश्यारी ने गांधीनगर, शास्त्री नगर, इंदिरा नगर द्वितीय, राजीव नगर, संजय नगर, रावत नगर आदि क्षेत्रों में ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से गौला नदी बाढ़ सुरक्षा, आर्थिक सहायता, पेंशन, बिजली, स्वास्थ्य, रोजगार सहित तमाम मूलभूत समस्याओं उनके समक्ष रखा। श्री कोश्यारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि गौला बाढ़ सुरक्षा के लिए वह जल्द जिला. धिकारी से वार्ता कर इसके स्थाई समाधान हेतु हर संभव प्रयास करेंगे। इस दौरान बिंदुखत्ता मंडल अध्यक्ष नवीन पपोला, वरिष्ठ समाजसेवी लाखन सिंह मेहता, रोहन चौधरी, दरपान बिष्ट, सूरज बोरा, त्रिलोक मेहरा, सुरेश आर्या, विक्की चंदोला, त्रिलोक सिंह अधिकारी, लच्छू आर्या, बलवंत राम, बहादुर आर्या साथ दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



## अतिथि शिक्षकों ने चितई मंदिर में लगाई गुहार

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** लंबित मांगों के निराकरण नहीं होने से अतिथि शिक्षकों में रोष है। रविवार को नाराज शिक्षकों ने चितई मंदिर में अर्जी लगाकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं, जल्द जवनरी और जून का मानदेय देने की मांग उठाई। अतिथि शिक्षकों ने कहा कि वह बीते सद साल से दुर्गम और अति दुर्गम विद्यालयों में सेवा दे रहे हैं। पूरी निष्ठा से पठन-पाठन कार्य संचालित किया जा रहा है। इसके बाद भी सरकार उनके हितों का शोषण कर रही है। कहना है कि वह बीते एक साल से जनवरी और जून का मानदेय देने की मांग कर रहे हैं। इसका सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है। तमाम बार सरकार से निवे. दन किए जाने पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इससे उनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। उन्होंने सरकार और शिक्षा विभाग को सद्बुद्ध देने की प्रार्थना की साथ ही न्याय की गुहार लगाई है। यहां संतोष टम्टा, डौलु धौनी, नवल किशोर, कमला वाणी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



## आपदा पीड़ितों के लिए भेजी राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल के नेतृत्व में चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष विनीत कुमार संगल, बाँके बिहारी गोयंका, शक्ति प्रकाश अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अश्विनी छाबड़ा, बीपी गोयल द्वारा रामनगर रोड, स्थित अनन्या होटल से धराली में आपदा प्रभावित पीड़ितों के लिए खाद्य सामग्री से भरे ट्रक को रवाना किया गया। राहत सामग्री से लदे ट्रक को कृषि मंत्री गणेश जोशी, सांसद अजय भट्ट, नगर निगम महापौर दीपक बाली, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि चैम्बर अपने सदस्यों के सहयोग से सदैव सामा. जिक उत्तरदायित्वों एवं आपदा राहत कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करता है। इसी क्रम में धराली में आपदा प्रभावित पीड़ितों के लिए एक ट्रक भर कर खाद्य सामग्री भेजी जा रही है। महापौर दीपक बाली ने भी सभी व्यापारी एवं औद्योगिक संगठनों से आग्रह किया कि वे इस कठिन समय में पीड़ितों की यथासंभव सहायता करें तथा उन्होंने राहत सामग्री भेजे जाने के लिए केजीसीसीआई के प्रयासों की सराहना की जिन्होंने इस कठिन समय में आपदा पीड़ितों के लिए यह सहायता उपलब्ध करायी है। इस अवसर पर काफी संख्या में अन्य उद्यमी एवं गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।



# काशीपुर के स्कूलों में स्वतंत्रता दिवस की धूम

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में प्रबंधक समिति के अध्यक्ष एसपी गुप्ता व प्रबंधक जीडी मठपाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उधर बोर्ड परीक्षा 2025 की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इंटर की वरीयता सूची में प्रथम दो छात्रों को जिनका स्थान 6 व 9वां है उनको 11-11 हजार रूपये और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इंटर के एक छात्र को 2500 रूपये व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। हाईस्कूल की वरीयता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 2500 रूपये व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। इनके विद्यालय शुल्क में भी 40 प्रतिशत की छूट दी गयी है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य त्रिवेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य महेश शर्मा, महानंद व अन्य गणमान्य भी मौजूद थे।

**काशीपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर साई पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण के बाद विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने देश भक्ति की भावना को अपनी रंगा. रंग एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति से प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के संरक्षक स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी के सुपुत्र और विद्यालय के मुख्य प्रबंधक शशांक गहतोड़ी तथा उनकी पुत्रवधू और विद्यालय की प्रबंधिका आस्था गहतोड़ी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वतंत्रता दिवस का यह पवित्र मौका इसलिए भी और विशेष बन जाता है क्योंकि आज ही के दिन विद्यालय के संस्थापक स्व. कैलाश चंद्र गहतोड़ी जी की जयंती भी होती है। उनके सुपुत्र शशांक गहतोड़ी ने विगत वर्ष उनकी याद में 'श्री कैलाश चंद्र गहतोड़ी स्मृति छात्रवृत्ति' की शुरुआत की थी, जिसके अंतर्गत विद्यालय के कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि 80,000/-रूपये वित. रित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के निदेशक चेतन अरोरा ने की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति मोंगा. इंद्रा ने सभी का धन्यवाद किया।



### आशीष बिल्डर्स ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** 'प्रकाश नीलियम' व 'प्रकाश काउंटी' पर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। पूरी साइट को तिरंगे के रंग के गुब्बारों से सजाकर ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान व मिठाई का वितरण किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नूपुर गुप्ता व आशीष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह उपलक्ष्य नये संकल्पों व सफलताओं का है। हमें संगठित होकर नये आयामों को छूना है। हमारा नारा भी है-'नींव विश्वास की'। इस अवसर पर आशीष बिल्डर्स व डेवलपर्स के एमडी आशीष गुप्ता, उनकी धर्मपत्नी नूपुर गुप्ता, अमृत अग्रवाल, भूपेन्द्र यादव, प्राची सोनी, पीहू जैन, पिंकी सिंह, नीरज, सतपाल, मोनू सिंह, कुलदीप बिष्ट, गौरव कुमार, शंकर सिंह, भूपेन्द्र बिष्ट समेत सभी गणमान्य रेजीडेंट्स झंडारोहण में सम्मिलित हुए।



## चुनावों में धांधली लोकतंत्र का अपमान

## कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा पर साधा निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता और राज्य आंदोलनकारी डा. गणेश उपाध्याय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उत्तराखंड सरकार पर पंचायत चुनावों में धांधली और लोकतंत्र के अपमान का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव प्रक्रिया को पहले टालने की कोशिश की और फिर आरक्षण व्यवस्था में गड़बड़ी कर अपने हित साधे। डा. उपाध्याय ने दावा किया कि पंचायत अध्यक्ष पदों पर आरक्षण तय करने में भी सरकार ने पक्षपात किया और प्रशासन व पुलिस ने सत्तारूढ़ दल का पूरा साथ दिया। उन्होंने बताया कि करीब 40 सीटों पर भाजपा नेताओं के रिश्तेदार चुनाव हार गए हैं, जबकि कांग्रेस के वोट प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि पहले पंचायत चुनावों में प्रत्याशियों के व्यक्तित्व को देखकर वोट मिलते थे, लेकिन अब धनबल और निजी स्वार्थ हावी हो गए हैं। भाजपा प्रत्याशी पैसे के बल पर सत्ता हासिल कर रहे हैं और पद का इस्तेमाल लाभ कमाने के लिए कर रहे हैं। डा. उपाध्याय ने भाजपा सरकार पर जिला और ब्लॉक पंचायत सदस्यों को प्रलोभन देकर वोट खरीदने का भी आरोप लगाया। उन्होंने पंचायती राज एक्ट में संशोधन कर नगर निकाय चुनावों में चुनाव चिन्ह की व्यवस्था लागू करने की मांग की। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से बताया कि केवल 35 प्रतिशत ग्रामसभा वोट भाजपा को मिले, जबकि कांग्रेस व निर्दलीयों को 65 प्रतिशत वोट हासिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने उत्तराखंड को राजनी. तिक प्रयोगशाला बना दिया है, जहां बेरोजगारी चरम पर है और युवा सड़कों पर भटक रहे हैं। डा. उपाध्याय ने बेतालघाट में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट गोली चलने की बात से इनकार कर रहे हैं, जबकि चुनाव आयोग ने वहां के थानाध्यक्ष को निलंबित कर दिया है।



## एक नजर...

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** एक किशोरी घर से बिना बताएं कहीं चली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की है। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम पैगा निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि 17 वर्षीय पुत्री बीती 14 अगस्त को घर से बिना बताये कहीं चली गई। उसकी तमाम संभावित स्थानों पर तलाश की गई परंतु उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है।

### नवमी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**काशीपुर।** गोगा नवमी के अवसर पर यहां मानपुर रोड पर पॉलिटेक्निक के समीप प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मेले का आयोजन किया गया। श्रद्धालु यहां स्थित बाबा के थान पर प्रसाद चढ़ाने पहुंचे। बताते चलें कि भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि (गोगाजी का प्रकट दिवस) को मनाई जाने वाली गोगा नवमी का एक समृद्ध इतिहास है जो लोककथाओं और किंवदं. तियों से जुड़ा है। गोगाजी, एक लोक देवता, जिन्हें जाहरवीर गोगा या गुग्गा पीर के नाम से भी जाना जाता है, को समर्पित है। गोगाजी को एक महान योद्धा और सांपों को नियंत्रित करने की दिव्य शक्तियों वाले लोक देवता के रूप में पूजा जाता है। गोगा नवमी के अवसर पर, गोगाजी के भक्त उनके सम्मान में विभिन्न स्थानों पर मेले आयोजित करते हैं, जिनमें काशीपुर भी शामिल है। इन मेलों में राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश जैसे विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं, जबकि काशीपुर में आयोजित मेले में क्षेत्रीय श्रद्धालु पहुंचकर प्रसाद चढ़ाते हैं और गोगाजी के प्रति अपनी आस्था और भक्ति को दर्शाते हैं। मेले में खेल-खिलौने और खान-पान की दुकानें भी लगी हैं, जिन पर लोग जमड़ रहे हैं।

### सुपरवाईजर पर किया हमला, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** सुपर वाईजर से गैर हाजिरी में ड्यूटी न लगाने को लेकर एक सफाई कर्मचारी ने उस पर जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने सुपरवाईजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में एसडीएम कोर्ट जसपुर खुर्द निवासी अंकित कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार ने बताया कि वह नगर निगम में सुपर वाईजर के पद पर कार्यरत है। बीती 11 अगस्त को प्रात: 7 बजे वह खड़कपुर देवीपुरा में सफाई कार्य करा रहा था, तभी उसके अधीन कार्य करने वाला सफाई कर्मचारी आउटस सोर्सिंग (ठेका पर) नरेश पुत्र रमेश निवासी मोहल्ला महेशपुरा बाल्मीकी बस्ती जो गैर हाजिर चल रहा था उसके पास आया और उससे अभद्रता करते हुए कहने लगा कि मेरी गैरहाजिरी में भी हाजिरी लगाना, विरोध करने पर उसने लोहे की राड से जान से मारने की नियत से उस पर वार करते हुए घायल कर दिया, शोर मचाने पर एकत्र लोगों ने उसे नरेश से बचाया। उसने बताया कि जब वह सरकारी अस्तपाल अपना उपचार कराने पहुंचा तो सिर की चोट को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया तब से वह सहोता हॉस्पिटल में उपचाराधीन रहा। शनिवार को पीड़ित सुपरवाईजर ने पुलिस को तहरीर सौंप आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

### आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की मांग

**अल्मोड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याणकारी संस्था की रविवार को नगर के निजी होटल सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर सरकार से जल्द समाधान की मांग उठाई। मौके पर वक्ताओं ने आर्थिक आधार पर आरक्षण देने, क्वारब के पास दरक रही पहाड़ी का स्थाई समाधान निकालने और वाहनों के आवागमन को वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने, धारानौला से एनटीडी तक मिनी बस सेवा संचालित करने, अल्मोड़ा मुख्य बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने समेत कई मांगों को रखा। इस मौके पर जमन सिंह देवड़ी, हयात सिंह गैड़ा, गजेंद्र सिंह रावत, आनंद सिंह सतवाल, हयात सिंह बिष्ट, जसौत सिंह बिष्ट, रूप सिंह बिष्ट समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### जनसंख्या नियंत्रण को लेकर पदयात्रा

**अल्मोड़ा।** जनसंख्या नियंत्रण को लेकर चल रहे अभियान के तहत तलवार दंपत्ति रविवार को अल्मोड़ा पहुंचे। इस दौरान माल रोड में उल्टा चल उन्होंने लोगों से भी जनसंख्या नियंत्रण को लेकर सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में शामिल होने की अपील की। दिनेश तलवार ने बताया कि वे पिछले 32 वर्षों में 400 से अधिक शहरों में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर अभियान चला चुके हैं। कहा कि सरकार एक ओर जहां अन्य समस्याओं पर अरबों रुपय खर्च कर देती है, वहीं जनसंख्या नियंत्रण को लेकर एक भी रुपय खर्च नहीं किया गया है। बताया कि पिछले 32 वर्षों से देश के प्रधानमंत्रियों से इस मुद्दे पर मिलने का समय मांग रहे है, लेकिन आज तक किसी भी प्रधानमंत्री ने मिलने का समय नहीं दिया।

### तारा नेगी को कांग्रेस से निष्कासित

**कालाढूंगी।** हाल में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पार्टी के विरुद्ध कार्य करने भाजपा के ब्लॉक प्रमुख पद के उम्मीदवार का साथ देने को लेकर पार्टी ने तारा नेगी से स्पष्टीकरण मांगा था तारा नेगी द्वारा दिए गए जवाब से कांग्रेस हाई कमान संतुष्ट नहीं हुए जिसके तत्पश्चात् कांग्रेस पार्टी ने तारा नेगी को 6 वर्ष के लिए सदस्यता निष्कासित कर दी बताते चले तारा नेगी पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष के साथ पार्टी के कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं और इस बार भी पत्तापानी से क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव लड़े थे।

# महिला ने फांसी लगाकर जान दी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने घर के कमरे में अंदर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और आनन फानन में लोगों द्वारा उसे सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड-2 गांधीनगर लालकुआं निवासी 42 वर्षीय सुधा पत्नी स्व. राजीव यहां अपनी बेटी के साथ रहती थी। बताया जाता है कि बीती रात वह रोजना की तरह खानाकर अपने कमरे में सो गई। बेटी भी घर में ही सोई थी, लेकिन अगली सुबह बेटी सो कर उठी तो वह सामने मां का शव फंदे से लटक देख चीख पड़ी। घर से बेटी की चीख सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए, और मौके पर पहुंचकर देखा तो शव फंदे से लटका हुआ था। जिसके बाद लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी, और आनन-फानन में महिला को फंदे से नीचे उतार कर सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर मृतका सुधा के परिजनों द्वारा बताया कि हंसता-खेलता परिवार था, लेकिन एक साल पहले अचानक बिखर गया। एक साल पहले सुधा के पति व बेटे की मौत हो गई थी। घर में दो-दो मौतों से उसे सदमा लग गया और वह उबर नहीं पाई। जिसके बाद से वह परेशान रहने लगीं। आशंका जताई जा रही है कि इसी वजह से उन्होंने जान दी। हालांकि पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# 'वीआईपी को बचाया जा रहा है'

## ज्योति मेर हत्याकांड के खुलासे को लेकर धरना जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बुद्ध पार्क में ज्योति हत्याकांड को लेकर जनता का गुस्सा थमने का नाम नहीं ले रहा है। घटना के 19 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं, जिससे आक्रोशित जनता और सामाजिक कार्यकर्ता लगातार धरना बुद्धपार्क में जारी रहा। धरना स्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि जिस तरह से पुलिस इस पूरे मामले को दबाने की कोशिश कर रही है, उससे साफ हो गया कि कहीं न कहीं कोई वीआईपी चेहरा अपराधियों को संरक्षण दे रहा है।



वक्ताओं ने आशंका जताई कि यह मामला अंकित भंडारी हत्याकांड जैसा दूसरा रूप ले रहा है, जहां रसूखदारों को बचाने के लिए प्रशासन ने आंखें मूंद ली थीं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यदि जिले के कप्तान अपराध रोकने में अक्षम हैं, तो उन्हें पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। कहा कि घटना को 19 दिन हो चुके हैं, लेकिन हत्यारे अब तक खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अब केवल न्याय की मांग नहीं, बल्कि सामाजिक जागृति का प्रतीक बन चुका है। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि जब तक मुख्य आरा. पी गिरफ्त में नहीं आते, आंदोलन किसी भी कीमत पर रोका नहीं जाएगा। धरने में पहाड़ी आर्मी के नगर अध्यक्ष फौजी भुवन पांडे, जिला महामंत्री फौजी राजेंद्र कांडपाल, फौजी कमलेश जेठी, राजेंद्र कांडपाल, कविता जीना, हेमा कबड़वाल, आयेंद्र शर्मा, विनोद नेगी, दीप चंद पांडे, कमल पंत, तारादत्त पांडे, सूरज कुमार, बलवत सिंह, धरम राम, कमलेश सिंह, नानक चंद, रवींद्र, दीपक समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## फेरी वाले की सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी।** सड़क हादसे में ई-रिक्शा से फेरी लगाने निकले युवक की जान चली गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जवाहरनगर नगला, पंतनगर निवासी 20 वर्षीय सुकुम सिंह पुत्र शंकर सिंह ई-रिक्शा से फेरी लगाकर अपना जीवन यापन करता था। बीते शनिवार को वह रोजना की तरह ई-रिक्शा से लालकुआं की ओर जा रहा था, तभी सुभाषनगर के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में सुकुम गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्क्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि मृतक सुकुम अपने चाचा के साथ अक्सर फेरी लगाया करता था और इसी काम से वह रोजाना निकलता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# कुमाऊंनी गायिका के पति पर दुष्कर्म का आरोप

## कोर्ट के आदेश पर हुआ मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** एक जानी-मानी कुमाउंनी लोक गायिका के पति के खिलाफ दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से इनकार कर दिया। मामले में पीड़ित महिला ने पहले पुलिस से शिकायत की, लेकिन जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मुखानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली 40 वर्षीय पीड़िता का आरोप है कि आरोपी रितेश जोशी जो एक इवेंट मैनेजर है और एक प्रसिद्ध लोक गायिका का पति है, वर्तमान में कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास इलाके में किराए पर रह रहा है। महिला का आरोप है कि वह किसी तरह रितेश के संपर्क में आई। रितेश ने उसे शादी का भरोसा दिलाया और फिर अपने किराए के कमरे में ले जाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब महिला ने शादी की बात उठाई, तो आरोपी मुकर गया। महिला ने कोतवाली पुलिस में शिकायत दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। थक-हारकर उसने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट ने पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। इधर कोतवाल राज. श कुमार यादव ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यूओयू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## राज्य के 13 जनपदों में खुलेंगे उच्च शिक्षा के विशेष केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राज्य के प्रत्येक जिले में उच्च एवं रोजगार परक शिक्षा के समग्र विकास और प्रचार-प्रसार के लिए विशेष केंद्र खोले जाएंगे, जिनका समन्वय उत्तराखंड मुक्त विश्व. विद्यालय करेगा। विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने कहा कि राज्य सरकार की यह पहल राज्य के युवाओं को विशेष रूप से बालिक. ाओं, महिलाओं को उच्च शिक्षा से जोड़ने और राज्य की आकांक्षाओं के अनुरूप कौशल विकसित करने के साथ-साथ दूरस्थ इलाकों तक गुणवत्तापूर्ण रोजगारपरक शिक्षा पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगी। कुलपति प्रो. लोहनी ने बताया कि यह सुविधा विशेषकर उन लोगों के सपनों को पूरा करने में महत्वपूर्ण साबित होगी जो अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर या नजदीकी शहरों तक भेज पाने में असमर्थ है।



पर्यटन, डिजिटल मार्केटिंग, हिमालयी अध्ययन, एआई, आपदा प्रबंधन, हस्तकला और विरासत अध्ययन संरक्षण जैसे नए रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को विक. सित कर, राज्य के मानव संसाधन को कौशलपरक शिक्षा उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय का पहला लक्ष्य है ताकि उत्तराखंड का युवा आज की मांग के अनुसार अपने को तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि यूओयू के माध्यम से उच्च शिक्षा को भारतीय सेना से जोड़ने के लिए इसी माह बंगाल इंजीनियर्स रेजिमेंट में विशेष अध्ययन केंद्र से संबंधी एमओयू पर हस्ताक्षर किया जा रहा है। विवि चाहता है कि राज्य व देश के हर वर्ग से जुड़कर हर इच्छुक व्यक्ति तक उच्च शिक्षा व रोजगारपरक परक शिक्षा पहुंचाई जाए, जिसे राज्य सरकार के निर्देशन और सहयोग से पूरा किया जायेगा।

# नंदा अष्टमी मेले की तैयारियां



शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** ग्राम सूर्यनगर में रविवार को मां नंदा देवी मंदिर में मेला कमेटी की बैठक हुई। जिसमें मंदिर परिसर की साफ-सफाई के साथ ही आगामी 30 व 31 अगस्त को आयोजित हाने वाले नंदा अष्टमी मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मेले को भव्य एवं उसके सफल संचालन हेतु कार्यकर्ताओं को प्रभार सोंपे गए। बैठक की अध्यक्षता विक्रम सिंह मेहता व संचालक दीपक सिंह मेहता द्वारा किया गया। बैठक में प्रधान पुजारी कुंवर सिंह मेहर, पुरोहित बसंती तिवारी व ग्रामीण भीम सिंह दानू, बलवंत सिंह दानू, पान सिंह रौतेला, दुर्गा सिंह दानू, कुंवर सिंह मेहता, केदार सिंह दानू, बहादुर सिंह (आकाश), दारा सिंह मेहता, विक्रम सिंह मेहता, चंद्र सिंह मेहता, इंद्र सिंह रौतेला, लक्ष्मण सिंह मेहता, चंचल सिंह मेहता, रघुवीर सिंह कोरंगा आदि मौजूद रहे।

# वेद प्रचार कार्यक्रम का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आर्य समाज हल्द्वानी द्वारा आयोजित वेद प्रचार समारोह का समापन रविवार को प्रातः यज्ञ एवं भजनोपदेशों के साथ भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट के प्राचार्य प्रो. विनय विद्यालंकार ने कहा यदि भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना है, तो हमें ऋषियों की विचारधारा और भगवान श्रीकृष्ण के गीता संदेश को वैश्विक मंचों तक पहुँचाना होगा। उन्होंने चार वेदों, उपनिषदों, दर्शन शास्त्रों एवं गीता के अमर उपदेशों को मानवता के लिए जीवनदर्शन बताया और कहा कि प्राचीन भारत की विद्या परंपरा, नालन्दा-तक्षशिला जैसे संस्थानों के माध्यम से विश्व को चरित्र निर्माण की शिक्षा देती रही है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित यज्ञ में नगर के दर्जनों दंपतियों ने यजमान के रूप में भाग लिया। यज्ञ के ब्रह्मा के रूप में प्रो. विद्यालंकार ने वैदिक विधियों से यज्ञ सम्पन्न कराया। यज्ञ के उपरांत बिजनोर से पधारे आचार्य मोहित शास्त्री द्वारा प्रस्तुत भजनोपदेशों ने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान डा. विनय खुल्लर, ममता खुल्लर, अविनाश सेठी, उपमा सेठी, अनुजकान्त खंडेलवाल, चंद्रा खंडेलवाल, डा. अतुल राजपाल, डा. गुंजन राजपाल, विशाल सिंघल, गरिमा सिंघल, रणजीत यादव, अनुराधा यादव, हरीशचंद्र पंत, सावित्री पंत, एसपी अरोड़ा, नरेन्द्र साहनी, अमित भारद्वाज, इन्द्रमोहन, सोबरन शर्मा, पीएल आर्य, हरिप्रसाद आर्य, मनजीत वालिया, संगीता चड्डा, सरिता ग्रोवर, राज. कुमार राजोरिया, विनोद आर्य, संतोष भट्ट, कृष्णकांत, उमेश तिवारी, ललित जोशी, कमलेश भारद्वाज, श्रीकांत खंडेलवाल, दुर्गादत्त त्रिपाठी, अरविंद कुशवाह, सुनील विनायक रहे।



# रामलीला को लेकर बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**शांतिपुरी।** रामलीला की तैयारियों को लेकर रविवार को शांतिपुरी के मां मनसा देवी मंदिर परिसर में चार ग्राम सभाओं की संयुक्त बैठक हुई। जिसमें सर्व सहमति से नई कार्यकारिणी का गठन कर नारायण सिंह बिष्ट अध्यक्ष, चंदन सिंह बिष्ट व बाले सिंह को. रंगा उपाध्यक्ष, खीमानंद त्रिपाठी सचिव सुभाष जोशी उपसचिव व भुवन चंद्र बुधानी कोषाध्यक्ष तथा ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता शेखर त्रिपाठी संरक्षक चुने गए।



बैठक में माह सितम्बर में होने वाली रामलीला मंचन को स्फल बनाने हेतु सब कमेटियों का गठन करने के साथ ही तुरंत प्रभाव से कलाकारों का चयन एवं प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया। जो आगामी सितम्बर माह में रामलीला मंचन आरंभ होने तक जारी रहेगा। बैठक में कमेटी के प्रधान कविता तिवारी, पूर्व अध्यक्ष गोबिन्द सिंह रौतेला, सैनिक संगठन अध्यक्ष दिगम्बर प्रसाद जोशी, भूपाल सिंह दानू,भोला दत्त पाण्डे, जगत सिंह पाल, बहादुर सिंह कोरंगा, पूर्व प्रधान दीपा काण्डपाल, इन्दर सिंह दफौटी, बिशन सिंह कोरंगा, अधिवक्ता आरपी शर्मा आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नोशनल इंक्रीमेंट: 20 से मौन उपवास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सेवानिवृत्त कार्मिक समन्वय समिति की संघ भवन में हुई बैठक में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को केंद्र सरकार की तर्ज पर जनवरी 2006 से नोशनल इंक्रीमेंट देने की मांग दोहराई गई। बैठक में सेवानिवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी रमेश चन्द्र पाण्डे द्वारा 20 अगस्त से बुद्ध पार्क में 48 घंटे के मौन उपवास के निर्णय को समिति का पूर्ण समर्थन मिला। समिति के मुख्य संयोजक नवीन काण्डपाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में नोशनल इंक्रीमेंट, राशिकरण की वसूली की अवधि 10 साल 8 माह किए जाने और वरिष्ठ पेंशनरों को 65, 70, 75 एवं 80 वर्ष की आयु पर क्रमशः 5, 10, 15 और 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि जैसे तीन प्रमुख मुद्दों पर हो रही देरी पर नाराजगी जताई गई।



बैठक में बताया गया कि समिति के प्रांतीय संयोजक सुमन सिंह वाल्दिया ने इस विषय में मुख्य सचिव से वार्ता के लिए पत्र भी भेजा है। वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार संवाद नहीं करती, तो मौन उपवास आंदोलन की जिम्मेदारी शासन की होगी। 20 अगस्त को बुद्ध पार्क में मौन उपवास के समर्थन में धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है और पेंशनर समुदाय से व्यापक भागीदारी की अपील की गई है। इस मौके पर सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजी. नियर्स फोरम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पीसी जोशी' को समिति का संरक्षक नामित किया गया। बैठक को पीसी जोशी, रमेश चन्द्र पाण्डे, लीलाधर पाण्डे, विजय तिवारी, यतीश पन्त, जेसी पन्तोला, भुवन पाण्डे, लक्ष्मण सिंह गौनियां, राजेन्द्र बोरा, यूसी दुर्गापाल, बीसी जोशी, गिरीश जोशी, बीसी पन्त ने संबोधित किया।

## बालिकाओं की मटकी फोड़ का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** मां नंदा सर्वदलीय महिला समिति की ओर से रविवार को नगर में भव्य सांस्कृतिक जुलूस निकाला गया। नगर के सिद्धबाबा नौला, पटलन बाजार से शुरू होकर सांस्कृतिक जुलूस नंदादेवी मंदिर परिसर पहुंचा। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेषभूषा में सज धज जमकर नृत्य और जयकारे लगाये। वहीं, नंदादेवी में बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार नृत्य की प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। देर शाम मटकी ोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। अव्वल बच्चों को समिति की ओर से सम्मानित किया गया। यहां समिति की अध्यक्ष मीना भैसोड़ा, सचिव गीता मेहरा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# मारपीट में आरोपी को एक साल कारावास

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** मारपीट के एक मामले में न्यायालय सिविल जज जूनियर डिविजन भिकियासैंण की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सहायक अभियोजन अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि अगस्त 2024 में पीड़ित हरीश चंद्र जोशी, निवासी तामाढौन स्याल्दे ने शिकायत दर्ज कराई थी। कहा कि उसके पड़ोसी मनमोहन सिंह बीते तीन-चार साल से शराब के नशे में गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते आ रहा था। 18 अगस्त रात नौ बजे आरोपी घर में घुस आया। पत्नी के साथ अभ्रदता की और पत्थरों से हमला कर गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने जमकर हंगामा काटा। आरोपी से जान का खतरा बताते हुए पीड़ित ने देघाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में विवेचना अधिकारी की ओर से विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायालय ने आरा. पी को एक साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।



# सड़क के लिए विधायक से गुहार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** नंधौर नदी में बाढ़ सुरक्षा के स्थाई कराए जाने की मांग को लेकर रविवार को देववाणी परोपकार मिशन ने क्षेत्र प्रतिनिधियों के साथ लाल. कुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट से मुलाकात कर दो सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

देववाणी परोपकार मिशन के अध्यक्ष ईश्वर सुयाल ने विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि लखनमंडी ग्राम सभा के जोगनाली चौराहे से देवी मंदिर तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी अब तक अधूरी है। इस मार्ग पर लगभग 250 परिवार निवास करते हैं, जो नंदौर वाइल्डलाइफ संेचुरी के किनारे होने के कारण अक्सर जंगली जानवरों के खतरे और बरसात में कीचड़-पानी से जूझते हैं।



प्रतिनिधिमंडल ने लोक टाइल, सीसी या डामर रोड बनाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने कहा चोरग. लिया की दुबेलबैड़ा नदी के भू-कटाव को लेकर थी। स्थानीय जनता ने नदी के किनारों पर हो रहे निरंतर कटाव को लेकर चिंता जताई और इसके स्थाई समाधान की मांग की। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य मनमोहन गडकोटी, ग्रामप्रधान ज्योति चौसली, प्रधान प्रतिनिधि दीपक चौसली, भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी, भाजपा नेता आनंद शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता महेश जोशी, बच्ची सिंह, नरेंद्र उमा मेहता, लता देवी, हरीश राम, आनंद तिवारी, मोहन चंद्र जोशी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोरापड़ाव से किशोरी लापता

हल्द्वानी। कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मूलरूप से संदरपूर पीलीभीत निवासी पंचम लाल वर्मा ने बताया कि वह वर्तमान में परिवार के साथ धौलाखेड़ा गोरापड़ाव में किराए पर रहते हैं। पेशे से मजदूर पंचन ने बताया कि बीती 16 अगस्त को उनकी 13 वर्षीय बेटी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। उन्होंने तलाश की काफी कोशिश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।

# कालाढूंगी भाजपा का मज़बूत किला: भगत

## नव निर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों का विधायक ने किया स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** विधायक बंशीधर भगत ने अपने आवास में रविवार को हल्द्वानी ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल और भीमताल ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश बिष्ट समेत ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के पद पर विजयी हुए जनप्रतिनिधियों का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक भगत ने कालाढूंगी विधानसभा को भाजपा का मजबूत किला बताते हुए कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया। हल्द्वानी और कोटाबाग ब्लॉक प्रमुख चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों की शानदार जीत ने क्षेत्र में पार्टी की मजबूत पकड़ को एक बार फिर साबित किया है। विधायक बंशीधर भगत ने अपने आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में तीनों ब्लॉक प्रमुखों का माल्यार्पण और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्याशियों की जीत को कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास का परिणाम बताया। विधायक भगत ने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र भाजपा का मजबूत किला है। यहाँ के कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनता का अटूट समर्थन ही हमारी ताकत है। समारोह में मौजूद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने कहा कि कालाढूंगी विधानसभा विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में भाजपा का एक अभेद्य किला है। इस अवसर पर सुमित्रा प्रसाद, ज्येष्ठ प्रमुख वीरेंद्र सिंह मेहरा, विकास भगत, कंचन उप्रेती, दीपू नेगी, संदीप सनवाल, विक्रम जंतवाल, कमल नयन जोशी, भुवन आर्य, प्रताप बोरा, प्रकाश पटवाल, सुरेश गौड़, प्रमोद तोलिया, दिनेश जोशी, गणेश शाह, विनोद निगल्टिया, ललित नेगी, महेश शर्मा, कमल पांडे, प्रमोद पंत, मनोज जोशी, योगेश तिवारी समेत ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।



# हल्द्वानी के रजत कुमार सती फाइनल में

## कुमाऊं स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में अंकुर शर्मा को दी शिकस्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ऑप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान बैलपड़ाव में चल रही कुमांऊ स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता रविवार को भी जारी रही। सिंगल्स इवेंट के अंडर-45 केटेगरी में रजत कुमार सती हल्द्वानी ने अंकुर शर्मा चूनाखान को कड़े संघर्ष में 7-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में मानस तिवारी ने रवि तेजा को 6-2 से परा. जित कर फाइनल में जगह बनायीं। 45+ आयु वर्ग में अमर जगाती नैनीताल ने मोहित सिंह राठौर रामनगर को 6-3 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वही 55+ आयु वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेश्वर सिंह नैनीताल ने देवेन्द्र सिंह रावत रानीखेत को 6-3 से और दूसरे सेमीफाइनल में हरीश प्रसाद हल्द्वानी ने राजेंद्र सिंह मेहता रानीखेत को 7-5 से पराजित कर फाइनल में दस्तक दी।



टीम चैम्पियनशिप डबल्स इवेंट के फाइनल मैच में नैनीताल येलो ने रामनगर की टीम को 2-1 से पराजित कर ट्राफी और टीम चैम्पियनशिप अपने नाम की। दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष यूटीए सुमित गोयल का स्वागत कार्यवाहक अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, सचिव हेम कुमार पांडेय, उपसचिव अमर जगाती, सीएफओ रजत कुमार सती ने संयुक्त रूप से सम्मान पट्टिका भेंट कर किया। पुरस्कार वितरण समारोह के क्रम में नैनीताल जनपद के वयोवृद्ध टेनिस खिलाड़ी जीएल साह को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, अमर जगाती नैनीताल को टेनिस ऑफ द ईयर 2024-25 और मानस तिवारी को बेस्ट इम्प्रूव्ड प्लेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिला टेनिस एसोसिएशन के सचिव हेम कुमार पांडेय ने बताया कि इस दो दिवसीय टेनिस प्रतियोगिता में कई नए टेनिस खिलाड़ी उभर के आए हैं। यह स्थानीय क्षेत्र में टेनिस खेल के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने आप्टिमम टेनिस एकेडमी के निदेशक डीएस रावत, वरिष्ठ अधिवक्ता ललित बेलवाल, हिमांशु तिवारी, विवेक अग्रवाल, अक्षय बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, देवेंद्र सिंह बिष्ट का सहयोग के लिए आभार जताया।

## सड़क हादसे में पालिका के बाबू इस्लाम घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी नगर पालिका परिषद में बड़े बाबू के पद पर तैनात मोहम्मद इस्लाम शनिवार को किसी कार्य से अपनी मोटर साइकिल स्प्लेंडर पर सवार होकर बाजपुर गए थे। वापसी आते वक्त देर रात लगभग 10 बजे उनकी बाइक को नया गांव के पास पीछे से कोई अज्ञात वाहन सवार टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया जिनको राहगीरों ने कालाढूंगी सरकारी अस्पताल पहुंचा सूचना मिलते ही अस्पताल में परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी और कालाढूंगी अस्पताल में उनका प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उनको हल्द्वानी सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया सुशीला तिवारी में भी जांचे कर हालत नाजुक देख हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया अब उनका इलाज बरेली के राममूर्ति में चल रहा है हालत स्तर बनी हुई हैं। बताते चले 30 अगस्त को मोहमद इस्लाम का रिटरमेंट होना है।

## बागजाला में बेमियादी धरना आज से

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की कार्यकारिणी की बैठक गांव में एक निजी आवास के प्रांगण में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में कल यानि आज 18 अगस्त से बागजाला गांव में होने जा रहे अनिश्चितकालीन धरने की तैयारी की समीक्षा की गई। तय किया गया कि अनिश्चितकालीन धरने के बाद भी यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो इसी क्रम में क्रमिक अनशन और तत्पश्चात आमरण अनशन की ओर बढ़ा जाएगा। बैठक में किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने कहा कि बागजालावासी अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार बागजाला समेत राज्य के तमाम क्षेत्रें में गरीबों के आवास उजाड़ने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि दशकों से वन भूमि, नजूल भूमि पर बसे सभी लोगों को मालिकाना अधिकार दिया जाना चाहिए। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय कहा कि इस राज्य के मुख्यमंत्री पहाड़ से लेकर मैदान तक गरीब जनता को जमीनों से बेदखल करने का काम कर रहे हैं। बैठक में वेद प्रकाश, प्रेम सिंह नयाल, दीवान सिंह बर्गली, चन्दन सिंह मटियाली, दौलत सिंह कुंजवाल, रईस अहमद, कांता, हरक सिंह बिष्ट, नसीम, अनीता, उषा वर्मा, सुनीता, दीपिका तिवारी, बिमला तिवारी, पावती, हेमा देवी, नैन सिंह, अंबादत्त, हेमू पांडे, सुरेन्द्र सिंह नेगी, विक्की नेगी, गिरीश भट्ट आदि मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी गठित




- होशियार पुजारी नगर अध्यक्ष, नवनीत मंत्री, वंशिका शुक्ला तहसील संयोजक बनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खटीमा इकाई का रविवार को गठन किया गया जिसमें विभाग संगठन मंत्री कैलाश बिस्ट,प्रांत मीडिया सह संयोजक सूरज रमोला चुनाव अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। विभाग संयोजक नीरज सिंह धामी एवं दीपेंद्र धामी की देख रेख में एक अहम बैठक भी संपन्न हुई । बैठक में सर्वसम्मति से नगर अध्यक्ष होशियार पुजारी, नगर मंत्री नवनीत राणा,तहसील संयोजक वंशिका शुक्ला, नगर उपाध्यक्ष जतिन पांडे, कॉलेज अध्यक्ष रोहित चंद, कॉलेज मंत्री नितिन रस्तोगी,सह मंत्री प्रदीप सामंत,रोहित रजवार,मनीष यादव, हिमांशु जोशी बनाए गए।नगर मीडिया प्रभारी हिमालय राना,कॉलेज उपाध्यक्ष मयंक चुफाल,आकाश राना,रोहित सामंत कॉलेज मंत्री नितिन रस्तोगी, कॉलेज सह मंत्री नवल अठानी,बाबी कन्याल,पूजा बम,सिमरन बनाए गए। बनाए गए सभी पदाधिकारियों को छात्र हित और समाज हित में समर्पित रहने का आह्वान किया गया।

# किशनपुर क्षेत्र के पोल्ट्री फार्म में हजारों मुर्गियों की मौत

## बर्ड फ्लू की पुष्टि पर प्रशासन अलर्ट

- एक किमी क्षेत्र संक्रमित घोषित, चिकन बिक्री पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** किशनपुर क्षेत्र स्थित एक पोल्ट्री फार्म में हजारों मुर्गियों की अचानक मौत से नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हड़कम्प मच गया। जांच में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एक किमी क्षेत्र को संक्रमित तथा 10 किमी परिधि क्षेत्र को सतर्क घोषित कर दिया है। एसडीएम की निगरानी में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की टीम ने पोल्ट्री फार्म पहुंचकर हजारों मुर्गे मुर्गियों को गड्ढा खोद कर दबवा दिया है।

एसडीएम गौरव पांडे ने स्वीकार किया कि आईवीआरआई बरेली से मिली मेडिकल रिपोर्ट में बर्ड फ्लू संक्रामक रोग पॉजिटिव पाया गया है। क्षेत्र के सभी चिकन की दुकानों को तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही चिकन की बिक्री और परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। सूचना मिलते ही एसडीएम गौरव पांडे, तहस. ीलदार गिरीश चंद त्रिपाठी, ईओ गुरमीत सिंह तथा पशु चिकित्सक डा. मृगेश चौधरी ने संबंधित पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया।

एसडीएम पांडे ने बताया कि आईवीआरआई बरेली से प्राप्त रिपोर्ट में बर्ड फ्लू पॉजिटिव पाया गया है।

इसके बाद एहतियात के तौर पर फार्म में मौजूद सभी मुर्गियों को गहरे गडक्कों में दबा दिया गया। उन्होंने कहा कि नगर और आसपास के इलाकों में चिकन बिक्री पर रोक लगाते हुए हाईवे पर वाहनों की चेकिंग की जा रही है। किसी भी व्यक्ति को मुर्गियों के परिवहन की अनुमति नहीं दी गई है। यदि किसी के पास अवैध रूप से मुर्गियां पाई जाती हैं तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम गौरव पांडे ने जनता से अपील की कि फिलहाल वे पोल्ट्री उत्पादों का सेवन न करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में शौकिया तौर पर मुर्गियां पालने वाले लोग भी सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर पशु चिकित्सकों से तुरंत संपर्क करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि यह कदम जनहित और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाए गए हैं।

नगर एवं आसपास के सभी मीट विक्रेताओं की दुकानें बंद रहेंगी और जब तक हालात सामान्य नहीं होते, तब तक प्रतिबंध प्रभावी रहेगा।

# विधायक के भतीजे को अगवा करने का प्रयास

- ग्रामीणों से घिरता देख कार से युवक को फेंक कर भागे
- पुलिस ने दो बदमाश को दबोचा, दो फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के निवारमुंण्डी गांव में कार में सवार चार बदमाशों द्वारा निवारमुंण्डी निवासी क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के भतीजे अंशुल चौहान को अपहरण कर ले जाते युवकों की घेराबंदी कर ग्राम वासियों द्वारा घेर लिया गया। ग्रामीणों से घिरता देख अपहरणकर्ता चलती कार से अंशुल को फेंक कर भाग गए।



प्राप्त जानकारी अनुसार बीती 15 अगस्त की शाम के समय एक कार संख्या UK16B-0111 में बैठकर चार बदमाश ग्राम निवा. रमुण्डी की गलियों में हूटर बजाकर अपनी सनक को पूरा कर रहे थे। लगातार हूटर बजाकर घूमने से जब अंशुल चौहान ने मना किया तो गाड़ी के शीशे खोलकर हाथ पकड़कर अंशुल चौहान के साथ गाली-गलोच व मारपीट कर कार के अंदर आधा खीच लिया और अंशुल को शीशे पर लटकाए -लटकाए करीब 300 मीटर अगुवा कर ले गए। जब गांव वालों ने मंजर देखा तो गाड़ी के पीछे भागे। गांव वालों को गाड़ी का पीछा करते देख कार सवार बदमाश अंशुल को धक्का देकर भाग गए। अचानक हुई घटना से निवारमंडी के लोग दहशत में आ गए। पीड़ित अंशुल चौहान पुत्र अवधेश निवासी निवारमण्डी की तहरीर के आधार पर कोतवाली जसपुर में मुकदमा पंजीकृत किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद ऊधमसिहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अपराध का संज्ञान लेकर दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए गए। पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में 16 अगस्त को व.उ.नि. जावेद मालिक द्वारा मय फोर्स के रवाना होकर मुखबिर की सूचना पर ग्राम दारापुर ठाकुरद्वारा में मामा के घर में छुपे दो बदमाश जतिन उर्फ सुमित पुत्र भुपेन्द्र सिंह निवासी महुवा डाबरा थाना जसपुर व अरुण सुर्यवंशी पुत्र राजीव कुमार राजपुत निवासी अला. उद्दीनपुर भोगी धामपुर जिला बिजनौर उ.प्र. को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार को बरामद किया गया। अभियुक्तगण से गहनता से की गई पूछताछ में चा बदमाश - जातिन, अरुण, वंश राजपूत, अंश राजपूत द्वारा अपराध किया जाना प्रकाश में आया है। आज 17 अगस्त रविवार को अभियुक्तगण जातिन और अरुण को न्यायालय पेश कर जिला कारागार हल्द्वानी भेजा गया। शेष दो अभियुक्त वंश राजपूत पुत्र पुरषोत्तम सिंह निवासी ग्राम दारापुर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उ.प्र., अंश राजपूत पुत्र हरिओम सिंह निवासी ग्राम दारापुर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद उ.प्र. की तलाश में पुलिस टीम लगातार काम कर रही है।

खुलासा करने वाली पुलिस टीम में वरिष्ठ उ.नि. जावेद मलिक, उ. नि. गोविंद सिंह मेहता, इंद्र सिंह ढेला, संतोष देवरानी, हरीश आर्य, का. अरुण कुमार, दीपक जलाल, प्रशांत कुमार, समीर चौहान, प्रणय राठी, विक्रम सिंह, म. का. सीमा आर्य आदि शामिल रहे।

# कांग्रेसियों ने किया भाजपा सरकार का पुतला दहन

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में धांधली और लोकतंत्र की हत्या का लगाया आरोप
- भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से राज्य में गुंडाराज और जंगलराज कायम: कपड़ी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्य चौक पर विधायक व उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा सरकार पर भारी धांधली और लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए राज्य की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया तथा भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबा. जी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया।

विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने कहा कि सत्ता पक्ष द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर शासन प्रशासन की मिली भगत से चुनाव को प्रभावित करते हुए भारी धांधली की गई है। उन्होंने कहा कि नानकमत्ता, सितारगंज, बेतालघाट, बाजपुर, द्वाराहाट तथा रुद्रप्रयाग आदि जगहों पर खुलेआम गुंडागर्दी की गई। कांग्रेस के जीते हुए प्रत्याशियों को हराकर, वोट निरस्त कर, जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण कर तथा पुलिस के सामने पथराव कर भाजपा कार्यकर्ताओं व शासन प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव को बुरी तरह प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि जहां राज्य सरकार की जिम्मेदारी निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने की होती है वहीं सरकार स्वयं चुनाव में हस्तक्षेप कर रही है और कानून व्यवस्था बनाए रखने की बजाय सत्ता पक्ष ने गुंडागर्दी और अराजकता को बढ़ावा दिया है। विधायक कापड़ी ने कहा कि धार्मिक, पर्यटन और संतों की भूमि के रूप में पहचान बनाने वाले उत्तराखंड में भाजपा सरकार की नीतियों की वजह से गुंडाराज और जंगल राज कायम है। उन्होंने कहा कि नानकमत्ता व सितारगंज में जीते हुए प्रत्याशियों को पराजित दिखाकर तीसरे नंबर के प्रत्याशी को विजई घोषित कर दिया गया। नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के दौरान खुलेआम शासन प्रशासन की मिली भगत से पुलिस की मौजूदगी में जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण किया गया और उनके साथ मारपीट की गई। वहीं बेतालघाट में खुलेआम गोल. ीबारी की गई। बाजपुर में गुंडागर्दी कर चुनाव को प्रभावित किया गया। द्वाराहाट में पुलिस प्रशासन के सामने पथराव किया गया। रुद्रप्रयाग में एक वोट को निरस्त कर कांग्रेस के प्रत्याशी को पराजित घोषित कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस लोकतंत्र की हत्या और सत्ता पक्ष द्वारा किए जा रहे दमन की घोर निंदा करती है और जनता से आह्वान करती है कि वह इस अन्याय के खिलाफ एक जुट होकर अपनी आवाज बुलंद करें। । इस दौरान कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश सिंह राठौर उर्फ बॉबी राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान सिंह, पंकज टम्टा, नरेंद्र आर्या, रमेश रौतेला, सलमान, दान सिंह राणा, राजू सोनकर, नवीन राना, प्रवीण बिष्ट, प्रकाश बिष्ट, नासिर खान, मोहम्मद ताहिर, अरफात अंसारी, रोशन सिंह, रवि अग्रवाल, नीरज कन्याल, दीपक मुंडेला, नूर मुहम्मद, नीरज बिष्ट, सूरज बिष्ट, राहुल कुमार, संजीव पासवान, उपेंद्र कुमार, पंकज बिष्ट, भूपेंद्र गंगवार, उमेद ऐरी, बीरु राणा, प्रदीप कुमार, रेहान अंसारी, फहीम अंसारी तथा रवि बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# पीएम श्री नेहरू राज इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआडाबरा में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने बैंड बाजे व भारत माता की झांकी के साथ राष्ट्रीय प्रेम व तिरंगे की शान में लिखे स्लोगन की तख्ती व तिरंगा झंडा हाथ में लेकर प्रभात फेरी निकाली। रैली में देशभक्ति के गगनचुंबी नारे लगाए। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। विज. ेताओं को शील्ड व नकद इनाम देकर पुरस्कृत किया गया। बच्चों को मिष्ठान वितरण भी किया गया।



विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने ध्वजारोहण किया। कहा कि 15 अगस्त केवल तिरंगा फहराने का दिन नहीं है, बल्कि यह हमारे उन सभी वीरों को याद दिलाने वाला दिन है। इससे पूर्व शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी के नेतृत्व में विद्यालय के प्रार्थना स्थल से बैंड बाजे के साथ आरम्भ हुई प्रभात फेरी नगर पंचायत महुआ डाबरा के विभिन्न रास्तों से होकर निकाली गई ।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल, शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी, अजय कुमार, डॉक्टर तजम्मुल हसन, योगेश पंत, हरि शर्मा, सरीस आलम, उपेंद्र सिंह, अरुण कुमार वर्मा, नाजिम कमर , सतेंद्र कुमार, नीतू सैनी,मोनिका, नूतन रानी, नफीस अहमद, जयवीर सिंह,राम सजीवन, राजवीर सिंह, राजीव कुमार , अरुण कुमार, मनोज कुमार, सोमपाल, नसीम जहां, राम कीर्ति, सुनीता समेत सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

# महिला एकता मंच को क्षेत्र के दुकानदारों का मिला समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नशा नहीं इलाज दो अभियान के तहत सोमवार को मालधन बाजार, शिक्षण संस्थान व बैंक बंद कार्यक्रम को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है और मालधन क्षेत्र के दुकानदारों ने भी बंद को समर्थन दिया है।

महिला एकता मंच की मालधन संयोजक विनीता टम्टा ने बताया कि सोमवार सुबह से ही महिलाएं बंद को सफल बनाने के लिए सड़कों पर आ जाएंगी और सुबह 10 बजे से मालधन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुसार स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने व नशे पर रोक लगाने की मांग को लेकर जुलूस भी निक. ाला जाएगा। सरस्वती जोशी ने कहा कि भाजपा सरकार मालधन की जनता से स्वास्थ्य सुविधाएं छीनकर मालधन की 40 हजार आबादी के जीवन के संविधानिक अधिकार पर कुठाराघात किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। ममता ने जन संपर्क के दौरान नुक्कड सभा को संबोधित करते हुए मालधन क्षेत्र की जनता से कहा कि यदि आप चाहते हैं कि जनता को मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव, आपरेशन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, बच्चों का डाक्टर व 24×7 इमरजेंसी सुविधाएं मिलें, डा. प्रशांत कौशिक व डा अर्चना का ट्रांसफर रद्द किया जाए तो सभी को 18 अगस्त के मालधन बंद का सहयोग और समर्थन करना होगा। जन संपर्क एवं सभा कार्यक्रम में रजनी, ममता, पुष्पा, रेखा, विनीता, सरला, सोनी, कौशल्या, भगवती सरिता आदि महिलाएं शामिल रहीं।



# वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम में रही श्रीकृष्ण जन्म की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदर्श कॉलोनी स्थित वैष्णवी शक्तिपीठ आश्रम ( वैष्णो देवी मंदिर ), स्वर्ग फार्म वाली देवी के स्थान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को सुंदर मालाओं व रंग बिरंगे गुब्बारों से सजा कर भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप की सुंदर झांकी को बनाया गया। भगवान के बाल रूप लड्डू गोपाल को पालने में सजाया गया व भक्तों द्वारा विभिन्न भजनों के माध्यम से इस उत्सव को हर्षौल्लास से मनाया गया।

भजनों की कड़ी में मैनू नचना मोहन के नाल, मैने मोहन को बुलाया है वो आता होगा , राधा रानी कृपा कीजिए , मैनू बड़ा प्यारा लगदा मेरा बंसी वाला, अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, गर श्याम से मिलना है सदा हार के तू रहना , साथी हमारा कौन बनेगा , वृन्दावन चलिए , नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की आदि भजनों की पेशकश की। रात्रि 12:00 बजते ही भगवान श्री कृष्ण के पालने में सबने दर्शन किए व मटकी फोड़ कर भक्तों ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मंदिर महंत श्याम खुराना, राजीव ग्रोवर, राजेश आनंद, जगदीश अरोड़ा, सतनाम सिंह, कपिल, सनी, लक्ष्य शर्मा, अनिल शर्मा, अमित गंभीर, अरविंद मिश्रा, जीतू, अशोक, कंचन, प्रीति ग्रोवर, जया आनंद, निशा, सीमा शर्मा, सुनीता अरोरा, आशा अरोरा आदि लोग मौजूद थे।



# मछलियां पकड़ने गया युवक कोसी बैराज नदी में बहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मोहल्ला बंबाघेर रामनगर निवासी मदन कश्यप पुत्र स्व. भगवान दास उम्र 25 साल रविवार को मछलियां पकड़ने के लिए कोसी बैराज के पास नदी में गया था।

लोगों ने बताया कि साढ़े 11 बजे युवक ने मछली पकड़ने के लिए जाल सहित छलांग लगा दी। कुछ देर बाद वह नदी में बहता हुआ नए पुल के पास पहुंच गया। बताया कि वह अक्सर मछलियां पकड़ता था। लोगों को लगा कि वह मछलियां पकड़ने के लिए ही बीच नदी में गया है। उसके साथ जाल भी दिख रहा था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि युवक की काफी देर तक खोज की गई। बरसात में कोसी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। पानी की रफ्तार भी काफी तेज हैं।

बताया कि बहा युवक तैरना भी बखूबी से जानता है। जाल में फंसकर बहने की आशंका जताई है। बताया कि उसका बड़ा भाई सुनील है। कुछ साल पहले युवक के पिता की मौत हो गई थी। मेहनत मजदूरी युवक करता है।

# पुरानी तहसील को डंपिंग जोन बनाए जाने का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखंड कांग्रेसप्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उमेश राठौर (बॉबी) ने शहर के बीच डंपिंग जोन बनाने का विरोध किया। उन्होंने मामले का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को चेताया। राठौर ने कहा कि डंपिंग जोन को पुरानी तहसील में बना दिया गया है जहां प्रतिदिन ग्रामीण अपने छोटे-छोटे कार्यों के लिए आते हैं। यही नहीं, बगल में ही शहीद स्मारक भी है, जहां उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। ऐसे में यहां कूड़ा फेंके जाने से चारों ओर दुर्गंध फैल रही है।

## एक नजर

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आरबीबी पब्लिक स्कूल में संरक्षक दीना नाथ शर्मा, प्राचार्या आभा रानी पाठक ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत स्वतंत्रता संग्राम एवं आजादी के विषय में बच्चों को विस्तार से बताया गया। बच्चों ने देशभक्ति के गीत एवं कार्यक्रम प्रस्तुत किए । इस मौके पर सुनीता रानी, अंजी रानी, एकता, मनीषा, नरगिश, लक्ष्मी, सुनीता दिवाकर, गीता गंगवार, खुशबू, शारदा व स्कूल स्टाफ मौजूद था।



**वहीं** डिजिटल वर्ड स्कूल में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर एसके सर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, और सलामी लेकर लोगों की इसकी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजादी को दिलाने के लिए सरदार भगत सिंह, सुखदेव जैसे अन्य लोगों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिये, जिस कारण आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं।

# विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ा गया है वार्ड 15: कुरैशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 15 से शिक्षित युवा प्रत्याशी अरमान कुरैशी ने बड़ी तादाद में युवाओं के समर्थन से चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर वार्ड की राजनीति में हलचल मचा दी है। नगर पालिका परिषद के चुनाव की अभी घोषणा नहीं हुई है, परन्तु त्रिस्तरीय चुनाव संपन्न होने के बाद लोगों की यह उम्मीद बलवत हो गई है कि शीघ्र ही नगर पालि. का के चुनाव सरकार कराने की प्रक्रिया शुरू कर देगी। इसी के तहत वार्ड नंबर 15 से युवा शिक्षित निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अरमान कुरैशी ने चुनाव मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है। अरमान कुरैशी ने बताया कि उन्हें वार्ड के युवा वर्ग का समर्थन मिलने से उनकी स्थिति अभी से मजबूत है। सरल, हंसमुख स्वभाव के धनी एवं बेदाग छवि के शिक्षित युवा अरमान कुरैशी ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार उनका वार्ड विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ा गया है। वार्ड के विकास के लिए उन्होंने चुनाव लड़ने का मन बनाया है। वार्ड के विकास के लिए वार्डवासी उनका समर्थन कर विजय श्री दिलाने के लिए अभी से तैयार हैं।



# मेलाघाट व्यापार मंडल के अनिल बने अध्यक्ष और मनोज महामंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** इंडो-नेपाल सीमा स्थित उद्योग व्यापार मंडल अंबेडकर बाजार मेलाघाट की चुनाव प्रक्रिया रविवार को सकुशल संपन्न हो गई। रविवार को उद्योग व्यापार मंडल अंबेडकर बाजार मेलाघाट के अध्यक्ष और महामंत्री पद हेतु पुलिस बल की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न हुआ। वहीं मतदान के बाद मतगणना की कार्यवाही भी संपन्न हुई। मतगणना के बाद चुनाव समिति द्वारा अनिल कुमार को उद्योग व्यापार मंडल अंबेडकर बाजार मेलाघाट का अध्यक्ष तथा मनोज कुमार को महामंत्री घोषित किया गया। चुनावी प्रक्रिया में कुल 170 मतदाताओं में से 164 मतदाताओं ने मतदान किया।

> उपाध्यक्ष पद पर राजेश वर्मा, सचिव पद पर राजदीप गौतम तथा कोषाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार मोर्य निर्विरोध निर्वाचित

वहीं अनिल कुमार ने 98 मत प्राप्त कर विजय हासिल किया जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी रत्नेश कुमार को 42 मत तथा तुलसी प्रसाद को 24 मत मिले। वहीं मनोज कुमार ने 87 मत प्राप्त कर महामंत्री पद पर अपना कब्जा जमाया जबकि इनके निकटतम प्रतिद्वंदी साहेब सिंह को कुल 77 मत मिले। गौरतलब है कि व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पर एक-एक नामांकन होने की वजह से राजेश वर्मा को उपाध्यक्ष, राजदीप गौतम को सचिव तथा आशीष कुमार मौर्य को निर्विरोध कोषाध्यक्ष चुना लिया गया था। वहीं अध्यक्ष और महामंत्री के चुनाव में अनिल कुमार ने अध्यक्ष तथा मनोज कुमार ने महामंत्री पद पर जीत दर्ज कर अपना कब्जा जमाया। वहीं चुनाव समिति के अध्यक्ष डा. राम चंद्र सिंह ने बताया कि मेलाघाट व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री पद के चुनाव हेतु आज मतदान व मतगणना सकुशल संपन्न हो गया। अध्यक्ष पद पर अनिल कुमार तथा महामंत्री पद पर मनोज कुमार को विजई घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई है। वहीं समस्त विजई प्रत्याशियों ने बाजार में गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला तथा आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। वहीं विजई प्रत्याशियों ने समस्त व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरने, व्यापारी हित में सदैव खड़े रहने तथा बाजार के उन्नति व विकास का भरोसा दिलाया। चुनाव समिति में डॉ राम चंद्र सिंह, नारद राय, श्याम नारायण प्रजापति, मोती लाल, कादर खान तथा दीपक कुमार शामिल रहे।

# सांसद अजय भट्ट ने ग्राम छोई स्थित हनुमान धाम में किए दर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नैनीताल के सांसद व पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ग्राम छोई स्थित हनुमान धाम पहुंचे। रामनगर आगमन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। हनुमान धाम पहुंचकर उन्होंने पूजा अर्चना की।उसके बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र खाती,भाजपा नेता शिशुपाल सिंह रावत,नगर आईटी संयोजक मनोज पांडे,महिला भाजपा नेत्री आशा बिष्ट, मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता,अजय कांबोज,पूर्व अध्यक्ष भाजपा सत्यप्रकाश शर्मा,भरत तिवारी, गौरव जोशी,एडवोकेट जगतपाल सिंह रावत,रिटायर्ड सूब. दार विक्रम सिंह बिष्ट,रिटायर्ड हवलदार दीपक सिंह रावत, कुलदीप सिंह रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# कार्की फार्म वेलफेयर सोसाइटी ने धूमधाम के साथ मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

■ राधा कृष्ण की वेशभूषा में नन्हे मुन्ने बच्चों ने मनमोहन प्रस्तुत देकर सभी को। किया मंत्र मुग्ध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** जन्माष्टमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बच्चों ने राधा और कृष्ण का रूप धरकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

यहां टनकपुर में कार्की फॉर्म वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग कर राधा कृष्ण की वेशभूषा में मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक जगदीश चंद्र जोशी ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति पर उनकी सराहना करते हुए उत्साह बढ़ाया।

कहा कि हम सभी को भागवत गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। वही सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए। और फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए।

भजन संध्या में बीबी उत्तराखंड चैनल के गायक अभिनव चौराकोटी और उनके साथी कलाकारों सक्षम कपूर, रॉनित बिष्ट, कनिष्का भंडारी, अभय गडकोटी, तन्मय गहतोड़ी ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी उपस्थित जनों को तालियां बजाने पर विवश कर दिया। सोसाइटी की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष एड. विपिन कुमार वर्मा, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष भुवन जोशी, बाल्मीकि सभा अध्यक्ष सुरेश कुमार, व्यवसायी शैलेन्द्र अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, गजेन्द्र सिंह, जगदीश जोशी, नवल किशोर तिवारी, शेखर पंत, रेखा साहू, रविन्द्र सिंह, कुशल सिंह राणा, धीरज बोहरा, माया जोशी, उषा जोशी, हेमा बिष्ट, किरण भंडारी, ऋतु चौहान, सोनाली बोहरा, पुष्पा भट्ट, राजेंद्र खर्कवाल, राजेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

# पदोन्नति से वंचित शिक्षकों का 18 से पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान

■ प्रधानाचार्य विहीन विद्यालयों में छात्र हो रहे प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वाहन पर 18 अगस्त से होने जा रहे कार्य बहिष्कार को सफल बनाने हेतु जनपद एवं ब्लॉक पदाधिकारियों द्वारा रणनीति तैयार की गई।

जिलाध्यक्ष जगदीश अधिकारी ने बताया कि 18 अगस्त से पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जाएगा, जिसमें जनपद के सभी शिक्षक प्रतिभाग करेंगे। जिला मंत्री प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बताया कि कई वर्षों से पदोन्नति से वंचित शिक्षक पूरे सेवाकाल में एक ही पद से रिटायर हो रहे हैं। श्री उपाध्याय ने बताया कि कई वर्षों से शिक्षकों की पदोन्नति न होने के कारण प्रदेश के 90 प्रतिशत से अधिक विद्यालय प्रधानाचार्य विहीन हैं, जिसका खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। प्रभारी प्रधानाचार्यों को अपने विषय को पढ़ाने के साथ ही सभी प्रशासनिक दायित्वों का भी निर्वहन करना होता है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा पिछले कई वर्षों से शिक्षकों को केवल कोरे आश्वाशन दिए जा रहे हैं। शत-प्रतिशत पदों में पदोन्नति, प्रधानाचार्य सीधी भर्ती का विरोध और स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर प्रदेशभर के शिक्षकों द्वारा 18 अगस्त से मांगें पूरी होने तक पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान किया गया है। बैठक में अनिल कुमार, अल्का ओली, चन्द्र प्रकाश टम्टा, कुंवर प्रथोली, नवीन पाण्डे, विनोद कुमार गड़तोड़ी, सतीश गहतोड़ी, दीपक सिंह अधिकारी, गोविंद मेहता, भूपेश जोशी, नवीन बिष्ट, नगेन्द्र सिंह राणा, सुंदर नाथ गोस्वामी, दीपक चौड़ाकोटी, खिलानंद जोशी, महेश तिवारी आदि ने अपने विचार रखे।

## एक नजर

# पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर भाजपा मंडल कार्यालय टनकपुर में कार्यकर्ताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष तुलसी कुवंर की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यापण पर कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अपने संबोधन में मंडल उपाध्यक्ष रीता कलखुडिया ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई करोड़ो कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत थे। उनके आदर्शों पर चलकर ही देश प्रगति और उन्नति के पथ पर चलकर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने कारगिल युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि अटल बिहारी ने साबित किया था कि भारत किसी के सामने नहीं झुकेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता केदार दत्त जोशी, जिला महामंत्री पूरन मेहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री कुमुद जोशी, हरिश्चंद्र कॉलोनी, शैलेंद्र सिंह, नवीन भट्ट, इंद्रदेव विश्वकर्मा, विनोद गडकोटी, रीता कलखुडिया, लोकेंद्र मोनी, कांति बल्लभ जोशी, नरेंद्र धामी, सौरभ गुप्ता, कोमल गिरी, सुमन कश्यप, नीलम कश्यप, शशांक गोयल, योगेश चंद, हरीश भट्ट आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्रदीप शर्मा ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में किया फ्रीजर दान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुक्ति धाम के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान मिला है। प्रदीप शर्मा (टैंक भाई) ने अपने स्वर्गीय माता-पिता की पुण्य स्मृति में मुक्ति धाम को एक फ्रीजर का दान कर उल्लेखनीय व सराहनीय कार्य किया है। टैंक भाई इससे पहले भी एक फ्रीजर तथा ठंडे पानी की मशीन मझोला में और एक ठंडे पानी की मशीन लोहिया पुल स्थित मंदिर में दान कर चुके हैं। वहीं शर्मा परिवार के इस उल्लेखनीय और सराहनीय कार्य हेतु क्षेत्र के लोगों ने उनको बधाई और साधुवाद दिया है।

# अचेत अवस्था में मिले मजदूर युवक ने तोड़ा दम

■ हल्दी के समीप रेलवे पटरी के किनारे अचेत पड़ा था बरखेड़ा पीलीभीत निवासी युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रेलवे पटरी के किनारे अचेत अवस्था में पड़े युवक को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवा दिया।

रविवार को ग्रामीणों ने पीलीभीत रोड़ स्थित ग्राम हल्दी के पास रेलवे पटरी के किनारे अचेत अवस्था में एक युवक को पड़ा देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट को दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने अचेत पड़े युवक को नीजि वाहन से अस्पताल भेजा। जहां अचेत युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने मृतक के थैले में मिले आधार कार्ड के माध्यम से बरखेड़ा पीलीभीत पुलिस से संपर्क साधा और घटना की जानकारी बरखेड़ा उपनिरीक्षक व उसके परि. जनों को दी। सूचना मिलने पर मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने मृतक की पहचान संतोष कुमार (28) पुत्र सीताराम निवासी उमराखान सिंह थाना बरखेड़ा जिला पीलीभीत यूपी के रूप में की। मृतक तीन भाईयों में सबसे छोटा था। बड़े भाई सुनील कुमार, सर्वेश कुमार हैं। मृतक के भाई सुनील कुमार ने बताया कि संतोष अविवा. हत था। वह पिछले 8-10 सालों से बनबसा के एक फार्म पर काम करता था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# वर्षाकाल में राजमार्ग बंद होने पर जिलाधिकारी गंभीर

■ स्वयं मॉनिटरिंग कर रास्ता खुला आम लोगों को दे रहे बड़ी राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** मॉडल जिले की ऐसे नई कार्य संस्कृति माने या हर क्षेत्र में 'फास्ट स्पीड' एवं 'क्विक डिसीजन' लेने वाले जिला अधिकारी मनीष कुमार की 'धमक' का असर है, यहां के हर क्षेत्र में जमीन पर दिखाई दे रहा है।

चंपावत जिले की लाइफ लाइन कहे जाने वाला टनकपुर-पिथौरागढ़ राजमार्ग बरसाती मौसम में कब वाहनों की रफ्तार रोक ले, इसकी शंका व आशंका यात्री एवं चालकों को अपनी यात्रा शुरू करने से पहले हो जाया करते थी। लेकिन उनका नजरिया व भरोसा अब बदल गया है। बारिश हो रही है तो भी सड़क देर सवेर खुल ही जाएगी, उनमें यह भरोसा पैदा किया है जिलाधिकारी मनीष कुमार ने, जो स्वाला का डेंजर जोन हो या संतोला में सड़क बंद होने की सूचना मिलते ही दिन हो या रात पहुंच जाते हैं।

इससे राष्ट्रीय राजमार्ग कर्मियों की सतर्कता इतनी बढ़ गई है कि वे रात भर शिफ्ट में बुलडोजर के साथ काम करने में लगे हुए हैं। इसका नतीजा यह रहा कि इस वर्ष अभी तक यह नौबत नहीं आई कि राजमार्ग 24 घंटे तक बंद रहा हो। रक्षाबंधन के दिन डेंजर जोन में फंसे यात्रियों को भले ही कुछ घंटों तक रुकना अवश्य पड़ा हो लेकिन उन्हें यह देखकर संतोष करना पड़ा कि सड़क को खोलने के लिए डीएम स्वयं युद्ध स्तर पर स्पॉट में मोर्चा संभाले हुए हैं।

इसका परिणाम यह निकला कि यात्री त्यौहार के दिन देर-सवेर अपने घरों तक पहुंच गए। यह भी पहली बार देखा गया कि वहां सभी अधिकारियों के वाहनों को यात्रियों के अदला बदली करने में लग दिया गया। राजमार्ग के अधिशासी अभियंता डीएस जरमाल को अपनी टीम के साथ उस खतरना भौगोलिक स्थित में ही रात बितानी पड़ी जहां कभी भी अनहोनी हो सकती थी। इस वर्ष डेंजर जोन के पास स्वतंत्रता दिवस के तीन रोज पहले ऐसे स्थान में चट्टान दरक गई जो जहां की पहाड़ी पेड़ों की हरियाली से बंधी हुई थी।

इस स्थान में बहुत बड़ी अनहोनी टल गई। इस वर्ष गत वर्ष की तुलना में औसत से कहीं अधिक वर्षा होने के बावजूद गत वर्ष जहां डेंजर जोन में हफ्ते से अधिक समय तक सड़क बंद होने से लोगों को रुला दिया था। इस दफा अभी तक यह नौबत ही नहीं आई है।

# पूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारियों ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** हर साल की तरह इस साल भी पूर्व सैनिक कल्याण एवम उत्थान समिति रामनगर के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया।

पूर्व सैनिक कल्याण एवम उत्थान समिति रामनगर के पूर्व सैनिको व वीर नारियो द्वारा सर्वप्रथम शहीद पार्क मे शहीदो को श्रधांजलि दी गयी।वही देशभक्ति के नारे लगाए गए।सैनिक मिलन केंद्र मे संगठन के वरिष्ठ संरक्षक कैप्टेन हरगोविंद मासिवाल व सूबेदार मेजर कुलवंत सिंह रावत की अध्यक्षता मे झंडा रोहण का कार्यक्रम किया गया।अध्यक्ष द्वारा सभी को स्वतन्त्रता दिवस की महत्वत्ता व इतिहास को याद करते हुए सम्बोधित किया गया,झंडा रोहण कार्यक्रम के बाद सैनिक मिलन केंद्र मे सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गयी,कार्यक्रम का संचालन समिति के सचिव हवलदार भुवन सिंह डंगवाल द्वारा किया गया,इस दौरान कार्यक्रम मे समिति उपाध्यक्ष बालम सिंह डंगवाल,संगठन मंत्री हवलदार देशबंधु रावत,पूर्व उपाध्यक्ष सूबेदार मेजर दामोदर जोशी,ब्लॉक प्रतिनिधि हवलदार चंद्र मोहन मनराल,कैप्टेन केवल कांडपाल, कैप्टेन हरेन्द्र सिंह,कैप्टेन पूरन सिंह बिष्ट,कैप्टेन ए एम जोशी,सूबेदार मनोज पंत, हवलदार नंदन सिंह बिष्ट,हवलदार सूरज पाल,हवलदार पदम सिंह,हवलदार यशपाल सिंह रावत,नायब सूबेदार जगत सिंह, नायक बाला दत्त पाण्डेय, हवलदार चन्दन सिंह, हवलदार भगवत सिंह चौहान, नायक श्याम सिंह रावत आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# उल्लास के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाई गई।रामनगर में यह पर्व पूरे उल्लास के साथ मनाया गया तो वही इस पर्व पर मंदिरों में जहां एक और विशेष सजावट की गई तो भगवान श्रीकृष्ण के भजन कीर्तन के माध्यम से श्रद्धालु झूमते हुए दिखाई दिए।साथ ही मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण एवं अन्य भगवान रूपी झांकियां का कलाकारों ने सुंदर प्रदर्शन किया।

पर्व के तहत आदर्श रामलीला समिति भवानीगंज के दुर्गा मंदिर प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण की झांकी का अवलोकन भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने करते हुए कलाकारों की जमकर प्रशंसा की तो वहीं पर्व को लेकर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। रात के समय में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के उपलक्ष में मंदिरों में मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान का जन्म मनाते हुए आरती के बाद माखन और मिश्री का प्रसाद का भोग लगाकर इस प्रसाद को वितरित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर आदर्श रामल. ीला समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, सचिव राजीव अग्रवाल, उपाध्यक्ष मुनीष चन्द्र , सहायक उपाध्यक्ष जीवन सिंह, संयुक्त मन्त्री ओमप्रकाश आर्यवंशी, कोषध्यक्ष बृज किशोर चन्द्र, महा प्रबंधक सुनील कुमार पप्पी, सहायक महा प्रबंधक कृष्ण कुमार शर्मा गुड्डू , अमित अग्रवाल, सुशील जोशी, गगन, सुशील कुमार, संजय सागर, बब्लू पाल, प्रकाश, जुगेश अरोड़ा बंटी आदि मौजूद रहे ।

# सड़क न होने का दंश!! जहां नहीं है बालिकाएं दसवीं पास

■ मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमलीजामा पहने का इंतजार कर रहे हैं ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** एक तरफ राज्य सरकार प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों को सड़कों से जोड़कर पहाड़ों से पलायल रोकने, युवाओं को रोजगार तथा कृषि क्षेत्र में आत्म निर्भर बनाने के दावे करती रही है, वहीं दूसरी ओर पाटी ब्लॉक के सदूरवर्ती गांव पटनगांव, गीजू-बसान, बांस-बस्वाड़ी, जमनटाक, डौड, घिंघारूकोट जैसे कई गांव आज भी सड़क सुविधा से बंचित हैं। सड़क से होने वाली कई दिक्कतों ने यहां से पलायन के मार्ग खोल दिए हैं।

इन क्षेत्रों में फल-सब्जियां का व्यापक उत्पादन होता है लेकिन लोग हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद अपने उत्पादन को पानी के मोल बेचने को मजबूर हैं। मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल घिंघारुकोट बांस-बस्वाड़ी सड़क बनने से जहां यहां के लोगों की ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने की दूरी 7 किमी में सिमट जाएगी, जबकि वतर्मान में 5 किमी पैदल चलने के बाद 26 किमी सफर वाहन से तय करना पड़ रहा है।



सड़क के अभाव की पीड़ा को इस बात से भी समझा जा सकता है कि इन गांवों में कोई भी बालिक हाईस्कूल पास नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा यहां के लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए ही घिंघारुकोट बांस-बस्वाड़ी, तक 4 किमी सड़क बनाने की घोषणा की है थी। तब लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था, लेकिन इस सड़क का सरकारी दावपेंच में फंसने से लोगों की खुशियां निराशा में बदल गई हैं। निराश ग्रामीणों ने अब यहां के लोगों ने जिलाधिकारी मनीष कुमार से मिलने का मन बनाया हुआ है।

# कोली ढेक पुल के पास खड़े कैंटर में गिरा देवदार का पेड़, यातायात रहा बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** कोली ढेक पुल के पास आज 17 अगस्त की सुबह देवदार का विशालकाय पेड़ भारी बारिश के चलते सड़क किनारे खड़े कैंटर में गिर गया । पेड़ गिरने से कैंटर को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ लोहाघाट खेतीखान सड़क बंद हो गई तथा यातायात अवरुद्ध हो गया था। सूचना पर लोहाघाट फायर स्टेशन प्रभारी हंसदास सागर के निर्देश पर फायर टीम ने तत्काल मौके पर जाकर कड़ी मस्कत के बाद पेड़ को काट कर हटाया तथा यातायात बहाल किया। यातायात सुचारु होने के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली तथा फायर कर्मियों को धन्यवाद दिया । गनीमत रही पेड़ गिरने से जान माल का नुकसान नहीं हुआ।फायर टीम मे डीबीआर राजेश खर्कवाल, एफएम भरत सिंह ,उमेश चंद्र ,प्रतिभा राणा,नीलम राणा,हिमांशु कुमार,अनवर अली,राजेंद्र मेहता, नारायण सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

# पलायन कर चुके लोगों को आइना दिखा रहे हैं शक्तिपुर के जगदीश

■ अच्छी खासी नौकरी छोड़कर खेत से सोना पैदा कर स्वाभिमान से जीने का दे रहे यह संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पुलिस लाइन के आगे बढ़ते ही सेव की विभिन्न प्रजातियों की खुशबू खेत से जुड़कर अपनी तकदीर बदलने में लगे जगदीश पाण्डेय के बगीचे की ओर हर व्यक्ति को खींच ले जाती है, जहां जाने वाला व्यक्ति उनके पुरुषार्थ से प्रेरणा लेकर कुछ ऐसा ही करने का मूड बनाकर लौटता है।

जगदीश ने रिलाइंस की नौकरी छोड़कर खेत को अपनी आजीविका एवं सम्मान से जीने का अवसर बनाया है। कोरोना काल उनके लिए स्वर्णिम अवसर लेकर आया। इससे पूर्व इन्होंने अपनी पच्चपन नाली भूमि में से 28 नाली भूमि आबाद कर उसमें सब प्रकार के सेव के पौध, हर प्रकार की सब्जियां पैदा करना शुरू कर दिया। बाद में इन्होंने सेव की एम-9, एम-111, सिडलिंग, गाला, रेडलम गाला, रेड डेलीसस आदि प्रजातियों के सेव लगाए। इसके बाद इन्होंने लोहाघाट के पाटन गांव में मुरलीधर पाण्डेय के बगीचे को देखकर इनका उत्साह बढ़ गया, और



इन्होंने अपने यहां 1300 सेब के पेड़ लगा दिए। जो पहली फलत देने लगे हैं। जगदीश सब्जियों का भी उत्पादन करते हैं।इनके यहां सभी उत्पाद जैविक मिलते हैं। बाजार में उनके नाम से सब्जियां बिकती है। जैविक खाद के लिए इन्होंने आठ गायें भी पाली हैं।इनसे प्रतिदिन 40 लीटर दूध पैदा करते हैं। इनके उत्पादों की खपत पुलिस लाइन से ही शुरू हो जाती है। इस कार्य में इनकी पत्नी लक्ष्मी इनका परछाई की तरह साथ देती हैं।

लगभग छह लाख तक वार्षिक आमदनी करने वाले जगदीश ने अपने लिए अलग से पेयजल लाइन बनाई है। इसी से वह सिंचाई भी करते हैं, लेकिन गर्मियों में स्त्रोत का पानी सूखने से यह वाहनों के जरिए पानी ढोकर अपने बगीचे को जिंदा रखते आ रहे है। जिसमें इनका अधिकांश पैसा निकल जाता है। जगदीश का कहना है यदि उनके यहां सौर ऊर्जा पर आधारित सिंचाई सुविधा मिल जाए तो इनका कारोबार डेढ़ गुना अधिक बढ़ जाएगा। उद्यान विभाग की एडीओ निधि जोशी एवं केबीके की उद्यान वैज्ञानिक डॉक्टर रजनी पंत इन्हें हर वक्त प्रोत्साहित करती रहती हैं।

### पलायन करने वालों की तो आंखें ही खोल रहे हैं जगदीश: जिलाधिकारी

**चंपावत।** आखिर किसान के बेटे जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जगदीश के बगीचे में जाकर उनके पुरुषार्थ को समझा तथा उनकी पीठ थपथपाई। दिन ढलने के बाद आए जिलाधिकारी ने जगदीश की गौशाला समेत सभी कार्य देखते हुए उन्हें उनके साथ किसानी के अनुभव भी साझा किए, कहां जगदीश पलायन रोकने वालों की आंखें खोल रहे हैं। इन्हें हर स्तर पर प्रोत्साहित किया जाएगा।

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल ने पुलिस टीम को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस और स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं नें रामनगर कोतवाली जाकर निरंतर जनता की सेवा में दिन रात कार्य करने वाले कोतवाल अरुण कुमार सैनी, कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस, वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल सहित कई लोगों को राष्ट्रीय ध्वज का बेच लगाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल रामनगर जिला धर्म प्रसार प्रमुख हिर्देश शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष भूपेंद्र मेहरा, सुनील वर्मा, प्रखंड मंत्री फूल कुमार, दुर्गावाहीनी प्रखंड उपाध्यक्ष अंजली रावत, कुमकुम, नीरज वर्मा, सुचिता, पुलकित, मयंक,कमल जोशी आदि कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# पोस्टर और बैनर लेकर सड़क पर उतरे पशु प्रेमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य बाजार क्षेत्र में रविवार की शाम पशु प्रेमियों ने हाथों में बैनर और पोस्टर लेकर जागरूकता अभियान चलाया और रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने सड़क पर उतरकर बेजुबान पशुओं पर हो रही क्रूरता को लेकर आवाज बुलंद की। रैली में शामिल लोगों ने नारे लगाते हुए कहा कि इंसान की तरह पशुओं को भी जीने का हक है और उनके साथ किसी भी तरह की क्रूरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पशु प्रेमी प्रथम बिष्ट ने कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सड़कों से आठ हफ्तों के भीतर सभी निराश्रित कुत्तों को शेल्टर होम्स में रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोग अपनी जरूरत पूरी होने पर गाय, बैल और अन्य जानवरों को सड़कों पर छोड़ देते हैं। चेतावनी दी कि अब पशु प्रेमी संगठन ऐसे लोगों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराएंगे, ताकि उन्हें सबक मिल सके। रैली में मौजूद अन्य पशु प्रेमियों ने कहा कि सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है कि वे पशुओं को कचरा न समझें और उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने मांग की कि जो लोग सड़कों पर पशुओं को छोड़ते हैं, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पशु प्रेमियों ने जनता से भी अपील की कि वे बेजुबान जानवरों के साथ संवेदनशील व्यवहार करें और उन्हें सुरक्षित जीवन देने में सहयोग करें।

# विधायक यशपाल आर्य और ब्लॉक प्रमुख पति जोरावर ने मृतकों के परिवार से की मुलाकात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य और ब्लॉक प्रमुख पति जोरावरगांव बाजपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मृतकों के परिवार से मुलाकात की। जिस परिवार ने हाल ही में एक दर्दनाक हादसे में अपने दो चिराग खो दिए।

दरअसल, 15 अगस्त के दिन गांव की नदी में अकील अहमद और उनके दिव्यांग पुत्र कामिल लकड़ी काटने गए थे। इसी दौरान दोनों का पैर फिसल गया और वे नदी के तेज बहाव में बह गए। हादसा इतना भयावह था कि दोनों की डूबकर मौत हो गई। इस दुखद घटना की जानकारी मिलने पर आज यशपाल आर्य स्वयं मृतक परिवार के घर पहुंचे। जहा उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। यशपाल आर्य ने उनके प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा समाज पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। हादसे ने गांव और आसपास के क्षेत्रों में गहरा शोक फैला दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए नदी किनारों पर सुरक्षा व्यवस्था और पुख्ता इंतजाम किए जाएं। ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह की पीड़ा न झेलनी पड़े। और यह दर्दनाक हादसा 15 अगस्त जैसे राष्ट्रीय पर्व के दिन हुआ, जिसने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है। इस मौके किसान कांग्रेस के प्रदेशध्यक्ष हरमिंदर सिंह लाडी, बाजपुर ब्लॉक प्रमुख पति जोरावर सिंह भुल्लर, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नवदीप कांग सोनू, गांव बाजपुर के ग्राम प्रधान पति सोनू, जिला पंचायत फुरकान, परवेज अहमद, वसीम अहमद मौजूद रहे।

# आस्था की चौखट पहुंची सियासत

## न्याय की अर्जी लेकर गोल्ज्यू महाराज के दरबार पहुंचे यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच मचे घमासान का दायरा अब सियासत से निकलकर आस्था के दरबार तक पहुंच गया है। कांग्रेस ने अपने सदस्यों के अपहरण के मामले में नैनीताल हाईकोर्ट में सुनवाई से पहले न्याय के देवता माने जाने वाले गोलू महाराज से गुहार लगाई है। कांग्रेस ने प्रार्थना कर कहा कि भगवान ही उन्हें इस राजनीतिक संघर्ष में सच्चा न्याय दिला सकते हैं। इसी क्रम में सूबे के नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने रविवार को गोलू देवता के मंदिर में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की और कांग्रेस के पक्ष में न्याय की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भगवान गोलू देवता को



न्याय का देवता कहा जाता है उसी प्रकार आज जब कांग्रेस लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही है तब वे भी जनता और ईश्वर दोनों से न्याय की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग से लोकतंत्र की जड़ों पर प्रहार कर रही है लेकिन सत्य की जीत अवश्य होगी। यशपाल आर्य ने इसके साथ ही कैंची धाम के पूज्य नीम करोली बाबा की शरण में भी प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि बाबा का आशीर्वाद सदैव धर्म और सत्य के पक्ष में रहता है। कांग्रेस को पूरा विश्वास है कि बाबा और गोलू देवता के आशीर्वाद से कांग्रेस को न्याय मिलेगा और लोकतंत्र की रक्षा होगी। गौरतलब है कि नैनीताल जिला पंचायत चुनाव के दौरान कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने उनके पांच सदस्यों का अपहरण कर लियाए ताकि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर उनकी जीत को रोका जा सके। मामला तूल पकड़ने के बाद कांग्रेस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत में सोमवार आज को इस मामले की सुनवाई प्रस्तावित है। इससे ठीक पहले नेता प्रतिपक्ष ने धार्मिक स्थलों में जाकर आस्था व्यक्त कर न्याय की मांग की है। यशपाल आर्य ने यह भी कहा कि उत्तराखंड के मुखयमंत्री पुष्कर सिंह धामी गोलू देवता की नगरी चंपावत से आते हैं। ऐसे में उन पर यह जिमेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि वे सत्ता और प्रशासनिक दबाव से ऊपर उठकर निष्पक्ष तरीके से न्याय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यदि मुखयमंत्री स्वयं को गोलू महाराज का भक्त मानते हैं तो उन्हें अपने कर्मों से भी यह साबित करना चाहिए कि वे सत्य और न्याय के पक्षधर हैं। यशपाल आर्य के मंदिर जाने से राजनीतिक गलियारों में एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। फिलहाल अब सबकी निगाहें नैनीताल हाईकोर्ट की सोमवार (आज) होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं।

# अनिल डेविड और जॉनसन को तीन वर्ष का कठोर कारावास

## विधवा आश्रम की सम्पत्ति को बेचने का दोषसिद्ध

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** द्वितीय अपर सेशन जज कुलदीप शर्मा की न्यायालय से विधवा आश्रम की संपति को विक्रय करने के आरोपी मेरठ निवासी अनिल डेविड और हाथरस निवासी जॉनसन टी जॉन को तीन वर्ष के कठोर कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न देने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास होगा। आगरा डायसिस ट्रस्ट एसोसिएशन सिविल लाइन आगरा के सचिव राजीव चंद्र ने 13 जून 2023 को न्यायिक मजिस्ट्रेट की ओर से दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए आरोपी मेरठ निवासी अनिल डेविड और हाथरस निवासी जॉनसन टी जॉन पर दोषसिद्ध करने की मांग को लेकर वाद दायर किया। कहा कि आरोपियों के खिलाफ मल्लीताल बीडी पांडे अस्पताल के समीप स्थित विधवा आश्रम को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विक्रय करने का आरोप है। इससे ट्रस्ट की संपति को गंभीर नुकसान पहुंचा है। डायसिस कंपनीज एकट 2013 की धारा 8 के अधीन पंजीकृत है जिसे पश्चिमी उत्तर प्रदेश तथा उत्तराखंड की संपतियों के प्रबंधन का अधिकार है। इसी में विधवा आश्रम की संपति भी शामिल है। वर्ष 2012 में चर्च के विरुद्ध आचरण पर आरोपी अनिल डेविड को निष्कासित कर दिया था। इन लोगों ने फर्जी खाते खोलकर विक्रय धनराशि अपने खातों में डलवाई है। पुलिस में आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 420 (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद न्यायालय ने अनिल डेविड और जॉनसन टी. जॉन को दोष सिद्ध पाते हुए सजा सुनाई।

## एक नजर

### दिनभर सामान्य रहा मौसम

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को दिन भर मौसम सामान्य रहा वही शाम करीब तीन बजे से आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई और फिर से मौसम सामान्य हो गया। बीते 24 घंटों में शहर में 5 एमएम बारिश हुई। बता दें बारिश के चलते जिले के 7 ग्रामीण मार्ग बाधित रहे जिसमें बिचखली-पाथरी, जिनौली-सकदीना, भौरसा-पिनरों, अमजड -मिडार, पदमपुरी- सुआकोट व हरिशताल मोटर मार्ग और चमड़ियां लोहाली मार्ग शामिल हैं। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शहर का न्यूनतम तापमान 22 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### अवनी व मेट्योर ने जीते मैच

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद और डीएसए के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लैंडो लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में रविवार को दो मुकाबले खेले गए। डीएसए मैदान में पहला मुकाबला असाल्टर और अवनी इलेवन के बीच खेला गया जिसमें अवनी इलेवन ने 6-0 से मुकाबला जीता वहीं दूसरा मुकाबला डेमेंटर्स एफसी और मेटयोर स्ट्राइकर के बीच हुआ जिसमें मेटयोर स्ट्राइकर ने 2-1 से मुकाबला जीता। इस दौरान पवन सिंह बिष्ट, अनिल गाड़िया, बृजेश बिष्ट और तुषार जोशी आदि मौजूद रहे।

### वेद प्रचार सप्ताह का समापन

**नैनीताल।** आर्य समाज मंदिर नैनीताल में वेद प्रचार सप्ताह का समापन रविवार को विशेष यज्ञ के उपरांत परिपूर्ण हुआ। बता दें आर्य समाज में श्रावणी पर्व के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पवित्र पर्व भी मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस मनाते हुए हर्ष की अनुभूति हुई। विश्व में शांति लाने के लिए निरंतर यज्ञों का आयोजन होता रहा। इन समस्त कार्यकलापों में किशन गुरुरानी, केदार सिंह, विवेक अग्रवाल, गोपाल सिंह तथा राजेन्द्र त्रिपाठी समेत अन्य आर्य समाजी मौजूद रहे।

### अस्मिता ताइक्वांडो लीग आज

**अल्मोड़ा।** महिला सशक्तिकरण को लेकर नगर में आगामी 18 अगस्त से राज्य स्तरीय अस्मिता ताइक्वांडो लीग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राज्य भर से 250 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एंड पैरा ताइक्वांडो अल्मोड़ा के पदाधिकारियों ने रविवार को आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता की। मौके पर अध्यक्ष कमल कुमार बिष्ट ने बताया कि बालिकाओं और महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए आत्मरक्षा की विद्या व ताइक्वांडो खेल बालिकाओं को सुरक्षित एवं प्रभावशाली बनाता है। बताया कि दो दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। सचिव प्रदीप कुमार जोशी ने बताया कि बालिकाओं को मंच देने के साथ ही उन्हें आत्मरक्षा के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

### सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारियों का सम्मेलन संपन्न

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की रविवार को 13 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया। इस दौरान कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर शासन-प्रशासन से जल्द निराकरण की मांग उठाई। मालरोड स्थित एक होटल सभागार में चली बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वेतन आयोग में सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी को भी शामिल करने, मेडिकल एलाउंस एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार करने, पेंशन में बीस फीसदी बढ़ोत्तरी करने, अल्मोड़ा को भी रेल लाइन जोड़ने समेत तमाम मांगों को रखा। यहां अध्यक्ष डा. पीसी जोशी, एमबी साह, आरपी जोशी, हरीश लाल, एएस कार्की, गंगा सिंह फर्त्याल, नवीन चंद्र जोशी, टीएस कड़ाकोटी, दीवान सिंह बिष्ट समेत कई सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### 19 साल बाद भी मांग पूरी न होने पर नाराजगी

**अल्मोड़ा।** समायोजित व पदोन्नति की मांग को लेकर शिक्षक संघ मुखर हो गया है। रविवार को शिक्षक संघर्ष मंच ने ऑनलाइन बैठक कर समस्याओं पर चर्चा कर समाधान की मांग उठाई। जल्द मांगें पूरी नही होने पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन की चेतावनी दी। शिक्षकों ने कहा कि पिछले 19 सालों से वह चयन व प्रोन्नत वेतनमान की मांग कर रहे हैं, लेकिन मांग के बावजूद अब तक उन्हें वेतनमान नहीं दिया गया है। उन्होंने शासन से जल्द से जल्द चयन व प्रोन्नत वेतनमान देने की मांग की। साथ ही राजकीय एलटी समायोजित व पदोन्नत शिक्षक संघर्ष मंच ने राजकीय शिक्षक संघ को भी ज्ञापन भेजा। प्रांतीय कार्यकारिणी के कार्यकाल तक उनकी समस्याओं का निदान नहीं हुआ तो वह शिक्षक संघ की प्राथमिक सदस्यता से सामूहिक त्यागपत्र देंगे। यहां दिगम्बर फुलोरिया, सुजान बटोला, जेपी सिरोड़ी, गिरीश नवानी, देवेंद्र सगोई, हरीश गैरोला, कैलाश पांडे, नवीन जोशी, हेमंत बगडवाल, राधा नंदोली, आरती बिष्ट, भुवन जोशी आदि रहे।

### स्कूटी रपटने से पर्यटक चोटिल

**नैनीताल।** नैनीताल-भवाली मार्ग पर पाइंस के समीप स्कूटी रपटने से पर्यटक चोटिल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से बीडी पांडे अस्पताल लाया गया जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली निवासी संदीप पटेल परिजनों के साथ नैनीताल घूमने पहुंचे थे। रविवार सुबह वह अन्य स्वजनों के साथ कैंची धाम से दर्शन कर लौट रहे थे। पाइंस के पास उनकी स्कूटी अनियंत्रित होकर रपट गई। राहगीरों ने निजी वाहन से उन्हें बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया मरीज की एक्सरे व अन्य प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

# कैलाखान में पेंशनर्स ने किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय पेंशनर्स कल्याण एसोसिएशन द्वारा रविवार को नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में पाइंस केलाखान क्षेत्र में वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम कर विभिन्न प्रजातियों के वनीय पौधे लगा कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित नैनीताल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। एसोसिएशन के महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम का मुखय उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखना है। राजकीय पेंशनर एसोसिएशन नैनीताल ने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। पौधरोपण कार्यक्रम से पूर्व नगर के जाने माने पर्यावरणविद् यशपाल सिंह रावत ने पौधों की सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधों का संरक्षण एवं पौधरोपण कार्य एक पूजा के समान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही एसोसिएशन की अध्यक्ष मंजू बिष्ट ने बताया कि इस कार्यक्रम में संगठन द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता में अपना योगदान प्रदान करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में यशपाल रावत, योगेश साह, असलम अली, धीरेन्द्र सिंह, कैलाश जोशी, ललित पांडे, घनश्याम सिंह बिष्ट, दीपक साह, विनीता बिष्ट, जगदीश सिंह, रतन सिंह जंतवाल, गिरीश जोशी, दीपक साह, मोहन पंत, उमेश जोशी, रेखा त्रिवेदी, धीरेन्द्र सिंह बिष्ट, होशियार सिंह मेहरा, केदार सिंह कार्की सहित कई पेंशनर्स एवं पर्यावरणविद व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# देश-दुनिया में धाक जमाएंगे कुमाऊंनी व्यंजन

## स्वाद के साथ स्वास्थ्य का कॉम्बीनेशन हैं कुमाऊंनी व्यंजन: राकेश सेठी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊंनी भोजन स्वाद के साथ स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। कुमाऊंनी व्यंजनों को देश दुनिया में पहचान बेहद जरूरी है। इसका जिम्मा मशहूर सेलेब्रिटी शेफ राकेश सेठी ने उठाया है।

रविवार को होटल रेडिसन ग्रुप के होटल नमः नैनीताल में उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। राकेश सेठी ने कहा है कि भोजन को लेकर कई तरह की स्वास्थ्य की परेशानियां भी उत्पन्न होने की शिकायतें मिलती हैं। जिसे लेकर एक अलग थ्योरी बनाई है। नाम फ्रेश, लोकल, ऑर्गेनिक, सीजनल एंड सेंस्टेनेबल (लॉस)



दिया है। इस थ्योरी के आधार पर रेडिसन होटल ग्रुप के होटलों में भोजन की गुणवत्ता और विविधता को बदल दिया है और अब वह कुमाऊं अंचल के भोजन की खूबियों और स्वाद को विकसित करने जा रहे हैं। वह कहते हैं कि जलवायु और मौसम के लिहाज से यहां के भोज्य पदार्थों का कोई सानी नहीं है। पहाड़ों में विभिन्न प्रकार की उपज स्वास्थ्यवर्धक है।

जिसका सेवन बीमारियों से परे रखता है और स्वास्थ्य को उत्तम बनाता है। जिसे ध्यान में रखकर नमः नैनीताल ने कुमाऊंनी थाली परोसनी शुरू कर दी है। साथ ही ऑर्गेनिक, आयुर्वेदिक और ताजी सबजियां के लिए किचन गार्डन बनाने जा रहे हैं। बता दें कि वर्तमान में राकेश रेडिसन होटल ग्रुप साउथ एशिया के कॉर्पोरेट एग्जीयूटिव चीफ शेफ हैं। एग्जीयूटिव शेफ शिवांगी ने कहा कि मेन्यू में खासकर कुमाऊंनी फूड को शामिल किया गया है। कुमाऊंनी फूड को पहचान दिलाने के लिए प्रत्येक कुमाऊंनी डिश होटल में मुहैया कराई गई है। जिसे लेकर अलग से शेफ नियुक्त किया गया है। होटल के महाप्रबंधक नरेश गुप्ता का कहना है कि सेलिब्रेटी शेफ राकेश सेठी के निर्देशन में होटल में खास मेन्यू बनाया गया है जो यहां आने वाले सैलानियों को खूब पसंद आता है। जिस कारण नमः नैनीताल राज्य के पसंदीदा होटलों में खास पहचान बनाने में सफल हुआ है। इस अवसर पर एफएमबी मैनेजर आशुतोष भंडारी समेत मुखय शेफ शिवांगी पवार तथा जे यादव व मुकेश उपस्थित थे।

# तराई में ट्रांसफर से वन दरोगा खफा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सहायक वन कर्मचारी संघ (वन दरोगा) दक्षिणी कुमाऊं वृत की एक आम सभा का आयोजन प्रदेश महामंत्री बृजमोहन रावत की अध्यक्षता में रविवार को वन



विश्राम गृह भवाली में किया गया। सभा में निर्णय लिया गया कि वन दरोगाओं का ट्रांसफर तराई क्षेत्र में ना करते हुए वरिष्ठ वन दरोगा तथा जिन वन दरोगाओं को वास्तविक परेशानियां हो रही है उनका ट्रांसफर नजदीकी वन प्रभागों में किया जाए। सभा में कहा गया कि वन विभाग के कार्यों को कोटेशन से ना करते हुए टेंडर प्रक्रिया द्वारा किया जाए जिससे पारदर्शिता बनी रहे तथा भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। सभा में निर्णय लिया गया कि अगर इन समस्याओं का समाधान आतिशीघ्र नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन को विवश होगा। इसके साथ ही सहायक वन कर्मचारी संघ को नैनीताल में संघ भवन आवंटन किए जाने की मांग की गई तथा आगामी सहायक वन कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव हेतु अति शीघ्र प्रदेश स्तरीय मीटिंग करने का निर्णय लिया गया। सभा में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, संयुक्त मंत्री कुमाऊं अशोक नेगी, अध्यक्ष दक्षिणी कुमाऊं चंद्रशेखर जोशी, मंत्री रणजीत सिंह थापा, अध्यक्ष भूमि संरक्षण वन प्रभाग जीवन कांडपाल, अध्यक्ष नैनीताल वन प्रभाग सूरज बिष्ट, मंत्री राजेंद्र करायत, अध्यक्ष अतिरिक्त भूमि संरक्षण वन प्रभाग रामनगर मुकेश भारती, मंत्री पश्चिमी वृत मोहन पांडे, कोषाध्यक्ष दक्षिणी कुमाऊं व्रत गिरधर सिंह नेगी, दक्षिणी कुमाऊं वृत महिला उपाध्यक्ष मनीषा भंडारी, नैनीताल वन प्रभाग महिला उपाध्यक्ष विमला नगरकोटी समेत सुरेश जोशी, सतीश सिंह बोहरा, हरीश आर्य, चंदन सिंह बिष्ट, संजय भट्ट, राजेंद्र जोशी, संतोष गिरी, त्रिलोक सिंह शाही, इंद्र सिंह, प्रेम सिंह, गिरीश चंद्र, संतोष जोशी तथा हेमराज पटियाल आदि वन दरोगा शामिल रहे।

# जन्माष्टमी पर फैंसी ड्रेस कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जन्माष्टमी के विशेष मौके पर यो पहाड़ फाउंडेशन की ओर से रंगा. रंग नृत्य कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों और श्री राम सेवक सभा के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बता दें कि नृत्य प्रतियोगिता दो वर्गों जूनियर और सब जूनियर वर्ग में आयोजित की गई। जूनियर वर्ग में सेंट जोन्स स्कूल प्रथम स्थान पर रहे साथ ही सब जूनियर वर्ग में एकमात्र अमेरिकन किड्स की टीम ने प्रतिभाग किया और प्रथम रही। सेंट जोन्स विद्यालय की ओर से इस प्रतियोगिता में वर्षा आर्या, माही तिवारी, इशिता जोशी, लक्षिता कपिल, हीतांशा वर्मा, अर्पित राणा, रियांशी राज, रुद्रांश, रियांशी, रेखा कोटि तथा दिशा कीर्ति ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार की ओर से उप प्रधानाचार्य पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, लता फर्त्याल रावत, अनीता बोरा, आशा जोशी, रुचि साह, मोनिका वर्मा, पूजा आर्या, किरण मेर, विक्रम सिंह रावत, पल्लवी जोशी, शाहीन, वैष्णवी भट्ट, तुलसी मेहरा, पूनम तथा रेणु बिष्ट रहीं।

# नैनीताल में जन्माष्टमी की धूम, नन्हे 'कान्हा' बने आकर्षण का केंद्र



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर नगर के विभिन्न हिस्सों में भव्य झांकियाँ सजाई गईं और मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना हुई। कार्यक्रम की विशेष झलक रही छोटे बच्चों की भागीदारी, जिन्होंने श्रीकृष्ण की वेशभूषा में न केवल अपनी मासूम अदाओं से सभी का मन मोह लिया, बल्कि विविध सांस्कृतिक और धार्मिक प्रतियोगिताओं में भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# मेनु कैंप में उत्साह और अनुशासन का दसवां दिन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** 5 यूके नेवल यूनिट एनसीसी नैनीताल द्वारा आयोजित 28 दिवसीय मेनू कैंप का दसवां दिन उत्साह, अनुशासन और सामूहिक भावना के साथ संपन्न हुआ। आज के प्रशिक्षण सत्र में कैडेट्स ने 25 किलोमीटर की नौकायन यात्रा सफलतापूर्वक पूरी की जिससे अब तक कैंप की कुल नौकायन दूरी 290 किलोमीटर तक पहुँच गई है। यह आंकड़ा कैडेट्स के अदमय साहस तथा टीमवर्क और कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण है।

दिनभर की गतिविधियों में नौकायन, बोट पुलिंग, ड्रिल और शिप मॉडलिंग जैसी तकनीकी एवं व्यावहारिक सत्र शामिल रहे। इन





सत्रों का उद्देश्य न केवल कैडेट्स की शारीरिक क्षमता को विकसित करना थाए बल्कि उन्हें नेतृत्व कौशल व आपसी तालमेल और समुद्री अनुशासन के व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराना था। कैंप के सफल समापन के अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता ग्रुप कमांडर मुख्यालय नैनीताल कमोडोर बीआर सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मेनू कैंप जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम कैडेट्स को आत्मविश्वास, साहस और नेतृत्व की नई ऊँचाइयों तक ले जाते हैं। उन्होंने सभी प्रशिक्षकों और कैडेट्स को उनके समर्पण और मेहनत के लिए बधाई दी। कमान अधिकारी कैप्टन मृदुल साह ने कहा कि यह कैंप न केवल कैडेट्स के लिए नौसैनिक प्रशिक्षण का अवसर साबित हुआए बल्कि टीमवर्कए नेतृत्व और देशभक्ति की भावना को भी प्रबल करने वाला रहा। मेनु कैंप की यह सफलता भविष्य के नेतृत्व निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर 79 बटालियन एनसीसी कर्नल आरसी कौशिक, एडमिन ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस खंडका तथा कमांडिंग ऑफिसर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल कमांडर अर्चना चौधरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने कैडेट्स की प्रस्तुतियों तथा अनुशासन और तकनीकी दक्षता की सराहना की। कैंप के सर्वश्रेष्ठ कैडेट का सममान सीनियर कैडेट कैप्टन निष्ठा जोशी और पीओ कैडेट क्रिश उपाध्याय को प्रदान किया गया, जिन्होंने पूरे कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का परिचय दिया। कैंप के संचालन में पीआई स्टाफ के विक्रांत सिंह चीफ पेट्टी ऑफिसर, रवि कुमार पेट्टी ऑफिसर, सनी सिंह पेट्टी ऑफिसर और सुधीर थलवाल पेट्टी ऑफिसर का विशेष योगदान रहा। उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण ने कैडेट्स को इस कामयाबी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दे रही सरकार: रावत

## आयुक्त ने किया वेटरन्स क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के मिनी स्टेडियम, हल्द्वानी में जिला क्रीड़ा विभाग व वेटरन्स स्टेट फुटबॉल क्लब हल्द्वानी के संयुकत संयोजन में प्रथम वेटरन क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 15 से 17 अगस्त तक किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों की अलग-अलग आयु वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया। रविवार को फाइनल मैच नैनीताल एवं देहराद. ून के मध्य खेला गया। हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में फुटबॉल के फाइनल मैच का शुभारम्भ कुमाऊँ आयुक्त/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने फुटबॉल में किक लगाकर किया। फाइनल मैच में देहरादून ने नैनीताल को दो गोल से पराजित किया। ट्राफी देहरादून के नाम रही। फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ



प्लेयर ओविड कमल एवं किशन जोशी रहे, जिन्हें आयुक्त द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ विजेता टीम देहरादून एवं रनर-अप टीम को आयुक्त ने शील्ड देकर सम्मानित किया। आयुक्त ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हल्द्वानी मिनी स्टेडियम में फुटबॉल कोर्ट की स्थापना प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणा के तहत की गई। उन्होंने कहा कि यह फुटबॉल ग्राउंड स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान कर रहा है और प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार होने में सहायक साबित हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने राज्य में खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न नीतियों की शुरुआत की है, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा है। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद अनुभवी खिलाड़ियों का खेल देखने को मिला है, जिससे निश्चित रूप से बच्चे प्रेरित होंगे और खेल के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को और अधिक निखारेंगे। इस अवसर पर आयोजन मंडल के शरद अग्रवाल, मदन अधिकारी, विजय विष्ट, दुर्गा सिंह सिजवाली, हरीश मर्तोलिया, किशोर पाल, प्रकाश सिंह के साथ ही तहसीलदार मनीषा बिष्ट उपस्थित थे।

### सीओ, एसओ पर गिरी गाज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ब्लाक प्रमुख चुनाव के दौरान नैनीताल जिले के बेतालघाट में हुई फायरिंग की घटना को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भवाली के क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रमोद कुमार साह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई और थाना प्रभारी (एसओ) अनीश अहमद को निलंबित करते हुए विभागीय जांच की संस्तुति शासन से की है। गौरतलब है कि 14 अगस्त को बलाक प्रमुख व उप प्रमुख चुनाव के दौरान बेतालघाट में फायरिंग हुई थी जिसमें एक ग्रामीण घायल हो गया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास बताते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले को गंभीर मानते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने संयुक्त सचिव कमलेश मेहता की ओर से आदेश जारी कर कठोर कार्रवाई की अनुशंसा की है।

# घनसाली के युवक की हत्या पर दोषियों को फांसी देने कि मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हरियाणा के अंबाला क्षेत्र में हुए घनसाली के युवक की हत्या को लेकर विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। रविवार को इस बाबत को लेकर व्यापार संघ कीर्तिनगर, ठेकेदार संघ, चालक संघ, आपरेटर संघ से जुड़े लोगों ने कोतवाल प्रभारी निरीक्षक कीर्तिनगर के माध्यम से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में सामाजसेवी गणेश भट्ट, ठेकेदार संघ से जुड़े मुकेश गैरोला, ओबीसी संघ के पंकज कुमार, चालक संघ के प्रवीण सलेह, आपरेटर संघ के महेश चंद्र, व्यापार संघ के रोशन सेमवाल और क्षेत्र पंचायत सदस्य नेत्र सिंह ने कहा कि घनसाली निवासी साहिल बिष्ट वर्तमान में रोजी रोटी के लिए हरियाणा के अम्बाला में स्थित हाइवे स्टार होटल में तंदूरी सेफ का काम करता था। बताया कि सूचना मिली कि 13 अगस्त को उक्त होटल से काम निपटाकर रात 11 बजे अपने निवास स्थान को सड़क से पैदल जा रहा था, तब वहां बाइक सवार दो बदमासों ने साहिल

बिष्ट के साथ लूट पाट की और उसे चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी। कहा कि इस घटना को बीते हुए 4 दिन हो चुके हैं, लेकिन अभी तक उक्त अपराधी न तो पकडे गए ना ही हरियाणा सरकार की ओर से इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया आई है। कहा कि उत्तराखंड के हजारों युवाओं रोजी रोटी के लिए मजबूरी में अपने राज्य से बाहर अन्य राज्यों में जॉब कर रहे हैं।

ऐसे में उन सभी युवकों की सुरक्षा का दायित्व कौन लेगा। उन्होंने एसएसपी टिहरी से अम्बाला पुलिस से संपर्क साध कर

उक्त हत्यारों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार किए जाने और हत्यारों को फांसी की सजा देनज की मांग की है।

# गैरसैंण सत्र में महत्वपूर्ण विधेयक लाएगी धामी सरकार

## रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट ने दी मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में मंत्रिमंडल द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित विधेयकों को अनुमोदित किया गया। जिनको आगामी विधानसभा सत्र में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। इन विधेयकों में समान नागरिक संहिता उत्तराखण्ड़ (संशोधन) विधेयक 2025, उत्तराखण्ड़ साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक 2025,

### समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक

समान नागरिक संहिता संशोधन विधेयक के अंतर्गत विवाह पंजीकरण की समय अवधि में वृद्धि करने हेतु मूल संहिता में विवाह पंजीकरण हेतु छः माह की निर्धारित समय सीमा को एक वर्ष किये जाने के उद्देश्य से पूर्व में समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) अध्यादेश अधिसूचित किया गया, जिसे अब प्रतिस्थानी संशोधन विधेयक के रूप में प्रतिस्थापित किया जाना है। समान नागरिक संहिता समिति द्वारा की गयी संस्तुति/अनुशंसाओं के आधार पर तथा संहिता के कतिपय प्रावधानों में उत्पन्न व्यावहारिक कठिनाइयों व लिपिकीय त्रुटियों के समाधान हेतु मूल संहिता में आवश्यक संशोधन किये जाने के दृष्टिगत समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड (संशोधन) विधेयक, 2025 को अधिनियम के रूप में अधिसूचित किया जा रहा है।

अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक 2025 हैं।

**उत्तराखंड साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक, 2025:** उत्तराखंड साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक, 2025 के तहत राज्य के अन्तर्गत वर्तमान में भारतीय दण्ड सं. हता के अधीन उत्तराखंड साक्षी संरक्षण अधिनियम, 2020 प्रभावी है। दण्ड प्रक्रिया संहिता के स्थान पर सम्पूर्ण देश में दिनांक 01.07.2023 से भारतीय न्याय संहिता, 2023 लागू हो चुकी है। तत्क्रम में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 398 के प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु उत्तराखण्ड साक्षी संरक्षण योजना, 2025 को प्रख्यापित किया जाना है। प्रस्तावित योजना को प्रख्यापित किये जाने से पूर्व में भारतीय दण्ड संहिता के अधीन अधिसूचित उत्तराखंड साक्षी संरक्षण अधिनियम, 2020 को निरसित किये जाने हेतु उत्तराखण्ड साक्षी संरक्षण (निरसन) विधेयक, 2025 को अधिनियम के रूप में अधिसूचित किया जाना है।



उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के भराड़ीसैंण विधानसभा भवन में मंगलवार से आयोजित होने जा रहे विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष रितु भूषण खंडूरी।

# मान्यता प्राप्त मदरसों पर संकट के बादल

## मदरसा प्रबंधकों ने उठाए सवाल, उत्तराखण्ड में 452 मदरसे है पंजीकृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राज्य सरकार की और से रविवार को कैबिनेट में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन करने का फैसला लिया गया है, साथ ही 'उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद' को 1 जुलाई 2026 से समाप्त करने की घोषणा की गई है। सरकार के इस फैसले पर जहा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ति शमून कासमी ने सरकार की सराहना की है, वहीं, उत्तराखण्ड मदरसा एसोसिएशन और प्रबंधकों ने कई सवाल उठाए है।

मदरसा एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना इफ्तिखार अहमद कासमी का कहना है, कि बोर्ड समाप्त होने के बाद क्या वर्तमान में मान्यता प्राप्त मदरसों को फिर से मान्तया लेनी होगी। क्या नये प्राधिकरण की और से जारी प्रमाण पत्रों की समकक्षता विद्यालय शिक्षा परिषद के बराबर होगी। इन सवालों का अभी कोई जवाब नही मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि मदरसा बोर्ड से 452 मदरसे पंजीकृत हैं। यह बोर्ड 1 जुलाई 2026 से समाप्त हो जाएगा। वहीं, प्रदेश में अल्पसंखयक दर्जा प्राप्त 130 संस्थान है, जिसमें सभी अल्पसंख्यकों वर्गो के शिक्षण संस्थान शामिल है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा परिषद की स्थापना जैसे दूरदर्शी कदम उठाकर राज्य के विकास और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने में सराहनीय योगदान दिया है। धामी का यह प्रयास, जो अल्पसंख्यक समुदायों को उनकी धार्मिक शिक्षा के साथ-साथ मुख्यधारा की शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित है, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक संरक्षण का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। यह परिषद अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों को उत्तराखंड राज्य बोर्ड की शिक्षा के साथ-साथ उनकी पारंपरिक धार्मिक शिक्षा प्रदान करने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगी...**मुफ्ति शमून कासमी, अध्यक्ष उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद।**

# निजी चिकित्सालयों से कम न रहे सरकारी अस्पताल: डीएम

**देहरादून।** जिलाधिकारी सचिन बसंल की अध्यक्षता में रविवार को ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में चिकित्सा प्रबन्धन समिति राजकीय जिला चिकित्सालय (कोरोनेशन) संचालन मण्डल की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चिकित्सालय के सभी प्रस्तावों को स्वीकृत्ति प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों के निर्देशित किया कि सरकारी चिकित्सालयों में सभी सुविधाएं मुहैया कराई जानी है ताकि जनमानस को महंगे इलाज के लिये निजी अस्पतालों के चक्कर न लगाने पढ़े। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री की अपेक्षा अनुरूप अपने जनमन के सरकारी अस्पताल निजी चिकित्सालयों से कम न रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमत्री के संकल्प स्वास्थ्य सेवाओ के सुधार को जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। डीएम ने जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू के लिए 6 अतिरिक्त बैड, एक्सरेमशीन, फोटोथेरेपी उपकरण की मौके पर ही स्वीकृति दी। वहीं चिकित्सालय में ऑटोमेटेड पार्किंग, महिला हिलांस कैंटीन, ब्लड बैंक से डॉक्टर्स, स्टॉफ, जनमन गदगद हैं। डीएम ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि लेड अप्रोन स्टैण्ड, अल्ट्रासाउंड जैली, पेशेंट एक्सामिलेशन कोच का कार्य, एक्सरे, सीटी स्कैन मशीन, व्हीलचेयर, चिकित्सक यूनिफार्म, एक्सामिनेशन टेबल, ड्रेसिंग ड्रम, सर्जिकल उपकरण, बेडसीट, एडल्ट सेकशन मशीन, एसी, बैबी रेडियट वार्मर, एन्डोस्कोपी सिस्टम कैमरा अदि सामग्री का कय किया जा चुका है।

## कुकिंग प्रतियोगिता में उत्साह से किया प्रतिभाग

**अल्मोड़ा।** ग्रीन हिल्स संस्था की ओर से रविवार को नगर के एक निजी होटल सभागार में महिलाओं के लिए कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिलाओं द्वारा पहाड़ी संस्कृति पर आधारित विभिन्न पकवान बनाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ लज्जा पंत, लता बोरा, इला शाह, डा. वसुधा पंत समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मौके पर संस्था की डा. वसुधा पंत ने बताया कि पहाड़ी संस्कृति को बढ़ावा तथा संरक्षण के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता से किचन क्वीन, मास्टर सेंफ और स्वाद संगीनी चुनी जाएंगी।

# एकल माता की बेटी शिवानी की शिक्षा पुनर्जीवित

**देहरादून।** विगत वर्ष से जिला प्रशासन देहरादून की कार्यशैली में भारी बदलाव देखने को मिले हैं। जहां आम जनमानस, व्यथित, बुजुर्ग,दिव्यांग, असहायों, की सुनवाई हो रही है वही एक के बाद एक कड़े निर्णय उनके पक्ष में हो रहे हैं। दुखियारी एकल मां रजनी ने डीएम सविन बंसल से गुहार लगाई की वह किराए के मकान पर रहती हैं व प्राइवेट नौकरी करती हैं उनके दो बच्चे हैं दोनों बच्चों की पढ़ाई का खर्च वहन करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने फरियाद लगाई कि बिटिया की पढ़ाई का खर्च वहन नहीं कर पा रहे हैं उनकी बिटिया शिवानी 12वीं कक्षा में है उन्होंने बेटी की पढ़ाई नंदा सुनंदा से करने की डीएम से गुहार लगाई। जिस पर डीएम ने श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन से 2024-25 की फीस में रियायत देने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी के अनुरोध पर एसजीआरआर एजुकेशन मिशन द्वारा शिवानी की पिछले सेशन की 50: फीस माफ कर दी। वहीं अब जिला प्रशासन द्वारा शिवानी की आगे की पढ़ाई खर्चा प्रोजेक्ट नंदा सुनंदा से उठाया जाएगा, जिसके लिए डीएम ने समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर पंचायत महुआडाबरा (ऊधम सिंह नगर)

पत्रांक-/229/2025-26 दिनांक- 14/8/25

**स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें।**

स्वच्छ सर्वेक्षण - 2025 में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे।

प्रतिबन्धित सामग्री पॉलीथीन एवं थरमाकोल से बने उत्पादकों का प्रयोग/विक्रय / भण्डारण न करे।



(आदित्य जोशी) — अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत महुआडाबरा
(गायत्री देवी) — अध्यक्ष, नगर पंचायत महुआडाबरा

**सभासदगणः**

01 मोनिका 02 निशा 03 मुस्कान आलम 04 नूतन 05 गुलशन जहाँ 06 महताब जहाँ 07 राजबाला देवी कर्मचारीगण 08 सुश्री वन्दिता ले0लि0 09 श्री हरिराम आर्य, कार्य0क0 समाहर्ता 10 विनीत कुमार कार्य0 क0 समाहर्ता ।

## कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, चम्पावत

पत्रांकः 475/विज्ञापन/2025-26, दिनांक 14 अगस्त 2025

उन्नत बागवान — समृद्ध किसान

उद्यान एवं खाद्य प्रसस्करण विभाग, जनपद – चम्पावत द्वारा कृषकों के हित में संचालित योजनाओं का विवरण

1. नाबार्ड की आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत राजसहायता पर 50 से 500 वर्ग मी0 तक पॉलीहाउसों का निर्माण।
2. जिला योजनान्तर्गत 60 प्रतिशत राजसहायता पर कीटव्याधिनाशक रसायनों का वितरण।
3. जिला योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत राजसहायता पर औद्यानिक औजार संयत्रों का वितरण।
4. जिला योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत राजसहायता पर पुष्प बल्बों का वितरण।
5. राज्य सैक्टर योजनान्तर्गत एप्पल मिशन योजना (सेब बागानों की स्थापना) पर 60 प्रतिशत राजसहायता।
6. मुख्यमंत्री कृषि विकास योजनान्तर्गत कीवी मिशन योजना (कीवी उद्यानों की स्थापना) पर 70 प्रतिशत राजसहायता।
7. राज्य सैक्टर योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी विकास योजना के अनुसार विभिन्न सब्जी बीजो, आलू, अदरख, हल्दी बीज एवं फल पौधों पर 50 प्रतिशत राजसहायता।

अतः समस्त कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहले आओ पहले पाओं के आधार पर उठाकर उन्नत बागवानी विकास में अपना सहयोग प्रदान करें।

जिला उद्यान अधिकारी चम्पावत। — मुख्य विकास अधिकारी चम्पावत। — जिलाधिकारी चम्पावत।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सितारगंज (उधम सिंह नग)

पत्रांकः मैमो / न0पा0 / 2024–25 दिनाक 14/08/2025

**15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) के उपलक्ष्य में नगर की समस्त जनता/क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं**

**"नागरिकों से अपेक्षाएं"**

1. यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।
2. नागरिक बोध (Civic Sense) हमारे समाज की नींव है, एक जिम्मेदार नागरिक बने।
3. अपने घर का जैविक/अजैविक कूड़ा अलग-अलग करके ही दें।
4. 01 जुलाई 2022 से पोलीस्टाइरीन, थर्माकोल वस्तुओं सहित पूर्णत: प्रतिबन्धित प्लास्टिक का उपयोग न करे एवं एन्टी लिटरिंग एवं स्पिटिंग नियमों का पालन करें।
5. खुलें में शौच न करें, कृपया शौचालय का प्रयोग करे।
6. नगर की सड़कों पर अतिक्रमण न करें।
7. निकाय का गृहकर एवं लाइसेंस शुल्क समय से जमा कर रसीद प्राप्त करें।
8. जन्म मृत्यु का पंजीकरण, UCC के अन्तर्गत विवाह का पंजीकरण निर्धारित अवधि के अन्तर्गत अवश्य कराये।
9. यूजर चार्जेज शुल्क प्रतिमाह जमा कर रसीद प्राप्त करें।
10. स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में अपना सहयोग दें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद सितारगंज
(ऊधमसिंह नगर)

स्वच्छ बनबसा — स्वस्थ बनबसा — सुन्दर बनबसा

## कार्यालय नगर पंचायत बनबसा (चम्पावत)

(स्वच्छता ही सेवा)

Email- eo.nagarpanchayatbanbasa@gmail.com

पत्रांक –2141/विज्ञापन/2025–26 दिनांक– 14–08–2025

नगर पंचायत बनबसा स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त 2025) के उपलक्ष्य में नगर क्षेत्र की सम्मानित जनता को हार्दिक बधाई देती है। नगर पंचायत बनबसा द्वारा नगर क्षेत्र के विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु विभिन्न कार्य किये जा रहे हैं। नगर को स्वच्छ रखने हेतु नगर पंचायत बनबसा आम जनता से अनुरोध करती है कि:–

1. नगर को स्वच्छ बनाने के लिये राड़कों/नालियों पर कूड़ा न फेंकें।
2. सूखे तथा गीले कूड़े को अलग–अलग कर नगर पंचायत के कूड़ा वाहन को ही दें।
3. नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने हेतु कृपया प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का प्रयोग न करें।
4. खुले में शौच न करें, नगर पंचायत द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालयों का प्रयोग करें।
5. नगर पंचायत के करों का समय से भुगतान करें।
6. अपनें पालतू जानवरों जैसे गाय, भैंस, सुअर, कुत्तों आदि को बाजार में खुला न छोड़ें।
7. नगर क्षेत्र को साफ–सुथरा रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।

अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत बनबसा, चम्पावत। — अध्यक्ष, नगर पंचायत बनबसा, चम्पावत।

# धामी सरकार का बड़ा फैसलाः उत्तराखंड में मदरसा बोर्ड खत्म

## अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के लिए नया शिक्षा कानून



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/गैरसैंण।** उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने एक अहम फैसले में राज्य की बरसों पुरानी मदरसा संस्कृति को समाप्त कर सभी अल्पसंख्यक समुदायों के लिए समान शैक्षिक अवसर सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त किया है। रविवार को कैबिनेट ने 'उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम' लाने का निर्णय लिया, जो 19 अगस्त से गैरसैंण में शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में पेश होगा।

अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत अब सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध एवं पारसी सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों को यह सुविधा मिलेगी। सरकार का दावा है कि यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा, जिसका उद्देश्य अल्पसंख्यक संस्थानों को मान्यता देने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना और शिक्षा में गुणवत्ता सुनिश्चित करना है। इस फैसले के साथ ही कैबिनेट ने 2016 में कांग्रेस सरकार द्वारा पारित 'उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम' को निरस्त करने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत एक प्राधिकरण का गठन होगा। दरअसल, मदरसा शिक्षा बोर्ड केवल मुस्लिम शिक्षण संस्थानों से संबंधित था और इसके तहत 452 मदरसे पंजीकृत हैं।

यह बोर्ड 1 जुलाई 2026 से समाप्त हो जाएगा। नया अधिनियम मुस्लिम के अलावा सभी धार्मिक अल्पसंख्यकों के शिक्षण संस्थानों को विनियमित करेगा। सूत्रों के अनुसार, उत्तराखंड में सैकड़ों अवैध मदरसों पर धामी सरकार की कार्रवाई के बाद एक पारदर्शी व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की गई। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, 'उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम-2016' और 'उत्तराखंड गैर-सरकारी अरबी और फारसी मदरसा मान्यता नियम-2019' को 1 जुलाई 2016 से ही निरस्त माना जाएगा। इसका अर्थ है कि अब मदरसों के लिए अलग से कोई शिक्षा बोर्ड या मान्यता नियम प्रभावी नहीं रहेंगे।

## उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक, 2025

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड कैबिनेट ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसमें यह तय किया गया है कि आगामी विधानसभा सत्र में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 लाया जाएगा। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों जैसे ख्र सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा जिसका उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने हेतु पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना है, साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है।

### अधिनियम का यह होगा प्रभाव

- राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक संस्थानों को अब पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता मिलेगी।
- शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।
- राज्य सरकार के पास संस्थानों के संचालन की निगरानी करने और समय-समय पर आवश्यक निर्देश जारी करने की शक्ति होगी।

## अधिनियम की मुख्य विशेषताएं

1 - **प्राधिकरण का गठन** - राज्य में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जो अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा प्रदान करेगा।

2 - **अनिवार्य मान्यता**-मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन या पारसी समुदाय द्वारा स्थापित किसी भी शैक्षिक संस्थान को अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा पाने के लिए प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

3-**संस्थागत अधिकारों की सुरक्षा**- अधिनियम अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों की स्थापना एवं संचालन में हस्तक्षेप नहीं करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनी रहे।

4 - **अनिवार्य शर्तें**-मान्यता प्राप्त करने के लिए शैक्षिक संस्थान का सोसाइटी एक्ट, ट्रस्ट एक्ट या कंपनी एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण होना आवश्यक है। भूमि, बैंक खाते एवं अन्य संपत्तियां संस्थान के नाम पर होनी चाहिए। वित्तीय गड़बड़ी, पारदर्शिता की कमी या धार्मिक एवं सामाजिक सद्भावना के विरुद्ध गतिविधियों की स्थिति में मान्यता वापस ली जा सकती है।

5 - **निगरानी एवं परीक्षा** - प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार दी जाए और विद्यार्थियों का मूल्यांकन निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो

## रविवार को आफत बनकर बरसी मूसलाधार बारिश

**विकासनगर।** पछुवादून, जौनसार बावर में शनिवार रात से रविवार पूरे दिन हुई मूसलाधार बारिश आफत बनकर बरसी। विकासनगर में 47 मिमी बारिश से सड़कें जलमग्न हो गई और गलियों से बाजार तक जलभराव हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में हर जगह पर पानी जमा हो गया। बारिश के कारण सेलाकुई में एनएच पर जल भराव होने से यातायात प्रभावित हुआ। सेलाकुई के मिलन चौक, जमनपुर रोड, सिडकुल गेट के सामने, एसबीआई के सामने, शिव मंदिर के सामने एनएच तालाब बना नजर आया। जबकि विकासनगर में सिनेमा गली, मुस्लिम बस्ती, मदीना बस्ती, पंजाबी कॉलोनी में जल भराव से लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। लगातार हो रही बारिश से यमुना का जल स्तर एक बार फिर तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों की चिंता को बढ़ाने लगा है। रविवार को जल स्तर खतरे के निशान पर पहुंच गया।

## खीर गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से राहत और बचाव बंद

**उत्तरकाशी।** ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया जिसके चलते मलबे में चलाए जा रहे खोज अभियान को बीच में ही रोकना पड़ा। वहीं बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) की ओर से मलबा काटकर बनाई गई सड़क भी एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गई है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों ने सुबह के समय रोजाना की तरह मलबे में दबे लोगों को खोजने के लिए सर्च अभियान शुरू किया था लेकिन दोपहर में खीर गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से राहत और बचाव कार्य को तुरंत रोकना पड़ा।

# चिकित्सकों की कमी दूर करने को हुई नई नियुक्तियां

## मुख्यमंत्री धामी ने 220 चिकित्सा अधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड चिकित्सा स्वास्थ्य सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 220 नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त चिकित्सकों को शुभकामनाएं देते हुए इस क्षण को उनके जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

कहा कि आप मात्र चिकित्सक नहीं बल्कि देवभूमि के आरोग्य प्रहरी भी हैं। इसीलिए आप सभी को प्रदेश की चिकित्सा को सस्ती, जन सुलभ और नई

- **बेहतर इलाज के साथ मधुर व्यवहार, सेवाभाव, समर्पण का दिया मूल मंत्र**
- **प्रथम देह का जतन कर लो, फिर साधना होगी:मुख्यमंत्री**
- **अपने ज्ञान और कौशल से लोगों के स्वास्थ्य को ठीक करने को कहा**

ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूर्ण समर्पण और सेवा भाव से कार्य करना होगा। इस अवसर पर मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, राजकुमार पोरी, व सरिता कपूर, राज्य स्तरीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन सुरेश भट्ट, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य सुनीता टम्टा सहित संबंधित चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित थे।

### 21 करोड़ से अधिक का कैशलेस इलाज मिला

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 11 लाख से अधिक पेशेंट्स को 21 करोड़ से अधिक की कैशलेस इलाज की सुविधा प्राप्त हो चुकी है। श्रीनगर में कार्डियो और न्यूरोलॉजी तथा हल्द्वानी में कैंसर से संबंधित विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। कहा कि आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों से हेली के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाएं जीवनदायिनी का काम कर रही हैं। अभी हाल ही में धराली में आई आपदा के दौरान भी इसको देखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकतर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य केंद्रों के आधुनिकीकरण, पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति और टेलीमेडिसिन सेवा के विस्तार से राज्य में चिकित्सा सेवाओं को नया आयाम मिला है।



### कृतिमान स्थापित कर रहा स्वास्थ्य विभागः डॉ. धन

स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग नियुक्तियों के मामले में नित्य नए कृतिमान स्थापित कर रहा है। कहा कि 220 चिकित्सकों में 04 दिव्यांग कोटे के चिकित्सकों को छोड़कर शेष सभी चिकित्सक दुरस्त क्षेत्रों में तैनाती देंगे। कहा कि विभाग शीघ्र ही और चिकित्सकों, नर्सेज और सपोर्टिंग स्टाफ की भी भर्ती करने जा रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक राज्य के 220 स्थानों पर बड़े अभियान के तौर पर ब्लड डोनेशन कैंप लगाए जाएंगे तथा प्रत्येक गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 25 लाख से अधिक लोगों को इससे लाभान्वित किया जाएगा।

### ईश्वर के बाद चिकित्सक का सम्मानः जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों के साथ-साथ सपोर्टिंग स्टाफ की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होने से अधिकतर चिकित्सक इन क्षेत्रों में भी अपने आप सेवाएं देने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आज भी लोग ईश्वर के बाद सबसे अधिक सम्मान चिकित्सक को देते हैं इसी कारण चिकित्सकों को लोगों के विश्वास को और बढ़ाने के प्रयास करने होंगे।



# कांग्रेस ने उठाई निर्वाचन आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, प्रदेश में पंचायत चुनाव पर डाका डालने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के एक वृहद प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत सिंह से राजभवन में मुलाकात कर निर्वाचन आयुक्त को बर्खास्त करने की मांग उठाई।

कहा कि राज्य में हाल ही में संपन्न त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों में हुई धांधलियों व सरकारी संरक्षण में सत्ताधारी दल की और से की गई गुंडागर्दी गोली-बारी व अपहरण की घटना व नेता विपक्ष यशपाल आर्य व विधायकों के खिलाफ की गई एफआईआर व राज्य के अधिकारियों की और से असंवैधानिक कार्य करने के मामलों पर विस्तार से जानकारी दी।

माहरा ने राज्यपाल से कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने जंगल राज कायम किया हुआ है और जान बूझ कर पंचायत चुनाव समय पर ना करवा कर सात महीनों की देरी की गई जिससे इनके वे लोग जो निकाय चुनावों में मतदाता थे वे ग्रामीण क्षेत्रों में भी चुनावों में प्रतिभाग कर सकें। माहरा ने नैनीताल, बेतालघाट व रुद्रप्रयाग के उदाहरण देते हुए कहा कि प्रशासनिक तंत्र सारे तमाशे में मूक दर्शक बना रहा और अपराधी खुलेआम जिला पंचायत सदस्यों का अपहरण करते रहे और बेतालघाट में दिन दहाड़े गोलियां चलाते रहे। पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए आरक्षण किया गया। विधायक काजी निजामुद्दीन ने कहा कि राज्यपाल प्रदेश की सरकार और प्रदेश की संवैधानिक संस्थाओं का संरक्षक होते हैं इसलिए आज जब वर्तमान हुकूमत संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही है तो राज्यपाल को हस्तक्षेप करना चाहिए और सरकार को सख्त संदेश देना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री हरिश रावत ने कहा कि शुरू से और चुनाव संपन्न होने तक राज्य निर्वाचन आयोग सरकार की कठपुतली बन कर काम करता रहा जबकि वो एक स्वायत्तशासी संवैधानिक संस्था है और उसको निष्पक्षता के साथ अपनी भूमिका ईमानदारी से निभानी चाहिए, उसने ठीक इसके विपरीत पंचायती राज्य कानून की ही धज्जियां उड़ाते हुए ऐक्ट के खिलाफ आदेश जारी करते हुए दो जगह नाम वालों को चुनाव लड़ने की अनुमति दे दी जिसको उच्च न्यायालय नैनीताल ने स्टे कर दिया उसके बावजूद राज्य निर्वाचन आयोग ने उच्च न्यायालय के आद. `शों का भी पालन नहीं किया। राज्यपाल लेफ्टीनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे उनके द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करते हुए सरकार को उचित संदेश देंगे। प्रतिनिधिमंडल में विधायक ममता राकेश, विधायक विक्रम सिंह, विधायक फुरकान अहमद, विधायक रवि बहादुर, विधायक अनुपमा रावत, पूर्व विधायक राज.

## कांग्रेसियों ने वीर शहीद जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किये

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में व वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में रविवार को कांग्रसियों ने शौर्य स्थ्थल, युद्ध स्मारक, चीड़बाग (कैंट रोड), देहरादून पहुंचकर उत्तराखंड के वीर शहीद जवानों को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस मौके पर वहां उपस्थित कांग्रेसजनों व कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी आदि भी मौजूद रहे।

# श्रमिकों की समस्याओं के 8299 आवेदनों का समाधान किया

## मुख्यमंत्री धामी ने डीबीटी से ट्रांसफर की 25 करोड़ रुपए की धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा एक विशेष अभियान चलाकर श्रमिक एवं श्रमिकों के आश्रितों के पुत्री विवाह सहायता योजना, मृत्यु अनुदान योजना, प्रसूति सहायता योजना एवं शिक्षा सहायता योजना अंतर्गत 8,299 आवेदनों का ऑनलाइन निस्तारण किया गया। जिसका मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऑनलाइन डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर एक क्लिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य मंत्री



गीता रावत, उप श्रमायुक्त मधु नेगी चौहान, विपिन कुमार, उमेश चंद्र राय, के.के. गुप्ता, कमल जोशी एवं समस्त सहायक श्रम आयुक्त तथा एचडीएफसी बैंक की ओर से सुमित गोयल, इशान शर्मा, रोहित थपलियाल आदि उपस्थित रहे।

इसके तहत कुल 24,85,19,700 रुपये (चौबीस करोड़ पिचासी लाख उन्नीस हजार सात सौ रुपये) की धनराशि संबंधित श्रमिक एवं उनके आश्रितों के बैंक खातों में हस्तांतरित की गई। सचिव श्रम श्रीधर बाबू अद्दांकी व श्रमायुक्त प्रकाश चंद्र दुमका, श्रमायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि कर्मकार बोर्ड द्वारा विगत एक माह में विशेष अभियान चलाकर इन 8,299 आवेदनों का निस्तारण किया गया। बोर्ड स्तर पर प्रथम बार इस प्रकार का प्रयास किया गया है। यह भी आश्वस्त किया गया कि भविष्य में प्राप्त होने वाले सभी आवेदनों को भी ससमय अभियान चलाकर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

### श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित हो समाधानः सीएम धामी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बोर्ड के इस प्रयास की सराहना की गई तथा श्रम विभाग के लेबर सेस मैनेजमेंट पोर्टल और ई-श्रम पोर्टल पर राज्य की उत्कृष्ट प्रगति को देखते हुए श्रम विभाग के अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि श्रम विभाग को जहाँ एक ओर श्रमिकों की समस्याओं का निस्तारण तत्परता के साथ करना होगा वहीं उद्योगों एवं श्रमिकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा ताकि श्रमिकों को निरंतर सुलभता रोजगार प्राप्त होता रहे और उनकी छोटी-छोटी समस्या का निस्तारण तत्काल किया जा सके।

## टोयोटा नए आकर्षक ब्लूइश ब्लैक रंग में उपलब्ध

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी अर्बन क्रूजर टाइजर के लिए दो अहम अपग्रेड की घोषणा की। कंपनी ने नया ब्लूइश ब्लैक एक्सटीरियर कलर पेश किया है और सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स शामिल किए हैं। टोयोटा हमेशा ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देता है और उसकी सोच बेहतर से बेहतर कारें प्रदान करने पर केंद्रित रहती है।




# अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक ऐतिहासिकः भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य महेंद्र भट्ट ने धामी कैबिनेट के मंजूर उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान विधेयक को विधान सभा के पटल पर लाने के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इस अधिनियम से शैक्षिक गुणवत्ता के साथ ही अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

भट्ट ने कहा कि इस अधिनियम से

राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों के शैक्षिक संस्थानों को अब पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से मान्यता मिलेगी। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे। इससे राज्य सरकार के पास संस्थानों के संचालन की निगरानी करने और समय-समय पर आवश्यक निर्देश जारी करने की शक्ति होगी। उन्होंने कहा कि यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा जिसका उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना है, साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है। भाजपा का मूल मंत्र सबका साथ सबका विकास है। इसलिए इस अधिनियम मे सभी अल्प संख्यक वर्गो को प्रतिनिधित्व दिया गया है। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार शैक्षिक संस्थान को अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा पाने हेतु मान्यता लेने और संस्थानों की स्थापना एवं संचालन में हस्तक्षेप नहीं करने बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता मे सहयोग जैसे कदम साराहनीय हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यपाल से की शिष्टाचार मुलाकात



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से रविवार को राजभवन में स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से राज्य में स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 18 अगस्त 2025

# शब्दों की जादूगिरी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) को लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की सौगात दी। उन्होंने दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, प्रधानमंत्री मोदी अपने शब्दों की जादूगिरी से विपक्ष को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। इस अवसर पर एसआईआर विवाद के बीच पीएम मोदी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आज भाजपा की सरकार दिल्ली के चारो तरफ है। यह दिखाता है जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। यही आशीर्वाद कुछ लोग बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। वे जनता से दूर हो चुके हैं। जमीन से दूर हो चुके है। एक तरफ मोदी अपने वैचारिक इकोसिस्टम को खाद-पानी देने की कोशिश कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ देश के समक्ष ठोस चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, इनमें से एक की सफलता दूसरे की कीमत पर ही संभव है। प्रसंगवश बताते चलें कि लालकिले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार 12वां स्वाधीनता दिवस संबोधन न सिर्फ इसलिए उल्लेखनीय था कि इसने राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को खास तवज्जो दी, बल्कि इसलिए भी कि इसने देश के सामने सांप्रदायिक रंगत वाले जनसांख्यिकीय खतरे पर जोर दिया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तारीफों के पुल बांधते हुए मोदी ने अपना पुराना राग दोहराया और कहा कि एक नये संकट के बीज बोये जा रहे हैं। उन्होंने जिसे देश की जनसांख्यिकी बदलने की सोची- समझी साजिश करार दिया, उससे निपटने के लिए उच्चाधिकार-प्राप्त जनसांख्यिकी मिशन का गठन, विभिन्न समुदायों के बीच जनसंख्या वृद्धि की अलग -अलग दरों और पड़ोसी देशों से दस्तावेज-विहीन प्रवासियों की घुसपैठ की ओर इशारा करके देश का धार्मिक आधार पर ध्रुव. ीकरण करने की एक बेपर्दा कोशिश से ज्यादा कुछ नहीं है। हालांकि, भाषण में ठोस मुद्दों पर भी बात की गयी, जिसमें अर्थव्यवस्था, रक्षा व प्रौद्योगिकी, और युवा सशक्तीकरण समेत सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर काफी फोकस था। मोदी ने बीते साल में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास परिख्रश्य में आये बदलावों का भी लेखा-जोखा पेश किया, और आगे क्या आसार हैं, इस पर बात की। मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों को सराहा और कहा कि इसने भारत की रक्षा क्षमताओं और स्वदेशी हथियारों की प्रभावशीलता का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस मौके का इस्तेमाल भारत के दुश्मनों, खासकर पाकिस्तान, को चेतावनी देने के लिए करते हुए, आतंकवाद और सीमा-पार हमलों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को रेखांकित किया। माओवादी विद्रोह के खिलाफ लड़ाई में मिली हालिया कामयाबी का भी जिक्र हुआ। जैसा कि मोदी ने ऐलान किया, एक पूर्ण स्वदेशी रक्षा प्रणाली मिशन सुदर्शन चक्र 'को साल 2035 तक विकसित व तैनात किया जायेगा। ज्यादा ब्योरा तो नहीं था, पर उन्होंने इसे एक शक्तिशाली हथियार प्रणाली बताया जो न सिर्फ दुश्मन के हमलों को निष्प्रभावी करेगी, बल्कि दुश्मन पर कई गुना ज्यादा पलटवार भी करेगी। वैश्विक शक्ति समीकरणों में तेजी से बदलाव के बीच, मोदी के स्वाधीनता दिवस संदेश का निशाना अमेरिका भी था जिसने कई भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी के भारी टैरिफ का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी के शब्दों की जादूगिरी अभी तक विपक्ष के हमलों का माकूल जवाब देने में नाकाम नहीं, तो कोई खास असर भी नहीं दिखा पाई है।

## सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए



चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है, चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है, आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व चुनाव आयोग के कंधों पर है, माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वो ये न समझें कि वो अकेले हैं, जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा, तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उसका रक्षा कवच बन जाएगा, सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है, सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए।

**-अखिलेश यादव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सपा**

# निर्वाचन आयोग की प्रेस कान्फ्रेंस, जवाब 'NEXT'






**पवन सिंह**

क्या यही बहुत प्रचारित प्रेस कॉन्फ्रेंस थी। आज जब सनसनाते हुए सवाल आने लगे तो जुबान ही चली गई। लगा कि यह प्रेस कॉन्फ्रेंस थी ही नहीं। यह तो वोट चोरी पर जस्टीफिकेशन था। मैं बेशक यह लिख सकता हूं कि केन्द्रीय चुनाव आयोग की यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

आम जनता के सुलगते सवालों पर कोई जवाब ही नहीं था। सीधे-सीधे सपाट शब्दों में लिखूं तो आयोग ने उल्टा ही अपने ऊपर और गहरा संदेह ओढ़ लिया। जनता के सवालों/संदेहों से आयोग के अधिकारियों के चेहरों से हवाई उड़ रही थी। इससे तो बेहतर होता आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलेआम सारा सच खोलकर इस्तीफा दे देते। इतिहास में अमर हो जाते। कितने दिनों तक और जियोगे। 10-15-20 साल। यह कलंक और लोकतंत्र की हत्या का बोझ लेकर। यह प्रेस कांफ्रेंस वही कर सकता था जो जमीर और आत्मा दोनों निकाल चुका हो।

आपने तो CCTV फुटेज पर ऐसा बेहूदा तर्क दिया कि क्या महिलाओं की वीडियो दिखानी है? पोलिंग बूथ के अंदर क्या महिलाएं स्नान करती हैं? क्या कपड़े बदलती हैं? क्या अंत:वस्त्र पहनती हैं। पोलिंग बूथ के अंदर फुटेज मांगने पर यह सड़कछाप तर्क रखने के लिए यह छपरीनुमा प्रेस कांफ्रेंस की थी क्या? ऐसा क्या है पोलिंग बूथ के फुटेज के भीतर कि आपको यह बेहूदा तर्क देना पड़ा?

डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।

जब सवालों के जवाब देने की हैसियत ही नहीं थी और सच बताने का साहस ही नहीं था तो प्रेस कांफ्रेंस क्यों की थी और अगर की थी तो केवल पानी के बताशे टाइप्स मीडिया जुटा लेते। ऐसे NEXT कह कर भागना तो न पड़ता। निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी सीधे जनता के प्रति है और स्वस्थ लोकतंत्र को बचाने के प्रति है। अगर यही प्रेस कांफ्रेंस थी तो इसे नहीं करना चाहिए था। फिर से आप एक्सपोज हो चुके हो। शर्मनाक था तुम्हारा NEXT, आयोग जाने-अनजाने देश को ऐसे संघर्ष के दोषी और साक्षी बनेगा। जिसे कोई नागरिक देखना नहीं चाहता। समूची प्रेस कांफ्रेंस शर्मनाक रही। पूरे देश खासकर हिंदी बेल्ट में मतदाताओं की संख्या आश्चर्यजनक रूप से झोलझाल है। उदाहरण स्वरूप बनारस, मतदान केंद्र संख्या -206, कन्या प्राइमरी, शंकुलधारा, कश्मीरीगंज की एक लिस्ट में एक आदमी ने 13 साल में ही, एक कमरे में, इकलौती बीबी से 43 बच्चे पैदा कर डाले और सब के सब मेल। बिहार में जिन 17 को मरा दिखाया वह सब जिंदा निकले, बेंगलूर सेंट्रल में म.नं.-791 में 43 वोटर, मुजफ्फरपुर में एक ही पते पर 269 वोटर, जमुई में एक ही पते पर 267 वोटर, बिना पते के 2.92 वोटर, गोमतीनगर, लखनऊ में तमाम मृत लोगों के नाम की भी पर्चियां, खंदौली, आगरा में एक ही पते पर 510 वोट, कर्नाटक के एक ही मकान में 80 वोटर। सवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस में उठे तो कन्नी काट कर भाग गए। शाम 5 बजे के बाद आश्चर्यजनक रूप से वोटिंग और जवाबदेही पर टका सा छतरी खोल टाइप उत्तर-NEXT, यहां सवाल किसी राजनी. तिक दल के हारने व जीतने का है ही नहीं। यहां सवाल निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता और लोकतंत्र के प्रति निष्ठा का है। आयोग ने अपनी विश्वसनीयता शून्य कर ली है। जो इस देश के लो. कतंत्र के लिए भयावह साबित होगा। अब जनता उन नेताओं के वो कान्फिडेंस से भरे उद्गारों को को-रिलेट कर रही है कि अब की बार। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश के खेल को जो तमाम तरह के संदेह से भरे हैं। मुझे याद है महाराष्ट्र में चुनाव परिणामों के बाद आम जनता ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया था और सोशल मीडिया पर उसकी जबरदस्त चर्चा हुई थी। मामला न्यायालय गया, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। हालांकि तमाम वीडियो वायरल हुए जिसमें सड़कों पर हजारों लोगों की भीड़ को नारेबाजी करते देखा जा सकता है। ये लोग ईवीएम हटाओ, देश बचाओ के नारे लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो को शेयर करते हुए दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो महाराष्ट्र का है, जहां भारी संख्या में लोग ईवीएम के खिलाफ सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। मेन स्ट्रीम मीडिया को इसे कवर नहीं करना था तो उसने नहीं किया। फिलहाल, चुनाव आयोग की साख पर बुरी तरह से बट्टा लग चुका है और यह एक बहुत बड़े आंदोलन का सबब बन सकता है। यह प्रेस कांफ्रेंस बैक फायर कर गई है।

**डिजिटल वोटर रोल पर किस बात की गोपनीयता? क्या कोई सेना की तैनाती या गोपनीय जानकारी साझा करने को आपसे कह रहा है? आपकी ही भाषा में सवाल है कि क्यों चोक ले रही है आपकी? क्या जनता का मतदाता का यह अधिकार नहीं है कि वह डिजिटल वोटर लिस्ट देख सके? जब छपी हुई लिस्ट पहले से सार्वजनिक पटल पर है, तो उस लिस्ट का डिजिटल संस्करण दिखाने में दिक्कत क्यों हो रही है। SIR प्रक्रिया पर बेहूदगी से कन्नी काटकर निकल गए। हजारों जिंदा लोगों को मृत दिखा दिया और इस खेल में जो भी शामिल हैं सबको बचाया जा रहा है। जब परंज्वाय सीनियर पत्रकार ने निर्वाचन आयोग से एक सीधा व सपाट सवाल किया तो आयोग के अधिकारी सीधे सवाल से ही भाग निकले।**

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आपदाओं से त्रस्त देवभूमि उत्तराखंड

**चाहे बादल फटे या लैंडस्लाइड हो, देवदार के पेड़ मलबा- पानी को नीचे नहीं आने देते थे क्योंकि हिमालय की उत्पत्ति के बाद से ही इसको मजबूत बनाए रखने में देवदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके जंगल काफी सघन होते हैं और इसके नीचे के हिस्से में बांज जैसी घनी झाड़ियां होती हैं जो बादल फटने पर भी हिमालय की मिट्टी को जकड़ कर रखती हैं जिससे ऐसी त्रासदी की सम्भावनाएं नगण्य रहती हैं, इसीलिए हिमालयवासी देवदार को भगवान की तरह पूजते हैं। किन्तु 19 वीं सदी में विल्सन के समय से जो इन पेड़ों को काटने का सिलसिला प्रारंभ हुआ आज तक अनवरत रूप से जारी है। समय की मांग है कि उच्च हिमालई क्षेत्र में देवदार के कटान पर पूर्णतरू रोक लगाई जाय और देवदार के जंगलों को फिर से विकसित किया जाए।**



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

भारत भूमि का उत्तर भाग जो वनाच्छादित व हिमाच्छादित रहा है तथा अनेक नदियों का उद्गमस्थल व झील-झरनों से परिपूर्ण है। यहां की शांति, एकांत व प्राकृतिक वातावरण प्राचीन काल से ऋषि, मुनियों,संतों व महापुरुषों को जप, तप व ध्यान हेतु अपनी ओर आकर्षित करता रहा है। उत्तराखंड तपोभूमि होने के साथ देव भूमि भी है क्योंकि पावन गंगा का उद्गमस्थल गंगोत्री और यमुना का उद्गमस्थल यमुनोत्री के साथ भगवान बद्रीनाथ की तपोस्थली बद्रीनाथ तथा आदि शंकराचार्य की निर्वाण स्थली व भगवान शिव की पवित्र भूमि केदारनाथ यहीं अवस्थित है। प्रश्न उठता है कि देवों की भूमि और ऋषि -मुनियों की तपोस्थली आज आपदाओं से त्रस्त क्यों है?

आज मानव का दृष्टिकोण बदला है। अब लोग देव दर्शन या साधना के निमित्त कम, पर्यटन की दृष्टिकोण से पहाड़ों की ओर अधिक गमन कर रहे है। देव दर्शन में संयम और श्रद्धा के साथ सीमित संसाधन का उपयोग करते हुए जप-तप और साधना पर ध्यान केंद्रित होता है जबकि पर्यटन में लोगों का आहार- विहार और व्यवहार पश्चात संस्कृति से प्रभावित होता है और मौज मस्ती उनका उद्देश्य होता है। इसी दृष्टि से प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक विभिन्न तीर्थ की यात्राएं करते हैं। उनकी सुविधाओं के दृष्टिगत ऑल वेदर रोड, सुरंग युक्त रेल परियोजनाएं, रोपवे,होटल, रिजॉर्ट्स और अन्य निर्माण कार्य बिना सही भूगर्भ जांच और पर्यावरण अध्ययन के सतत जारी है जिससे पहाड़ लगातार कमजोर हो रहे हैं।

अनियोजित, अवैज्ञानिक विकास कार्यो ने आपदाओं को बढ़ावा दिया है।हमें प्रकृति की संवेदनशीलता को समझना होगा क्योंकि पहाड़ों का एक पारितंत्र है,अगर हम उसका दोहन, उत्पीड़न व शोषण करेंगे तो उससे उसका पारितंत्र छिन्न-भिन्न होगा और उसका परिणाम हमें पर्वतीय क्षेत्रों में बार-बार होने वाली बाढ़ ,भूस्खलन, बादल फटना, अत्यधिक वर्षा, भूकंप, जंगल की आग आदि त्रासदियों के रूप में भुगतना पड़ेगा क्योंकि हमने केदारनाथ की जल प्रलय से कोई सीख नहीं ली और उसी का परिणाम है कि 5 अगस्त को धराली की जलप्रलय का हमें सामना करना पड़ा। इसके साथ ही बादल फटने से पर्यटन स्थल हर्षिल में भी तबाही हुई। खीर गंगा नदी में आई बाढ़ से 34 मिनट में धराली गांव जमींदोज हो गया। धराली-जल प्रलय से हमें प्रकृति के संदेश को समझना होगा कि यदि हमने नदियों के क्षेत्र का अतिक्रमण करते हुए होटल ,रेस्टोरेंट और आवास बनाए तो उसके गंभीर परिणाम हमें भुगतने होंगे। खीर गंगा के जलग्राही क्षेत्र में हमने जिस तरह निर्माण किया, उसी से आपदा ने विकराल रूप धारण किया क्योंकि गाद से बनी समतल भूमि जो नदी का प्राकृतिक बहाव क्षेत्र थी ,पर हमने मकान, होटल और रेस्टोरेंट बना दिए और खीर गंगा के प्राकृतिक बहाव को मोड़ते हुए घुमावदार धारा के साथ बंध बना दिए जिससे यह स्थान सुरक्षित रहे किंतु सैलाब आने पर वह हमेशा अपने पुराने प्राकृतिक मार्ग से होकर ही गुजरता है।

इसी कारण इस बार कीचड़ और मलबे का तेज बहाव उन मजबूत बंध को तोड़कर उस समतल भूमि पर फैल गया जहां हमने नदी क्षेत्र पर अतिक्रमण करके आधुनिक धराली गांव बसा लिया था जिसे प्रकृति ने अपने बहाव के लिए सुरक्षित रखा था।हमें नदियों के जलग्राही क्षेत्रों में निर्माण करने से बचना होगा क्योंकि धराली का मूल गांव आज भी सुरक्षित है लेकिन बाजार-होटल धाराशाई हो गए। हमें जल प्रलयकारी आपदाओं से बचने हेतु नदियों के किनारे -किनारे और उनके घुमावदार मार्ग से दूर मानव बसावट करनी होगी।जल और वृक्ष पहाड़ों की धरोहर है। धराली आपदा को देवदार के पेड़ रोक सकते थे क्योंकि धराली से ऊपर गंगोत्री वाले हिमालय क्षेत्र में देवदार पेड़ों की संख्या पहले बहुत अधिक थी और उत्तराखंड का उच्च हिमालई क्षेत्र देवदार के जंगलों से परिपूर्ण था।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घड़ियाल संरक्षण के 50 सालः क्या हम सफल हुए

18 जून को विश्व मगरमच्छ दिवस पर मगरमच्छ संरक्षण परियोजना की शुरुआत की स्वर्ण जयंती मनाई गई। भारत सरकार ने 1975 में जब घड़ियालों के संरक्षण के लिए व्यापक राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत की थी, तब यह उम्मीद थी कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सरकारी संसाधनों के साथ यह मछलीभक्षी मगरमच्छ कृ जिसे वैज्ञानिक भाषा में गैवियालिस गैंजेटिकस कहा जाता है कृ फिर से भारतीय नदियों में आबाद हो सकेगा। लेकिन आज, इस प्रयास के 50 साल बाद, हमें खुद से यह कठिन सवाल पूछना होगारू क्या हम वाकई घड़ियाल को बचा पाए हैं?

जब घड़ियाल की बात होती है, तो अक्सर उसे एक विलुप्तप्राय जलचर के रूप में देखते हैं - एक ऐसा जीव, जो अपने अस्तित्व की अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। लेकिन घड़ियाल सिर्फ एक प्रजाति का नाम नहीं है। उसकी उपस्थिति खुद में एक संकेत है, नदी की सेहत, पारिस्थितिकी संतुलन और जैव विविधता के प्रति हमारी संवेदनशीलता का।


घड़ियाल, अपनी पतली लंबी थूथन और मछलियों पर निर्भरता के कारण नदी पारिस्थितिकी का एक अनूठा जीव है। 20वीं सदी के आरंभ तक यह प्रजाति सिंधु, गंगा, ब्रह्मपुत्र, महानदी और इरावदी जैसे विशाल नदी तंत्रों में व्यापक रूप से पाई जाती थी। लेकिन 1940 के दशक में इसकी संख्या मात्र 5-10 हजार के बीच रह गई और 1970 के दशक तक यह 98 फीसदी से अधिक क्षेत्र से गायब हो चुकी थी। इसी संकट को देखते हुए, 1975 में भारत सरकार ने संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन द्धथ्व्क्रऋ और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्धन्छक्च्क्रऋ के सहयोग से क्रोकोडाइल कंजर्वेशन प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की तीन दुर्लभ घड़ियाल (मगरमच्छ) प्रजातियों, मगर और खारे पानी के मगरमच्छ को संरक्षित करना था। यह परियोजना 'पालन और पुन:प्रक्षेपण' विधि का उपयोग करके, बंदी अवस्था में मगरमच्छों को पालने और फिर उन्हें प्राकृतिक आवासों में छोड़ने पर केंद्रित थी। इसके अंतर्गत देश भर में 16 मगरमच्छ पुनर्वास केंद्र और 11 मगरमच्छ अभयारण्यों की स्थापना की गई। इनमें नेशनल चंबल सैंक्चुरी, कटर्नियाघाट, सतकोसिया, सोन घड़ियाल अभयारण्य और केन घड़ियाल अभयारण्य मुख्य है।

हाल की वार्षिक गणनाओं के अनुसार, आज भारत में वयस्क घड़ियालों की संख्या मात्र 650 के आसपास है, जिनमें से 550 नेशनल चंबल सैंक्चुरी में ही सीमित हैं। सवाल उठता है कि आधी सदी चले इस विशाल संरक्षण कार्यक्रम का परिणाम इतना सीमित क्यों है?

इसका जवाब संरक्षण की मूल रणनीति में निहित है कृ हमने बार-बार बंदी प्रजनन और पुन:प्रक्षेपण पर बल दिया, लेकिन उनकी प्राकृतिक निवास कृ नदियां कृ निरंतर संकट में रहीं। घड़ियाल की मौजूदगी यह भी दर्शाती है कि वह नदी अब भी जीवित है, उसमें प्रदूषण नहीं फैला है, उसमें प्रवाह बचा है, और उसमें जीवन पल रहा है। इसलिए वैज्ञानिक घड़ियाल को एक 'जैव संकेतक' मानते हैं - एक ऐसा जीव जो हमें बिना कुछ कहे यह बता देता है कि नदी कितनी स्वस्थ है।

घड़ियालों के जीवित रहने का पूरा दारोमदार नदियों पर है। वे खुले, बहावयुक्त नदी प्रवाह, रेत के टीलों और मछलियों की पर्याप्त उपलब्धता वाले वातावरण में ही पनप सकते हैं। लेकिन इन पांच दशकों में भारतीय नदियां बेतहाशा रेत खनन, बांधों, बैराजों, प्रदूषण और अवैध मछली पकड़ने के कारण क्षतिग्रस्त हुई हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, चंबल जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक और अवैध रेत खनन ने घड़ियालों के घोंसले बनने वाली रेत पट्टियों को नष्ट कर दिया है। कई क्षेत्रों में तो घोंसले लगभग समाप्त हो चुके हैं। घड़ियालों की 90 फीसदी से अधिक मौतें मॉनसून के बाद पहले तीन महीनों में होती हैं यह दिखाता है कि केवल अंडे देना और बच्चे निकलना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका जीवित रहना ही असली चुनौती है। घड़ियाल का संरक्षण अपने आप में रेत खनन पर नियंत्रण की मांग को जन्म देता है, जो बाढ़ नियंत्रण से लेकर जलप्रवाह की गुणवत्ता तक, कई प्राकृतिक संतुलनों को बनाए रखने में सहायक होता है। मद्रास क्रोकोडाइल बैंक ट्रस्ट द्वारा 2008 में शुरू किए गए घड़ियाल इकॉलॉजी प्रोजेक्ट के प्रमुख अन्वेषक प्रो. जेफरी लैंग के अनुसार हअब जरूरत है कि हम नदी पारिस्थितिकी की संपूर्णता पर ध्यान दें। घड़ियाल संरक्षण के प्रयास तब तक सार्थक नहीं होंगे जब तक कि नदियां अपने प्राकृतिक रूप में मुक्त बहने वाली न हों, उनमें बांध बैराज न्यूनतम हों और रेत खनन नियंत्रित हो। इसी तरह, नेचर कंजर्वेशन सोसाइटी के सचिव राजीव चौहान कहते हैं, हबंदी प्रजनन और पुनर्वास केवल एक 'बैंड-ऐड' उपाय है। जब तक हम प्रवाह, मत्स्य पालन और रेत खनन पर सख्त नियंत्रण नहीं रखते, तब तक मगरमच्छों के पुनर्वास के प्रयास व्यर्थ है। ओडिशा ही एकमात्र राज्य है, जहां तीनों मगरमच्छ प्रजातियां - खारे पानी के मगर (भितरकनिका), घड़ियाल (सतकोसिया) और मगरी (सिमलीपाल) - पाई जाती हैं। पश्चिम बंगाल में सुंदरबन के बाद भितरकनिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है।

दोनों क्षेत्र भारत में खारे पानी के मगरमच्छों के तीन गढ़ों में से हैंय तीसरा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह है। वर्ष 2025 की जनगणना में 1826 खारे पानी के मगर, 16 घड़ियाल और लगभग 300 मगरी गिने गए। हालांकि यह संरक्षण की सफलता दर्शाता है, लेकिन हाल ही में भितरकनिका और उसके आसपास के इलाकों में इंसानों और मगरमच्छों के बीच संघर्ष बहुत बढ़ गया है। पिछले साल जून और अगस्त के बीच पार्क और उसके आसपास मगरमच्छों के हमलों में एक 10 वर्षीय लड़के सहित छह लोगों की मौत हो गई थी। वहां अब इन इलाकों में बाड़बंदी और चेतावनी प्रणाली जैसे उपाय लागू किए जा रहे हैं। एक ताजा अध्ययन में पाया गया है कि आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन से घड़ियालों के लिए उपयुक्त क्षेत्र 36 फीसदी से 145 फीसदी तक बढ़ सकता है - विशेषतरू उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, असम, उत्तराखंड जैसे राज्यों में। वहीं ओडिशा और राजस्थान जैसे राज्य शायद अपनी उपयुक्तता खो बैठेंगे। अध्ययनकर्ताओं ने सिफारिश की है कि ब्रह्मपुत्र और महानदी घाटियों में संभावित क्षेत्रों का मैदानी सर्वेक्षण किया जाए, उन्हें संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जाए और स्थानीय समुदायों को संरक्षण



प्रक्रिया में सहभागी बनाया जाए। घड़ियाल संरक्षण के 50 वर्षों का अनुभव हमें यही सिखाता है कि सिर्फ प्रजाति पर केंद्रित नीतियां नाकाफी है। जब तक हम नदियों को, उनके प्रवाह को, उनकी जैव विविधता को, उनके किनारे के समुदायों को संरक्षण नीति का हिस्सा नहीं बनाएंगे, तब तक घड़ियाल जैसे जीव केवल सरकारी आंकड़ों में ही जीवित रहेंगे।

**-स्रोत फीचर्स**

## संक्षिप्त समाचार

### पाक में बंदूकधारी हमलावरों ने सात को उतारा मौत के घाट

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिकनिक से लौट रहे दोस्तों के एक समूह पर अज्ञात बंदूकधारियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल बताया जा रहा है। पुलिस ने रविवार को बताया कि पीड़ितों पर शनिवार देर रात पेशावर से लगभग 65 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में कोहाट जिले के उपनगरीय इलाके रेगी शिनो खेल में हमला किया गया। वे टांडा बांध से अपने पैतृक गांव खरा घारी मुहम्मद जई लौट रहे थे।

### रूस की 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर दोबारा जाने की योजना

**व्लादिवोस्तोक।** रूस 2036 से पहले शुक्र ग्रह पर फिर से जाने के लिए अपने वेनेरा-डी अंतरग्रहीय मिशन के प्रक्षेपण की योजना बना रहा है और इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने रविवार को दी। तास समाचार एजेंसी ने रूसी विज्ञान अकादमी के अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान में ग्रह भौतिकी विभाग के प्रमुख ओलेग कोराबलेव के हवाले से कहा कि यह मिशन अब देश के नए राष्ट्रीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का हिस्सा है और मिशन पर प्रारंभिक डिजाइन का काम जनवरी 2026 में शुरू होगा।

### इराक ने आईएस के दो ठिकानों पर हवाई हमले किए

**बगदाद।** इराकी सुरक्षा बलों ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के ठिकानों पर दो हवाई हमले कर वहां छिपे कुछ आतंकवादी मार गिराये हैं। इराकी संयुक्त अभियान कमान (जेओसी) ने यह जानकारी दी है। जेओसी ने एक बयान में कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर, पहला हमला मंगलवार को एफ-16 विमानों से सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के एक महत्वपूर्ण ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया, जिससे वहां मौजूद आतंकवादी मारे गए। दूसरा हमला उत्तरी किरकुक प्रांत में आईएस के एक और ठिकाने को निशाना बनाकर गुरुवार को किया गया।

### उत्तरी चीन में अचानक आई बाढ़ से आठ लोगों की मौत

**होहोट।** उत्तरी चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में शनिवार देर रात अचानक बाढ़ आने से आठ लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग लापता हो गये। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उराद रियर बानेर के जनसंपर्क विभाग के अनुसार यह आपदा शनिवार रात लगभग 10 बजे बयानूर शहर के उराद रियर बानेर में नदी के ऊपरी क्षेत्र में आई जिसमें 13 शिविरार्थी लापता हो गए। रविवार सुबह 10 बजे तक एक व्यक्ति को बचा लिया गया, आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और चार लोग लापता हैं।



जम्मू-कश्मीर। अनंतनाग जिले के पहलगाम में 'तिरंगा रैली' में भाग लेते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के सदस्य।

# अमेरिका को लगता है, वो मनमानी कर लेगा

## मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को लताड़ा

**वॉशिंगटन।** मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने भारत पर भारी भरकम टैरिफ लगाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को जमकर लताड़ लगाई है। सैक्स ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को बेवकूफी भरा बताया और कहा कि इससे अमेरिका को कुछ हासिल नहीं होगा।

■ यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है, ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी



न्यूज एजेंसी एएनआई के साथ बातचीत में जेफ्री सैक्स ने कहा कि ट्रम्प का टैरिफ लगाने का फैसला साफ तौर पर उनकी ब्रिक्स संगठन के सदस्य देशों के प्रति दुश्मनी को दिखाता है। जेफ्री ने कहा इतना ज्यादा टैरिफ लगाने का कोई मतलब नहीं। ये सही नहीं है। इससे कुछ नहीं होगा। भारत पर टैरिफ लगाना हर लिहाज से बेवकूफी है। अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प भ्रम में जी रहे हैं। उन्होंने कहा अमेरिका ने लंबे समय तक इस दुनिया पर अपना प्रभुत्व बनाकर रखा और उन्हें अब भी लगता है कि वे दुनिया पर अपनी मनमानी चला सकते हैं। सैक्स के अनुसार, अमेरिका द्वारा भारत पर रूसी तेल खरीदने के लिए लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ न सिर्फ अमेरिका की खुद की अर्थव्यवस्था के लिए को नुकसान पहुंचाएगा। सैक्स ने कहा टैरिफ में सबकुछ गलत है। यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा और यह अंतर्राष्ट्रीय कानून व्यवस्था का भी उल्लंघन है। यह हमारी राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी खराब है। ट्रम्प की नीतियां असफल ही होंगी। अर्थशास्त्री ने भारत को अमेरिका के प्रति सतर्क रुख करने की भी सलाह दी और कहा कि रक्षा और व्यापार के लिए अमेरिका पर निर्भरता भारत के दीर्घकालिक हितों के खिलाफ होगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राजनेताओं को भारत की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।

कृपया इसे समझें। चीन के खिलाफ क्वाड में अमेरिका का साथ देकर भारत को दीर्घकालिक सुरक्षा नहीं मिलेगी। भारत खुद एक महाशक्ति है जिसकी दुनिया में अपनी एक स्वतंत्र जगह है। सैक्स ने आश्चर्यजनक रूप से चीन, रूस और ब्राजील को भारत के सच्चे साझेदार देश बताया। सैक्स ने कहा कि भले ही भारत, अमेरिकी आपूर्ति में विविधता लाने में मदद करे, फिर भी उसे वाशिंगटन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंधों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

# टलेगी भारत-अमेरिका बिजनेस डील!

## छठे दौर की बातचीत के लिए ट्रम्प की टीम को भारत आना था, डेयरी प्रोडक्ट्स पर है विवाद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर बातचीत टल सकती है। यह 25 से 29 अगस्त को होने वाली थी। अब यह बैठक बाद में होने की संभावना है। अब तक इस समझौते के लिए पांच दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है, छठे दौर के लिए अमेरिकी टीम को भारत आना था। इससे पहले अमेरिका ने 6 अगस्त को भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा थी। अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा है, लेकिन भारत इससे इन्कार कर चुका है।

भारत ने साफ कहा है कि वह किसानों और पशुपालकों के हितों से समझौता नहीं करेगा। दोनों देश सितम्बर-अक्टूबर 2025 तक बीटीए के पहले चरण को पूरा करने की योजना बना रहे हैं। फरवरी में वाशिंगटन डीसी में मुलाकात के दौरान ट्रम्प और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक दोगुना करने का लक्ष्य रखा था। अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स जैसे दूध, पनीर, घी को भारत में आयात की अनुमति मिले। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसके अलावा धार्मिक भावना भी जुड़ी हुई हैं। अमेरिका में गायों को बेहतर पोषण के लिए जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) को उनके खाने में मिलाया जाता है। भारत ऐसी गायों के दूध को 'नान वेज मिल्क' यानी मांसाहारी दूध मानता है। भारत की शर्त है कि कोई भी डेयरी उत्पाद तभी भारत में बिक सकता है जब वह यह प्रमाणित करे कि वह पूरी तरह शाकाहारी स्रोत से बना हो। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'स्वदेशी' उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों, मछुआरों और पशुपालकों के हितों की रक्षा करने का संकल्प दोहराया था। उन्होंने कहा कि भारत अपने किसानों और पशुपालकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत और अमेरिका का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डालर से बढ़ाकर 500 अरब डालर करना है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जुलाई 2025 में भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64 प्रतिशत बढ़कर 33.53 अरब डालर हो गया, जबकि आयात 12.33 प्रतिशत बढ़कर 17.41 अरब डालर रहा। अमेरिका इस दौरान भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा, जिसके साथ 12.56 अरब डालर का व्यापार हुआ। अप्रैल से भारत का अमेरिका को निर्यात लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच शुक्रवार देर रात को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच यूक्रेन मुद्दे पर अलास्का में बैठक हुई। इस बैठक से उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच तनाव कम होने से भारत पर अतिरिक्त शुल्क में राहत मिल सकती है। ट्रम्प ने कहा कि अगर मुझे प्रतिबंध लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि भारत रूस से लगभग 40 प्रतिशत तेल खरीदता है, भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस से अपना बड़ा ग्राहक खो दिया है।



**अमेरिका कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच की मांग कर रहा, भारत कर चुका है इन्कार**

### ट्रम्प 22 अगस्त तक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन के पक्ष में

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं से कहा है कि वह 22 अगस्त तक रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। अमेरिकी मीडिया एक्सियोस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ज़ेलेंस्की ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि वह सोमवार को वाशिंगटन में ट्रम्प से मिलेंगे। एक्सियोस के अनुसार, ट्रम्प ने यूरोपीय नेताओं को सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित किया। उधर जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ ने शनिवार को कहा कि ज़ेलेंस्की और ट्रम्प के बीच सोमवार की बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। अभी तक, रूसी पक्ष ने सार्वजनिक रूप से त्रिपक्षीय बैठक के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वाशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वाशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे।

अभी वाशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं। इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वाशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वाशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में 'डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740' लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपालिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा कि हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे।



■ तीन राज्यों से 700 सैनिक बुलाए, अमेरिकी राष्ट्रपति बोले थे: राजधानी में हालात काबू से बाहर

# रूस ने 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया

**कीव।** यूक्रेन की सिक्योरिटी सर्विस (एसबीयू) ने दावा किया है कि जंग शुरू होने के बाद से रूस ने अब तक 21 हजार यूक्रेनी बच्चों को किडनैप किया है। इन बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर उन्हें यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ने के लिए ब्रेनवाश किया जा रहा है।

वहीं, येल यूनिवर्सिटी के रिसर्च ग्रुप ने पब्लिक डेटाबेस और सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए ऐसे 8400 से ज्यादा बच्चों की पहचान की है, जिन्हें यूक्रेन से प्लानिंग के तहत रूस भेजा गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कुछ अरसा पहले कहा था कि हम कम से कम 11,000 बच्चों के नाम तो जानते हैं, जिन्हें जबरन रूस भेजा गया है। एसबीयू ने ऐसी करीब 150 जगहों का पता लगाया है, जहां इन बच्चों को या तो कैम्पों में या उनके कथित दत्तक परिवारों के पास रखा गया है। कुछ बच्चों को मिलिट्री स्कूलों में भर्ती किया गया है। अब तक रूस ने सिर्फ 1200 यूक्रेनी बच्चों को ही वापस भेजा है। यूक्रेन युद्ध की वजह से अब तक 50 लाख से ज्यादा बच्चों को विस्थापित होना पड़ा है। पूर्वी यूक्रेन में रह रहे 16 लाख बच्चों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक यूक्रेनी बच्चों की बड़ी आबादी ऐसे मानसिक तनाव से जूझ रही है, जिससे शायद वे कभी उबर नहीं पाएंगे। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) इन बच्चों की किडनैपिंग को वार क्राइम करार दे चुका है।

वहीं नीदरलैंड्स के हेग स्थित इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) इस मामले में रूसी राष्ट्रपति पुतिन को 'वार क्रिमिनल' घोषित करके उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है। बीते कुछ महीनों में ट्रम्प के साथ अपनी बातचीत में जेलेंस्की ने बार-बार गुमशुदा बच्चों का मुद्दा उठाया है। मई में अमेरिकी सीनेट के एक ग्रुप ने भी एक प्रस्ताव पेश कर कहा था कि रूस के साथ किसी भी शांति समझौते को अंतिम रूप देने से पहले सभी यूक्रेनी बच्चों की वापसी तय होनी चाहिए। जंग शुरू होने के बाद से अब तक 50 लाख यूक्रेनी बच्चे को पलायन करना पड़ा है।

**दावा: बच्चों को अलग-अलग ठिकानों पर रखकर ब्रेनवॉश करके यूक्रेन के खिलाफ ही जंग लड़ने भेजा जा रहा**

### सूडान में आरएसएफ के हमले में 31 की मौत, 13 घायल

**खार्तूम।** पश्चिमी सूडान के अल फशर शहर में रैपिड सपोर्ट फोर्सेस के हमले में शनिवार को कम से कम 31 लोग मारे गए जिनमें सात बच्चे और एक गर्भवती महिला शामिल हैं। इस हमले में 13 अन्य लोग घायल हो गए। स्वयंसेवी समूह सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि आरएसएफ ने अबू शौक विस्थापन शिविर को जानबूझकर तोपखाने से निशाना बनाकर जघन्य अपराध किया है। बयान में चेतावनी दी गई कि अल फशर की जारी घेराबंदी के कारण दवा, चिकित्सा कर्मचारियों एवं भोजन की भारी कमी हो गई है जिससे हजारों विस्थापित महिलाओं एवं बच्चों को धीमी मौत का सामना करना पड़ रहा है। अबू शौक आपातकालीन कक्ष ने एक बयान में कहा कि शनिवार को शिविर के उत्तरी हिस्से में भारी गोलाबारी हुई जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई।

# पाक में बाढ़ से हालात हुए बेकाबू

## 327 लोग गंवा चुके हैं जान

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्र में बारिश और बाढ़ से तबाही मचा रखी है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। पाकिस्तान में बाढ़ के चलते अब तक 327 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

जबकि मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी है। अब मौसम विभाग ने 17 अगस्त से 21 अगस्त तक भारी बारिश की चेता. वनी जारी की है। साथ ही उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों से एहतियाती उपाय करने की अपील की है। पाकिस्तान के आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि मूसलाधार बारिश और बादल फटने के चलते अचानक आई बाढ़ ने खैबर पख्तूनख्वा में कम से कम 327 लोगों की जान ले ली है। अकेले बुनेर में ही 200 से अधिक लोग मारे गए हैं। कम से कम 137 लोग घायल हो गए। बाढ़ के चलते घर ढह गए और पानी के तेज बहाव में कई लोग, मवेशी और वाहन बह गए। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि दूरदराज के गांवों में कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। साथ ही कई लोग लापता हैं। अधिकारियों ने बताया कि लगभग दो हजार कर्मियों के साथ बचाव कार्य जारी है, लेकिन पुलों और संपर्क मार्गों सहित प्रमुख सड़कों के नष्ट होने से राहत कार्य प्रभावित हो रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने चेतावनी दी है कि इस वर्ष सामान्य से पहले शुरू हुई मूसलाधार बारिश अगले दो सप्ताह तक और अधिक तीव्रता के साथ जारी रहने की उम्मीद है।

खैबर पख्तूनख्वा में काम कर रही बचाव एजेंसी के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने कहा कि भारी बारिश, भूस्खलन और सड़कें बहनें से बचाव कार्यों जैसे मशीनरी और एंबुलेंस के परिवहन में परेशानी आ रही है। कुछ इलाकों में मजदूरों को आपदा स्थलों तक पहुं. चने के लिए लंबी दूरी पैदल चलने पर मजबूर होना पड़ रहा है। वे बचे हुए लोगों को निकालने की को. शिश कर रहे हैं, लेकिन बहुत कम लोग ही अपने रिश्तेदारों या प्रियजनों की मलबे में फंसकर हुई मौत के कारण वहां से निकल पा रहे हैं।



■ मानसूनी बारिश के चलते 26 जून से अब तक 650 लोगों की मौत हो चुकी सेना भी चला रही अभियान

# ईरान-रूस बढ़ाएंगे आपसी सहयोग

**तेहरान।** ईरानी उपराष्ट्रपति मोहम्मद-रज़ा आरेफ़ और रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तीन ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विस्तार का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, किर्गिस्तान के चोलपोन-अता में यूरेशियन आर्थिक संघ (ईएईयू) के सम्मेलन से इतर एक बैठक में, दोनों देशों ने साझा हित के क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की।

आरेफ़ ने क्षेत्रीय मुद्दों से निपटने में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए रूस से द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने ऊर्जा, पर्यटन, परिवहन और पारगमन गलियारों को लेकर आपसी सहयोग को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि दोनों देशों को अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियां साझा करनी चाहिए और विदेशी हस्तक्षेप के बिना बहुपक्षवाद की रणनीति अपनाते हुए क्षेत्र की सुरक्षा और स्थिरता सुनिश्चित करनी चाहिए। ईरानी परमाणु कार्यक्रम के बारे में अरेफ़ ने कहा कि उन्होंने हमेशा बातचीत के माध्यम से अपनी परमाणु गतिविधियों के लिए विश्वास बनाने की कोशिश की है लेकिन कुछ पश्चिमी देश इसे एक राजनीतिक मुद्दे में बदल रहे हैं। रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की सराहना करते हुए आपसी निरंतर एवं रचनात्मक राजनयिक संपर्कों पर प्रकाश डाला और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यटन में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

■ रूसी प्रधानमंत्री ने पिछले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि की

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:-प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108